Page 11



हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, मघा, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • शुक्रवार • 20 दिसम्बर 2024 • वर्ष 27 • अंक 13 • पृष्ठ 12



खेल

**कोच राजकुमार शर्मा ने किया कान्फर्म : भारत जल्दी ही छोड़ देंगे विराट कोहली**

देश

**वहीं पुरानी सोच, अमित शाह के बयान पर भीमराव आंबेडकर के पोते का भी...**


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹77,130 | ₹91,500 |

## आज का इतिहास

- **1885 :** आधुनिक भारत के दिग्गज हिंदी कवि और लेखकों में से एक भारतेंदु हरिश्चंद्र का निधन हुआ।
- **1947 :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने भारत का विभाजन का विभाजन स्वीकार किया।

## न्यूज बाइट्स

### बहरीन में भारतीय दूतावास ने 28 भारतीय मछुआरों को स्वदेश भेजा

**नई दिल्ली (ए.)।** बहरीन में भारतीय दूतावास ने बुधवार को कहा कि हाल ही में हिरासत से मुक्त किये गये 28 भारतीय मछुआरों को स्वदेश वापस भेजा जा रहा है, भारतीय दूतावास उनको कानूनी सहायता और भारत यात्रा की सुविधा प्रदान कर रहा है।

### सीएम ने महेन्द्र मलंगिया को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिलने पर दी बधाई

**पटना (नि.सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सुप्रसिद्ध मैथिली साहित्यकार महेन्द्र मलंगिया को वर्ष 2024 का साहित्य अकादमी पुरस्कार मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये शुभकामनायें दी हैं। श्री कुमार ने गुरुवार को अपने शुभकामना संदेश में कहा कि यह बिहार के लिये बेहद गौरव की बात है। बिहार के सपूत को मैथिली साहित्य में साहित्य अकादमी पुरस्कार मिलना नई पीढ़ी को प्रेरणा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि बिहार से ताल्लुक रखने वाले रचनाकार की इस उपलब्धि पर सम्पूर्ण बिहारवासियों को गर्व है।

### जनता को सुलभ और अत्याधुनिक सुविधा प्रदान करना सरकार का लक्ष्य : शीला मंडल

**पटना (नि.सं.)।** बिहार की परिवहन मंत्री शीला मंडल ने गुरूवार को कहा कि आम जनता को सुलभ और अत्याधुनिक सुविधा प्रदान करना सरकार का लक्ष्य है। जनता दल यूनाईटेड (जदयू) प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को आयोजित सुनवाई कार्यक्रम में परिवहन मंत्री शीला मंडल प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुई एवं उनके त्वरित समाधान के लिये उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

### चिराग ने सभी जिला प्रभारी और सह प्रभारी को हटाया

**पटना (नि.सं.)।** विधानसभा चुनाव से पहले चिराग पासवान ने अपनी पार्टी लोजपा (आर) के बिहार के अपने सभी जिला प्रभारियों और सह प्रभारियों को गुरुवार को हटा दिया। इसके पीछे विधानसभा चुनाव की रणनीति बताई जा रही है। पार्टी के अंदर इस ऑपरेशन को चिराग पासवान के जीजा और जमुई सांसद अरुण भारती लीड कर रहे हैं।

# बिहार बिजनेस कनेक्ट में एक लाख करोड़ के एमओयू पर सहमति

### सीएम की मौजूदगी में आज होगा साइन, 350 कंपनी ने एमओयू के लिए कंफर्म कर दिया



निज संवाददाता | पटना

बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 के जरिए राज्य में निवेश की बहार आ गई है। पटना में आयोजित इस समारोह के पहले दिन राज्य में एक लाख करोड़ रुपये के निवेश पर सहमति बनी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में शुक्रवार को 350 कंपनियों के इन निवेश प्रस्तावों के समझौते पत्र पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इन कंपनियों ने संबंधित विभागों को लेटर ऑफ इंटेंट (एलओई) दे दिया है। खाद्य प्रसंस्करण, आईटी, विनिर्माण, सीमेंट उद्योग, विवरेज, पर्यटन आदि क्षेत्रों में निवेश करने की इच्छा देश-विदेश के निवेशकों ने जताई है। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने गुरुवार को कहा कि इस बार एक लाख करोड़ से ज्यादा निवेश प्रस्ताव के एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे। पिछले वर्ष 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव पर हस्ताक्षर हुए थे। बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 के तहत निवेशक सम्मेलन का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा और उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने किया। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाली कंपनियों में वे कंपनियां भी शामिल हैं, जिनके औद्योगिक इकाई पहले से राज्य में स्थापित हैं। ऐसी कंपनियां प्रदेश में अपने उद्योग का विस्तार करना चाहती हैं। आईटी सेक्टर की विभिन्न कंपनियों ने 4 हजार करोड़ से अधिक निवेश के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर भी कर दिया है। पर्यटन क्षेत्र के चार प्रस्ताव हैं। निवेशक सम्मेलन के पहले दिन 6 सत्र आयोजित हुए। इस दौरान श्रम, आईटी, ऊर्जा से संबंधित नीतियों की जानकारी निवेशकों को दी गई। शुक्रवार को प्रमुख 80 कंपनियों के साथ राउंड टेबल चर्चा होगी। उसके बाद मुख्यमंत्री की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे।

### 10 हजार एकड़ जमीन का अधिग्रहण करेगी सरकार : सम्राट चौधरी

डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने घोषणा की है कि राज्य में नए औद्योगिक क्षेत्रों का विकास होगा। इसके लिए सरकार द्वारा अगले वित्तीय वर्ष में 10 हजार एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मौजूदा वित्तीय वर्ष में औद्योगिक क्षेत्र बनाने के लिए 8000 एकड़ भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है। उपमुख्यमंत्री ने ये बातें गुरुवार को पटना में आयोजित दो दिवसीय निवेशक सम्मेलन के पहले दिन गुरुवार को कहीं। उन्होंने कहा कि मौजूदा वित्तीय वर्ष में अधिकारियों द्वारा 8000 एकड़ की भूमि का अधिग्रहण राज्य के अलग-अलग हिस्सों में किया गया। सरकार अब 10 हजार एकड़ की अतिरिक्त भूमि का अधिग्रहण करने की तैयारी कर रही है। सम्राट ने आगे कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक इको-सिस्टम विकसित किया गया है। राज्य सरकार के अलावा केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार भी बिहार के विकास के लिए तेजी से काम कर रही है। बिहार के 10 जिलों को हवाई सेवा से जोड़ने की योजना पर काम हो रहा है। इसके अलावा चार एक्सप्रेसवे भी बनाए जा रहे हैं, जो बिहार के औद्योगिक विकास के लिए गेमचेंजर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भारत और बिहार दोनों ही स्वर्णिम दौर से गुजर रहे हैं। राज्य के दूसरे डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने इस समिट में कहा कि बिहार के बिना देश का विकास अधूरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में जमकर औद्योगिक विकास हो रहा है।

# 'हमारा बिहार हमारी सड़क' मोबाइल एप लॉन्च

### ऐप से ग्रामीण यातायात में होगा सुधार : नीतीश कुमार

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को 'हमारा बिहार हमारी सड़क' मोबाइल एप लॉन्च किया है। इस एप के माध्यम से लोग अब खराब सड़क समेत अन्य समस्याओं की रिपोर्ट सीधे संबंधित अधिकारियों को भेज सकेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में सड़कों की देखभाल और मेंटेनेंस में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना है। यह एप पूरे बिहार में उपलब्ध होगा। लोगों को आसानी से सड़क संबंधी समस्याओं को साझा करने का एक प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा। इससे 63,000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों के बारे में जानकारी मिलेगी। इस एप में यूजर्स अपने प्रखंड की सड़कों का चयन कर सकते हैं। गड्ढे और अन्य समस्याओं की रिपोर्ट फोटो के साथ दे सकते हैं। शिकायत दर्ज करने के बाद संबंधित अधिकारी उस समस्या का समाधान तय समय में करेंगे। समाधान होने के बाद भी एप के माध्यम से अपडेट किया जाएगा। इससे ग्रामीण सड़कों के मेंटेनेंस में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। लोकार्पण कार्यक्रम में ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, बिहार के मुख्य सचिव भी मौजूद रहे।



## मुख्यमंत्री ने 6659 खेल मैदान के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

निज संवाददाता | पटना

बिहार में खेल और इससे संबंधित बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 6659 खेल मैदान के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। श्री कुमार ने गुरुवार को यहां एक, अणे मार्ग स्थित संकल्प से ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 5671 ग्राम पंचायतों में 6659 खेल मैदान के निर्माण कार्य का रिमोट के माध्यम से शुभारंभ किया। ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) योजना के तहत राज्य के सभी 38 जिलों के 533 प्रखंडों के 5671 ग्राम पंचायतों में प्रथम चरण में 6659 खेल मैदानों के निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है, जिसमें कुल 63,827.35 लाख रुपये की राशि सन्निहित है। खेल मैदान निर्माण कार्य में अनुमानित 41 लाख मानव दिवस का सृजन होगा।

### सीएम ने 43 बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को परिवहन विभाग की 43 डीलक्स बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री कुमार ने गुरुवार को यहां एक, अणे मार्ग से परिवहन विभाग की 43 डीलक्स बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इससे पहले डीलक्स बस का निरीक्षण किया और बस में दी जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली।

## आईआरसीटीसी ने शुरू की भारत गौरव ट्रेन, यात्रियों को मिलेगा पैकेज में 33 फीसदी छूट, छह जनवरी को पटना से खुलेगी ट्रेन

निज संवाददाता | पटना

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) ने भारत गौरव ट्रेन की शुरुआत की है, जिसके तहत यात्रियों को विशेष पैकेज के साथ आकर्षक छूट दी जा रही है। यह ट्रेन 5 जनवरी को ओडिशा के झासुगुडा से रवाना होकर 6 जनवरी की सुबह पटना पहुंचेगी, और सुबह 10 मिनट बाद फिर यात्रा शुरू होगी।

आईआरसीटीसी के संयुक्त महाप्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि इस यात्रा का पैकेज कोड ईजेडबीजी20 है। यात्रा में सफर करने वाले यात्रियों को सुबह की चाय, नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात का खाना प्रदान किया जाएगा, साथ ही बोगी में पूरी सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। सभी कोच में टूर स्कॉर्ट और सुरक्षा के समुचित इंतजाम होंगे। इस पैकेज के तहत यात्रियों को उज्जैन, ओंकारेश्वर, महाकालेश्वर, सोमनाथ ज्योतिलिंग, द्वारका के द्वारिकाधीश मंदिर, नागेश्वर ज्योतिलिंग, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, शिरडी और नासिक के त्रयंबकेश्वर ज्योतिलिंग के दर्शन केवल 24,330 रुपये प्रति व्यक्ति में मिलेंगे। यह यात्रा कुल 12 रात और 13 दिन की होगी। इसके अलावा, हेल्पलाइन नंबर 8595937731 और 8595937732 के माध्यम से यात्रा से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctctourism.com पर भी बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही, आईआरसीटीसी द्वारा पटना ब्रांच ऑफिस से 'देखो अपना देश' योजना के तहत 'जन्नत ए काश्मीर' हवाई यात्रा की भी शुरुआत की जाएगी, जिसमें यात्री 5 रात और 6 दिन की यात्रा में कश्मीर की वादियों का आनंद ले सकते हैं। यह यात्रा 20 मार्च से शुरू होगी और इसकी यात्रा शुल्क 41,150 रुपये प्रति व्यक्ति निर्धारित की गई है।

## अब तीन के बजाये पांच बार होगी सक्षमता परीक्षा : मुख्यमंत्री

निज संवाददाता | पटना



पटना स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय के कैबिनेट हॉल में गुरुवार की शाम पांच बजे नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें 43 महत्वपूर्ण एजेंडों पर मुहर लगाई गई। इस बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। जिसमें महत्वपूर्ण फैसलों में विशिष्ट शिक्षक नियमावली में बदलाव करते हुए अब तीन के बजाय पांच बार कराने पर मंजूरी दी गई। इसके साथ ही निर्णय प्रखंड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के 459 नए पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। इसके अतिरिक्त, कैबिनेट ने कई अन्य महत्वपूर्ण फैसलों को भी मंजूरी दी है, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ी परियोजनाओं के बारे में अहम निर्णय शामिल है। इन फैसलों का उद्देश्य राज्य के विकास को गति देना और नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है। सीएम नीतीश कुमार की कैबिनेट से विशिष्ट शिक्षक नियमावली को स्वीकृति मिल गई है। बिहार में अब 3 की जगह 5 सक्षमता परीक्षा होगी। बिहार में कुल नियोजित शिक्षकों की संख्या 3 लाख 39 हजार 143 है। जिसमें से सक्षमता वन में 1 लाख 87 हजार 818 शिक्षक पास हुए हैं। सक्षमता टू में 65 हजार 716 शिक्षक पास हुए थे। वहीं अभी 85 हजार 609 शिक्षक बचे हुए हैं। ये अब सक्षमता थ्री की परीक्षा देंगे। अगर कोई टीचर राजनीति के चक्कर में स्कूल का माहौल बिगड़ने की कोशिश करता है, तो उसको उस विद्यालय से ट्रांसफर अलग ब्लॉक में किया जाएगा। ऐसी स्थिति में जिले से भी बाहर उस शिक्षक का ट्रांसफर किया जा सकता है।

### बिहार में 2500 आंगनबाड़ी केंद्रों का होगा भवन निर्माण

सीएम नीतीश कुमार ने बिहार में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए भवन निर्माण के प्रस्ताव पर भी मुहर लगा दी है। राज्य में 2500 आंगनबाड़ी केंद्र के भवन निर्माण के लिए 300 करोड रुपए की लागत आएगी। इसमें नाबार्ड से 255 करोड़ एवं राज्य योजना मत से 45 करोड रुपए के व्यय की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा पटना सर्किट हाउस में अतिरिक्त कमरों के निर्माण के लिए 34 करोड़ 26 लाख रुपए की तकनीकी प्राक्कलन पर प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।

## पारा मेडिकल पाठ्यक्रमों की काउंसलिंग प्रक्रिया में बदलाव

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार के पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए आयोजित डीसीईसीई (पीएम)-2024 के राउंड-1 और राउंड-2 काउंसलिंग को तकनीकी कारणों से रद्द कर दिया गया है। इसके साथ ही इन काउंसलिंग के आधार पर किए गए सभी नामांकन भी अमान्य घोषित कर दिए गए हैं। अब इस प्रक्रिया को फिर से संचालित करने के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। परिषद ने सभी पात्र अभ्यर्थियों को निर्देश दिया है कि वे वेबसाइट पर जाकर अपने खाते में लॉगिन करें और संशोधित अस्थायी सीट आवंटन आदेश डाउनलोड करें। आवंटित रिपोर्टिंग केंद्र पर 20 दिसंबर 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक अपने सभी मूल दस्तावेज और नामांकन रसीद लेकर उपस्थित हों। दस्तावेज़ सत्यापन और नामांकन की प्रक्रिया इसी दौरान पूरी करनी होगी।

संशोधित राउंड-1 सीट आवंटन से असंतुष्ट अभ्यर्थी राउंड-2 काउंसलिंग में अपग्रेडेशन के लिए अपनी इच्छा व्यक्त कर सकते हैं। हालांकि, जो अभ्यर्थी राउंड-1 के तहत निर्धारित तिथि तक दस्तावेज़ सत्यापन नहीं कराएंगे, उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा और उनकी सीट रद्द कर दी जाएगी। ऐसे अभ्यर्थी राउंड-2 काउंसलिंग में भी भाग लेने के पात्र नहीं होंगे।

संस्थान भी निर्देशित किए गए हैं कि वे काउंसलिंग रद्द होने की सूचना अभ्यर्थियों को उनके मोबाइल नंबर पर भेजें और 26 दिसंबर 2024 तक सभी मूल प्रमाण पत्र लौटाने की प्रक्रिया पूरी करें। अभ्यर्थियों को इसके लिए परिषद कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

यदि किसी अभ्यर्थी को संशोधित सीट आवंटन में नया संस्थान मिलता है, तो वह अपने पहले के संस्थान से मनी रसीद और सभी दस्तावेज़ प्राप्त कर नई सीट पर सत्यापन कराएगा। यह कदम पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। सभी संबंधित अभ्यर्थियों और संस्थानों से इस नई प्रक्रिया का पालन करने का अनुरोध किया गया है।

## सहकारिता विभाग द्वारा राजस्तरीय धान अधिप्राप्ति की समीक्षा

निज संवाददाता | पटना



मंत्री डा. प्रेम कुमार द्वारा अधिप्राप्ति के डेढ़ माह पश्चात, मात्र 10% के आसपास धान क्रय किए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। उन्होंने शेष अवधि में अधिप्राप्ति लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों और प्रयासों का निर्देश दिया। पूर्वी और पश्चिमी चंपारण की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि धान अधिप्राप्ति हेतु चयनित समितियों और सक्रिय समितियों में बड़ा अंतर है। इन निष्क्रिय समितियों के कारण दोनों जिलों में धान क्रय की गति राज्यस्तरीय औसत से काफी कम रही है। जिला सहकारिता अधिकारियों द्वारा बताया गया कि नवनिर्वाचित पैक्सों में कोरम की कमी और आंतरिक गतिरोध के कारण समितियाँ सक्रिय नहीं हो पा रही हैं। मंत्री ने इन समस्याओं के समाधान और वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

राज्य में सुपौल जिला द्वारा अधिप्राप्ति में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की सराहना की गई है, और सुपौल द्वारा चावल आपूर्ति भी शुरू कर दी गई है। मंत्री ने अन्य जिला सहकारिता अधिकारियों को सुपौल की कार्यप्रणाली के आधार पर अपनी अधिप्राप्ति गति तेज करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिया गया कि वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 32 हजार मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति हो रही है, जिसे बढ़ाकर औसतन 75 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी पर ही निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। मंत्री ने किसानों की शिकायतों का त्वरित निवारण करने का निर्देश दिया।






### जनवरी-फरवरी में 2 बार आएगी कोल्ड वेव, अच्छी होगी दलहन की फसल

# दिसंबर में नहीं पड़ेगी कड़ाके की ठंड, तापमान रहेगा सामान्य

निज संवाददाता | पटना



दिसंबर महीने के 19 दिन बीत गए, लेकिन कड़ाके की ठंड अब तक महसूस नहीं हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, आने वाले दिनों में भी कड़ाके की ठंड नहीं पड़ेगी। इस दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य ही रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 8 से 12 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 18 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जाएगा। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक आशीष कुमार ने बताया कि अगले 7 दिनों तक के लिए पूर्वानुमान जारी किया गया है। इसके अनुसार राज्य के सभी जिलों में मौसम शुष्क ही रहेगा। दिसंबर महीने में कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना नहीं है। इसकी वजह है कि पश्चिमी विक्षोभ मजबूत नहीं है।

अगर किसी स्थान पर लगातार दो दिनों तक न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम और अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया जाता है तो मौसम विज्ञान केंद्र वहां 'कोल्ड डे' घोषित करती है। जबकि, शीतलहर यानी कोल्ड वेव उस हवा को कहते है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज होने के साथ-साथ ठंड बढ़ जाती है। जब किसी स्थान पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम और अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री कम हो जाता है, तब कोल्ड वेव की स्थिति बनती है।

पश्चिमी विक्षोभ पर ठंड निर्भर करती है। लेकिन मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, अब तक राज्य में मजबूत पश्चिमी विक्षोभ नहीं बनने से कड़ाके की ठंड नहीं पड़ रही है। जब पश्चिमी विक्षोभ आता है तो उसके प्रभाव से पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी होती है। वहां से ठंडी पछुआ हवा आती है तो अपने साथ ठंड लेकर आती है। इस साल पश्चिमी विक्षोभ कमजोर रहने के कारण बर्फबारी कम हो रही है। पिछले साल 2023 में भी कुछ ऐसी ही स्थिति थी। राज्य में 15 दिसंबर के बाद ही कड़ाके की ठंड पड़ी थी। दूसरा कारण: मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, ला नीना के असर से इस साल देश में अधिक सर्दी पड़ने का पूर्वानुमान है। हालांकि, इसका असर बिहार में अभी बिल्कुल नहीं दिख रहा है। उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवा भी नहीं चल रही है। पछुआ भी नहीं चल रही। इस वजह से ठंड नहीं पड़ रही है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### स्वाभिमान पार्टी का राजनीति सम्मेलन 22 को

**गया**। शहर के चंद्रशेखर जनता कॉलेज में 22 दिसंबर को स्वाभिमान पार्टी के बैनर तले वैकल्पिक राजनीति सम्मेलन का आयोजन होगा। इस सम्मेलन में 14 प्रदेशों से पार्टी के नेता व सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसका उद्देश्य जात-पात से ऊपर उठ कर स्वच्छ राजनीति करना हैं। ये बातें बुधवार को जीबी रोड कॉर्नर अनुग्रह नारायण रोड स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान स्वाभिमान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कौशलेन्द्र नारायण ने कहीं। उन्होंने बताया कि आज देश भीषण परिस्थितियों से घिरता जा रहा है। राजनैतिक दलों, राजनेताओं, नौकरशाहों और थैलीशाहों ने लोकतंत्र को लूट तंत्र, गिरोह तंत्र, कॉकस तंत्र में तब्दील कर दिया है। भ्रष्टाचार ने सारी सीमाएं लांघ दी है। राजनीति केवल सत्ता हथियाने का साधन बन गई है। दलों के अध्यक्ष की कार्यशैली भी मैनेजिंग डायरेक्टर की तरह हो चुका है जो अपने कार्यकर्ताओं को अपना कर्मचारी समझते है। स्वाभिमान पार्टी ने क्राइम, करप्शन, कमीशन और कॉकश पर प्रहार करते हुए कास्ट की राजनीति का बंटाधार करने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलजुल कर वैकल्पिक राजनीति की दिशा पर विचार करना चाहिए। इसके पूर्व उन्होंने कहा कि 21 नंवबर को पंचायती अखाड़ा स्थित उदासीन संगत में एक राष्ट्रव्यापी बैठक होगी। इस बैठक में देश के प्रमुख साधु-संत शामिल होंगे, जो पार्टी को एक नई दिशा देने का काम करेंगे। इस मौके पर कृष्णा प्रसाद वैश्यकियार, शैलेश कनेड़ी, महिला स्वाभिमान की सब्या पांडे, गीता देवी, विकास कुमार, राजेश गुप्ता, मुन्ना प्रसाद, शिशुपाल कुमार आदि मौजूद थे।

### महिला शराब विक्रेता के साथ चार नशेड़ी गिरफ्तार

**टनकुप्पा**। थाना क्षेत्र के दो स्थानों से पुलिस ने छापेमारी कर एक महिला शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया, साथ ही चार नशेड़ियों को भी पुलिस ने पकड़ा है। टनकुप्पा थाना के एएसई रामेश्वर पाण्डेय ने बताया कि सैदपुर गांव से संगीता देवी को पांच लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। वहीं दो शराबी बुधन यादव व पप्पु पासवान को शराब पीते पकड़ा गया। इसके अलावे महेर गांव मुख्य सड़क पर नशे की हालत में गौतम कुमार व अशोक कुमार को गिरफ्तार किया गया। सभी को बुधवार को जेल भेज दिया गया है।

### जीविका दीदियों ने आग पर काबू की तकनीक सीखीं

**राजगीर**। बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति आवासीय प्लस टू विद्यालय और अनुमंडल अस्पताल राजगीर के अंतर्गत जीविका दीदी की रसोई में बुधवार को अग्निशमन मॉक ड्रिल, फायर ऑडिट एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी रविंद्र राम, आजीविका विशेषज्ञ नित्यानंद कुमार, प्राचार्य डा. राजीव रंजन, अग्निक मनीष कुमार, विनय कुमार, वीरेंद्र कुमार आदि की देखरेख आयोजित किया गया। इस अवसर पर आजीविका विशेषज्ञ ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य जीविका दीदियों और अन्य कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग और आपातकालीन स्थितियों में आग से बचाव की उपायों की जानकारी देनी थी। मॉक ड्रिल के सभी जीविका दीदियों को आग लगने की स्थिति में उचित कदम उठाने की प्रक्रिया समझाई गई। अग्निशमन दल के विशेषज्ञों ने उन्हें आग बुझाने के उपकरण फायर एक्सटिंग्विशर को सक्रिय करना, उपयोग करना और आग पर काबू पाने की तकनीक सिखाई। दीदियों ने अपने हाथों से फायर एक्सटिंग्विशर का उपयोग कर आग बुझाने का अभ्यास किया।

### विधायक ने किया बांकेबाजार के कई गांवों का दौरा



**बांकेबाजार**। इमामगंज विधानसभा क्षेत्र की विधायक दीपा मांझी उपचुनाव जीतने के बाद बांकेबाजार प्रखंड के दर्जनों गांवों का दौरा किया। दौरा के क्रम में वे तिलैया, डुमरावा, मंगुराचक, पचमह, गोविंदपुर, विशुनपुर, ढोली, खैरा, जमुआरा कलां सहित दर्जनों गांव पहुंची और ग्रामीणों की समस्याओं से रू-ब-रू हुई। मौके पर एकराम खान, अजमत खान, रामबरन प्रसाद, विनेश पासवान, तारानाथ प्रसाद, रूबी देवी, कमल किशोर मांझी, मुसाफिर पासवान व नरेंद्र सिंह दांगी आदि मौजूद थे।

### गांवों में नुक्कड़ नाटक कर सुधा अनरसा का प्रचार




**गया**। जिले के अतरी विधानसभा क्षेत्र के खिजरसराय, सरबहदा, हुलासगंज व अतरी बाजार में बुधवार को मगध दुग्ध उत्पादन संघ सुधा डेयरी के बैनर तले नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों ने सुधा अनरसा के लिए प्रचार-प्रसार किया। नेतृत्व सेल्स अधिकारी मनोज कुमार ने किया। इस बीच श्री कुमार ने बताया कि पहली बार पूरे बिहार में सुधा अनरसा को लांच किया गया है। अधिक से अधिक लोग इसकी खरीदारी करे, इसे लेकर इसका प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस मौके पर विपणन कार्यपालक सागर कुमार, पथ पर्यवेक्षक त्रिभुवन कुमार, क्षेत्र के वितरक जय गोविंद शर्मा आदि मौजूद थे।

### मगध विश्वविद्यालय बोधगया में एसबीएएन कॉलेज लारी के प्राचार्य का पुतला फूंका

**बोधगया**। मगध विश्वविद्यालय मुख्यालय में एसबीएन कॉलेज लारी के प्राचार्य डॉ मेघन प्रसाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन एवं उनका पुतला दहन किया गया। मगध विश्वविद्यालय छात्र जदयू अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा के नेतृत्व में यह किया गया। इस मौके पर श्री कुशवाहा ने कुलपति एवं प्रतिकुलपति को ज्ञापन सौंपने के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार के नियमानुसार सभी सरकारी महाविद्यालय में एससी एसटी छात्र एवं समस्त वर्ग की छात्राओं का नामांकन शुल्क नहीं लेना है।



मगध विश्वविद्यालय के अंदर जितने भी महाविद्यालय हैं, सभी महाविद्यालय में शुल्क माफ है। परंतु एसबीएएन कॉलेज लारी के प्राचार्य ने बिहार सरकार के गाइडलाइन एवं मगध विश्वविद्यालय के आदेश की अवहेलना करते हुए एससी एसटी के छात्र एवं समस्त वर्ग की छात्राओं से नामांकन के नाम पर 3000 से 3400 तक की राशि वसूल रहे हैं। इन तमाम मुद्दों से अवगत कराते हुए श्री कुशवाहा ने एसबीएन कालेज के प्राचार्य को अविलंब बर्खास्त करने की मांग की। इस मौके पर मगध विश्वविद्यालयों उपाध्यक्ष रोशन कुशवाहा, महासचिव एवं आईक्यूसेल मेंबर शिवशक्ति सिंह, प्रवक्ता प्रीति यादव, अनिल यादव, गया कॉलेज अध्यक्ष कुंदन दांगी, प्रेम कुमार , सत्य मौर्या, प्रिंस कुमार, राहुल पंडित, चंद्रगुप्त ,सौरभ, अमित, राहुल प्रजापति सहित अन्य उपस्थित थे।

### राजगीर महोत्सव में लगेगा ग्राम श्री मेला, जम्मू-कश्मीर का पशमीना शॉल भी होगा

# शिल्पकार हस्तशिल्प और हस्तकला के नमूने पेश करेंगे

निज संवाददाता। नालंदा




राजगीर महोत्सव 2024 में 21 से 27 दिसंबर तक आयोजित ग्राम श्री मेला में देश के विभिन्न राज्यों के शिल्पकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इस मेले में देश के कोने-कोने से शिल्पकार अपने हस्तशिल्प और हस्तकला के नमूने पेश करेंगे। इस मेले में जम्मू-कश्मीर का पशमीना शॉल, उत्तराखंड के जैकेट और लोही चादर, असम के बांस के उत्पाद, झारखंड के अचार, पापड़ और हैंडलूम उत्पाद, हरियाणा की चप्पल और पंजाबी जूती, गुजरात की बेडशीट, दिल्ली के रेडीमेड कपड़े, पश्चिम बंगाल के कैटलेरी, उत्तर प्रदेश के कंबल, हर्बल उत्पाद और वीविंग फैब्रिक, मध्य प्रदेश के चूरन सुपारी, छत्तीसगढ़ के हैंडलूम, महाराष्ट्र के कुकवेल और बिहार के राजस्थानी जूती, वुडेन बेट, ज्वेलरी, मधुबनी पेंटिंग, अचार पापड़, किचन वेयर, खिलौने और कैटलेरी जैसे उत्पाद लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे।

**भारतीय हस्तशिल्प की समृद्ध विरासतः** यह मेला भारतीय हस्तशिल्प और कारीगरी की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करेगा। यहां पर आने वाले शिल्पकार अपनी पारंपरिक कला और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस मेले के माध्यम से स्थानीय लोगों को विभिन्न राज्यों की कला और संस्कृति के बारे में जानने का मौका मिलेगा। यह मेला शिल्पकारों के लिए अपने उत्पादों को बेचने का एक अच्छा मंच साबित होगा। इस मेले में शिल्पकारों को अपने उत्पादों को बेचने के लिए स्टॉल लगाने का मौका मिला है। राजगीर महोत्सव में आयोजित ग्राम श्री मेला में लोगों को भारतीय हस्तशिल्प और कारीगरी की समृद्ध विरासत से रूबरू कराएगा।

# परीक्षार्थियों के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

निज संवाददाता। गया



रेलवे भर्ती बोर्ड की टेक्नीशियन पद की परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर। कोडरमा, गोमो, धनबाद और बोकारो के रास्ते गया और रांची के बीच परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन 03640-03639 नंबर से चलेगी और इसमें साधारण श्रेणी के 14 कोच होंगे। गया से रांची का सफर (03640) गया-रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन 19, 22, 23, 25, 26, 27, 28 और 29 दिसंबर को चलेगी। ट्रेन गया से दोपहर 2:45 बजे प्रस्थान करेगी और रांची रात 11 बजे पहुंचेगी। रास्ते में यह ट्रेन कोडरमा (3:55), हजारीबाग रोड (4:28), पारसनाथ (4:50), नेसुब गोमो (5:30), धनबाद (6:30), कतरासगढ़ (7:15), चंद्रपुरा (7:58), बोकारो स्टील सिटी (8:35) और मुरी (9:40) पर रुकेगी।

**रांची से रात 12:30 बजे चलेगीः** रांची से गया की वापसी (03639) ट्रेन 21, 23, 24, 26, 27, 28, 29 और 31 दिसंबर को होगी। रांची से रात 12:30 बजे चलेगी।

यह सुबह 8:30 बजे गया पहुंचेगी। ट्रेन मुरी (1:30), बोकारो स्टील सिटी (2:50), चंद्रपुरा (3:35), कतरासगढ़ (4:10), धनबाद (4:50), नेसुब गोमो (5:35), पारसनाथ (5:55), हजारीबाग रोड (6:18) और कोडरमा (6:50) पर रुकेगी। मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र इस ट्रेन से समय पर अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। रेलवे ने छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया है। अधिक जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट या स्थानीय स्टेशन से संपर्क कर सकते हैं।

## नालंदा पुलिस ने 6 साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा पुलिस साइबर अपराधियों के एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 12 मोबाइल फोन, 12 एटीएम कार्ड और 2 मोटरसाइकिल बरामद की गई है। गिरोह के सभी सदस्य 'X' (पूर्व ट्विटर) के हैक किया गया या अधिक फॉलोअर्स वाले अकाउंट को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बेचने का काम करते थे। साइबर डीएसपी जयोति शंकर ने बताया कि अधीक्षक नालंदा के निर्देशानुसार साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इस गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। गिरोह के सदस्य 'X' के ऐसे अकाउंट्स को हैक करते थे। जिनके फॉलोअर्स की संख्या काफी अधिक होती थी। इसके बाद वे इन अकाउंट्स को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बेचते थे। इन अकाउंट्स की खरीद-फरोख्त क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से की जाती थी। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान मिथिलेश कुमार नालंदा, चंदन कुमार नालंदा , सुरज कुमार जहानाबाद, पिन्टू कुमार जहानाबाद, राहुल कुमार भान नालन्दा और अंकित नयन पटेल रांची के रूप में की गई है। इस मामले में नालंदा साइबर थाने की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम में अफसर हुसैन,अमरेन्द्र कुमार, अभिनव कुमार दुबे, सद्दाम हुसैन खान और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई से साइबर अपराधियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर सावधानी बरतें और किसी भी अनजान व्यक्ति या लिंक पर क्लिक न करें।

## राजगीर महोत्सव, सजावट और प्रकाश व्यवस्था पर मिलेगा पुरस्कार, होटलों और निजी भवनों का होगा सर्वेक्षण

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा जिले के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने राजगीर महोत्सव 2024 के अवसर पर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिसमें होटलों और निजी भवनों को उनकी उत्कृष्ट सजावट और प्रकाश व्यवस्था के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से गठित एक विशेष समिति विभिन्न मानकों के आधार पर होटलों और निजी भवनों का सर्वेक्षण करेगी। *होटलों के लिए प्रथम पुरस्कार में 10,000, द्वितीय 7,000 और तृतीय 5,000 पुरस्कार दिया जाएगा। इन पुरस्कारों के साथ विजेताओं को सम्मानित करने के लिए मोमेंटो भी प्रदान किए जाएंगे। निजी भवनों के लिए प्रथम पुरस्कार में 10,000, द्वितीय मे 7,000 और तृतीय में 5,000 मिलेंगे। सांत्वना पुरस्कारः 7 प्रतिभागियों को मिलेगा। एक को 3 हजार रुपए दिए जाएंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य राजगीर महोत्सव को और अधिक आकर्षक और भव्य बनाना है। जिलाधिकारी का मानना है कि यह प्रतिस्पर्धा स्थानीय होटल मालिकों और निवासियों में एक सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देगी। समिति विभिन्न मापदंडों जैसे... प्रकाश व्यवस्था, सजावट, साफ-सफाई और समग्र प्रस्तुति के आधार पर निर्णय लेगी। महोत्सव के दौरान चुने गए सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। राजगीर महोत्सव 2024 के अवसर पर महिला महोत्सव "जहां नारी, वहां विजय" कार्यक्रम में नृत्य, गायन, क्विज, डिसीजन मेकिंग, कुकिंग, फैंसी ड्रेस, मेहंदी, रैंप वॉक, नाटक का आयोजन दिनांक 21 दिसंबर से 23 दिसंबर तक 10:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक स्टेट गेस्ट हाउस मैदान, राजगीर में निर्धारित है। राजगीर महोत्सव 2024 के अवसर दिनांक 22 एवं 23 दिसंबर 2024 को सिद्धार्थ होटल राजगीर के सामने मैदान में कुश्ती/दंगल प्रतियोगिता में बिहार के अलावा हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों के पहलवान भाग लेंगे ।

## अधिग्रहण से रैयतों पर पड़ने वाले सामाजिक आर्थिक प्रभाव का किया जा रहा है आकलन

**सिलाव** । बौद्ध सर्किट फोरलेन निर्माण को लेकर जिले में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी को लेकर अंचल कार्यालय में बुधवार को चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना द्वारा रैयतों के बीच जन सुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य भूमि अधिग्रहण से रैयतों पर सामाजिक और आर्थिक रूप से क्या प्रभाव पड़ेगा, इसका आकलन करना और अधिग्रहण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देना था। लेकिन शिविर में उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। न तो रैयत अपनी बात को सही से रख पाए और न ही आकलन करने आये दल की बात रैयत सुन सके। शिविर में आये रैयतों सिर्फ कोरम पूरा करने का आरोप लगाया।

## जिले में 2892 किसानों से 21976.179 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई

**गया** । कलेक्ट्रेट के सभागार में बुधवार को जिला टास्क फोर्स की बैठक डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में हुई। इसमें खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत पैक्स व व्यापार मंडलों द्वारा हो रहे धान अधिप्राप्ति कार्य की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया गया कि जिला अंतर्गत कुल 308 पैक्स व व्यापार मण्डलों द्वारा 15 नवंबर से धान अधिप्राप्ति का कार्य शुरू किया गया है। अधिप्राप्ति में 290 पैक्स और 18 व्यापार मंडल शामिल हैं। बताया कि अभी तक कुल 2892 किसानों से 21976.179 मीट्रिक टन धान की खरीददारी की गई है।

डीएम ने धान अधिप्राप्ति में संलग्न शत-प्रतिशत किसानों का भुगतान 48 घंटे के अंदर कराने का निर्देश प्रबंध निदेश, मगध सेंटल को. बैंक लिमिटेड, गया और सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को दिया। बताया गया कि गया जिला अंतर्गत धान अधिप्राप्ति कार्य के लिए ऑनलाइन आवेदन करनेवाले किसानों की कुल संख्या 37168 है। जिसमें 17546 रैयत किसान व 19622 गैर रैयत किसान हैं। ज़िले में धान अधिप्राप्ति के लिए 279 समितियां को क्रियाशील बनाया गया है। 18 मिल का चयन किया गया है। डीएम ने धान अधिप्राप्ति कार्य के लिए ऑनलाइन करने वाले किसानों की कम संख्या पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक किसानों को निबंधन करवाने को कहा।

छोटे किसानों से प्राथमिकता पर खरीदें धान बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि चयनित सभी समितियों को कैश क्रेडिट उपलब्ध कराया गया है। जिससे उन समितियों के द्वारा धान अधिप्राप्ति का कार्य किया जा रहा है। संबंधित समितियों द्वारा धान अधिप्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य की भी समीक्षा डीएम ने की। जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, गया ने राइस मिल सत्यापन की जानकारी देते हुए बताया कि 30 मिलों का सत्यापन किया जा चुका है।

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. एफ–वैगन–मैटमूवमेंट25, दिनांक 17.12.2024,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (वैगन), पूर्व रेलवे, जमालपुर वर्कशॉप, जिला–मुंगेर, बिहार–811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम :** लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर में कार्य की अनुसूची के अनुसार विभिन्न वैगन रिपेयर शॉप (डब्ल्यूआरएस–I, II, III, IV, V एवं सीबीएस) और वैगन कम्पोनेंट शॉप–I एवं II (डब्ल्यूसीएस–I एवं II) के बीच रिलीज सामग्री और जीर्णोद्धार की गई सामग्री का आवागमन। **कार्य स्थलः** लोकोमोटिव वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, जमालपुर, **निविदा मूल्यः** रु. 56,14,319.70, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु. 0.00, **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **बोली प्रारंभ होने की तिथि :** दिनांक 25.12.2024, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 08.01.2025 को 15.30 बजे। **समापन अवधिः** 24 माह। **विवरण यहाँ उपलब्ध हैः www.ireps.gov.in**
MISC-286/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व मध्य रेल
ई–नीलामी सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपध्याय मंडल द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के निम्रवत स्टेशनों के दर्शाए गये स्थान पर एटीएम मशीन लगाने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/अनुसूचित वाणिज्यिक भारतीय बैंकों/भारतीय सहकारी बैंकों /व्हाइट लेवल एटीएम सेवा प्रदाताओं से ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है :–
1. **AA**/1 कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में बुकिंग कार्यालय (UTS/PRS) के निकट एटीएम मशीन लगाने हेतु जगह पाँच वर्षो (1826 दिन) के लिए ई–नीलामी कैटेलॉट संख्या : ATM-DDU-25-01 ई–नीलामी लॉट संख्या : ATM-DDU-AUBR-Gen-9-23-1. ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 01.01.2025 को 10:00 बजे शुरू होगी और 10:30 बजे बंद होगी ।
**AA**/2 कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : पं दीन दयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में एटीएम मशीन लगाने हेतु जगह पाँच वर्षो (1826 दिन) के लिए । ई–नीलामी कैटेलॉट संख्या : ATM-DDU-25-01 ई–नीलामी लॉट संख्या : ATM-DDU-DDU-Gen-3-24-1. ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 01.01.2025 को 10:00 बजे शुरू होगी और 10:40 बजे बंद होगी ।
2. वेबसाइट का पता जहाँ ई – नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/ पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/01723/डीडीयू/वा./एन/24–25/44

पूर्व रेलवे
**हावड़ा मंडल के तहत पार्सल जगह को लीज पर देने के लिए ई–नीलामी**
**सं. : सीओएम/पार्सल/लीजिंग/लाँग टर्म ई–ऑक/एचडब्ल्यूएच/2024/पार्ट–III, दिनांक** 18.12.2024 **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक,** पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 02 यात्रीवाही ट्रेनों में 02 अदद एसएलआर के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट के ई–नीलामी माड्यूल के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न अहस्तांतरणीय नीलामी कैटलॉग **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। मौजूदा ई–नीलामी के लिए बोली ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से **www.ireps.gov.in** पर जमा की जाएगी। ई–नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों के लिए क्लास–III का डिजिटल हस्ताक्षर भी लेना आवश्यक है। **नीलामी कैटलॉग का विवरण: नीलामी कैटलॉग सं.:** पीसीएल–एचडब्ल्यूएच–एल24–12एफ। **ट्रेन :** 02 यात्रीवाही ट्रेनों में 02 अदद एसएलआर। **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 31.12.2024, 13.00 बजे।
HWH-494/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे
ई–नीलामी सूचना
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघरः झलझलिया, जिला मालदा, पिनः732102 (पश्चिम बंगाल), (नीलामी संचालन अधिकारी) द्वारा मालदा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर आउट ऑफ होम (ओओएच), रेलवे डिस्प्ले नेटवर्क (नॉन–डिजिटल एवं डिजिटल) नीति के अधीन विज्ञापन लॉट के लिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई–नीलामी सूची **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **ऑक्शन कैटलॉग नं.: एडीवीटी–एयूसीटी–01–20**
**मालदा मंडल के तहत आउट ऑफ होम (ओओएच) के लिए ई–नीलामी**
**क्रम सं., लॉट नं./कैटेगरी और स्टेशन** निम्नानुसार हैंः **एए/1,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएच–180–23–1, भागलपुर। **एए/2,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएच–171–23–1, भागलपुर। **एए/3,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएच–178–23–1, भागलपुर। **एए/4,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएच–173–23–1, भागलपुर। **एए/5,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएच–214–24–1, भागलपुर। **एए/6,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएच–169–23–1, भागलपुर। **एए/7,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएच–177–23–1, भागलपुर।
**मालदा मंडल के तहत रेल डिस्प्ले नेटवर्क (डिजिटल) के लिए ई–नीलामी**
**क्रम सं., लॉट नं./कैटेगरी और स्टेशन** निम्नानुसार हैंः **एबी/1,** एडीवीटी–एमएलडीटी–एमएलडीटी–ओएसडी–190–23–1, मालदा टाउन। **एबी/2,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएसडी–191–23–1, भागलपुर।
**मालदा मंडल के तहत रेल डिस्प्ले नेटवर्क (नॉन–डिजिटल) के लिए ई–नीलामी**
**क्रम सं., लॉट नं./कैटेगरी और स्टेशन** निम्नानुसार हैंः **एसी/1,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी –ओएसएन–209–24–1, भागलपुर। **एसी/2,** एडीवीटी–एमएलडीटी–जेएमपी–ओएसएन–162–23–1, जमालपुर। **एसी/3,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएसएन–215–24–1, भागलपुर। **एसी/4,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएसएन–150–22–1, भागलपुर। **एसी/5,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएसएन–149–22–1, भागलपुर। **एसी/6,** एडीवीटी–एमएलडीटी–एमएलडीटी–ओएसएन–195–23–1, मालदा टाउन। **एसी/7,** एडीवीटी–एमएलडीटी–एमएलडीटी–ओएसएन–196–23–1, मालदा टाउन। **एसी/8,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएसएन–207–24–1, भागलपुर। **एसी/9,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएसएन–151–23–1, भागलपुर। **एसी/10,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी –ओएसएन–147–22–1, भागलपुर। **एसी/11,** एडीवीटी–एमएलडीटी–जेएमपी–ओएसएन–163–23–1, जमालपुर। **एसी/12,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी –ओएसएन–211–24–1, भागलपुर। **एसी/13,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी –ओएसएन–143–22–1, भागलपुर। **एसी/14,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएसएन–216–24–1, भागलपुर। **एसी/15,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी –ओएसएन–213–24–1, भागलपुर। **एसी/16,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएसएन–145–22–1, भागलपुर। **एसी/17,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी –ओएसएन–148–22–1, भागलपुर। **नीलामी शुरूः** दिनांक 02.01.2025 को 11.45 बजे (प्रत्येक हेतु)। प्रत्याशित बोलीदाताओं को विस्तृत जानकारी के लिए आईआरईपीएस ई–ऑक्शन मॉड्यूल देखने का अनुरोध किया जाता है।
MLD-169/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व मध्य रेल
ई–नीलामी सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपध्याय मंडल द्वारा मंडल में प्राथमिक रखरखाव वाले यात्री ट्रेनों के प्रत्येक कोच में ट्रेन के मिरर, मध्य वर्थ और उपरी बर्थ की बीच की जगह और गेट (भीतरी तरफ) पर विनाइल स्टिकर लगाने हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है :–
1. AA/1 कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में प्राथमिक रखरखाव वाले यात्री ट्रेनों के प्रत्येक कोच में ट्रेन के मिरर, मध्य बर्थ और उपरी बर्थ की बीच की जगह और गेट (भीतरी तरफ) पर विनाइल स्टिकर लगाने हेतु 03 वर्षों के लिए। ई–नीलामी कैटेलॉट संख्या : HyB-DDU-25-01 ई–नीलामी की तिथि एवं समय : HyB-OnB-155029-24-1 ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 01.01.2025 को 11:00 बजे शुरू होगी और 11:30 बजे बंद होगी ।
2. वेबसाइट का पता जहाँ ई – नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/ पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/01720/डीडीयू/वा./एन/24–25/32

पूर्व रेलवे
**खुली ई–निविदा सूचना सं. : 168, 174–176–एमएलडीटी–24–25, दिनांक 18.12.2024 (पोर्शन सप्लाई एवं सिविल कार्य),** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर–झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं. 168–एमएलडीटी–24–25, कार्य का नाम :** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में वरिष्ठ मंडल अभियंता–II के कार्यक्षेत्र में एल्यूमिनो थर्मिट एसकेवी प्रोसेस और निरीक्षण द्वारा रेल जॉइंटों की वेल्डिंग के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 1,00,81,604.70, **क्रम सं. 2, निविदा सं. 174–एमएलडीटी–24–25, कार्य का नाम :** मालदा मंडल के विभिन्न स्टेशनों (89 स्टेशन) पर दिव्यांगजन यात्रियों के लिए सुविधाओं का प्रावधान (अमृत स्टेशनों को छोड़कर) । **निविदा मूल्यः** रु. 2,59,74,769.73, **क्रम सं. 3, निविदा सं. 175–एमएलडीटी–24–25, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/मालदा के कार्यक्षेत्र में सहायक अभियंता/भागलपुर के अधीन भागलपुर स्टेशन पर संपूर्ण नए रूप में 80 बेड वाले आरपीएफ बैरक के प्रतिस्थापन स्थल के निर्माण के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 1,80,33,837.83, **क्रम सं.4, निविदा सं. 176–एमएलडीटी–24–25, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/पूर्व रेलवे/मालदा के कार्यक्षेत्र में सहायक अभियंता/भागलपुर के अधीन मंदार हिल–दुमका शाखा (फेज–2) में विभिन्न रोड ओवर ब्रिजों पर गार्ड ट्रैक की सुरक्षा हेतु फेंसिंग कार्य के लिए खुली ई–निविदा । **निविदा मूल्यः** रु. 70,51,199.07, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 10.01.2025 को 15.30 बजे। (क्रम सं. 1 से 4 प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in/** मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय/ मालदा टाउन।
MLD-171/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

उत्तराखण्ड शासन

# संकल्प नये उत्तराखण्ड का



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में श्री केदारनाथ धाम का हुआ भव्य एवं दिव्य पुनर्निर्माण कार्य। बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत विकास कार्य गतिमान।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आदि कैलाश और जागेश्वर धाम के दर्शन के बाद मानसखंड यात्रा को मिली नई पहचान।
- चार धामों की कनेक्टिविटी के लिए ऑल वेदर रोड का हुआ निर्माण। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेललाइन का निर्माण कार्य तथा टनकपुर-बागेश्वर रेललाइन सर्वे का कार्य गतिमान।

नीति आयोग द्वारा जारी
सतत विकास खण्ड (एसडीजी)
इण्डेक्स 2023-24 में

## उत्तराखण्ड देश में प्रथम

गरीबी उन्मूलन, अच्छा स्वास्थ्य एवं जीवन, गुणवत्ता परक शिक्षा, स्वच्छ जल, क्लीन एनर्जी जैसे सतत विकास लक्ष्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन।

**विकसित भारत, सशक्त उत्तराखण्ड**

### विकसित भारत - सशक्त उत्तराखण्ड

- स्मार्ट औद्योगिक शहर के रूप में विकसित होगा उत्तराखण्ड का खुरपिया फार्म, 15 हजार करोड़ का निवेश, 50 हजार से अधिक रोजगार।
- प्लास्टिक कचरे के निस्तारण के लिए डिजिटल रिफंड सिस्टम।
- युवाओं के लिए समर्पित सरकार, 16 हजार से अधिक सरकारी रोजगार।
- उत्तराखण्ड की 4000 महिला अभ्यर्थियों के लिए टाटा समूह में नौकरी के अवसर सृजित।
- राज्य आंदोलनकारियों के लिए सरकारी सेवा में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू।
- राज्य के 2871 विद्यालयों में मिड-डे मील के लिए गैस चूल्हे-सिलेण्डर की व्यवस्था।
- उत्तराखण्ड के जैविक प्राकृतिक उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने की मजबूत पहल।
- उत्तराखण्ड की क्षेत्रीय भाषाओं को लागत का 50 प्रतिशत अथवा 2 करोड़ तक सब्सिडी।
- हिन्दी एवं संविधान की 8वीं अनुसूची में सम्मिलित भाषाओं की फिल्मों को लागत का 30 प्रतिशत अथवा 3 करोड़ तक सब्सिडी।
- उत्तराखण्ड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एम.एस.एम.ई) नीति के माध्यम से औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन।
- स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए 200 करोड़ के वेंचर फण्ड की स्थापना।
- पारदर्शी-स्वच्छ शासन हेतु प्रतिबद्ध, 1905 सी.एम. हेल्पलाइन, 1066 एप भ्रष्टाचार की शिकायत हेतु।
- सैनिक पुनर्वास संस्था द्वारा राज्य के शहीद सैनिकों के आश्रितों को 10 लाख की सहायता का निर्णय।
- प्रत्येक विकासखण्ड में 5-5 आदर्श ग्रामों की स्थापना।
- दीन दयाल उपाध्याय होम-स्टे योजना के अन्तर्गत राज्य में 5000 से अधिक होम-स्टे पंजीकृत।
- उत्तराखण्ड पर्यटन नीति-2023 के द्वारा पर्यटन क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती।
- उत्तराखण्ड को दो वंदे भारत ट्रेन की मिली सौगात। देहरादून से दिल्ली एवं देहरादून से लखनऊ का सफ़र हुआ आसान।
- दिल्ली - देहरादून के बीच एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य तेजी से जारी, 2 से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा।
- उत्तराखण्ड की महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण।











**सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।**

www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### गांवों में खेल मैदान के विकास की शुरुआत



**राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)।** प्रखण्ड के भिन्न भिन्न पंचायत के नौ गांवों में खेल मैदान के विकास की सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट पर गुरुवार को कार्य प्रारंभ हो गया। जिसका उद्घाटन मनरेगा पीओ आनन्द कुमार व समबन्धित पंचायतों के पीआरएस एवं मुखिया ने कार्य की आधारशिला रख कर किया। मनरेगा पीओ आनन्द कुमार ने बताया कि गांव में खेल मैदान के विकास के प्रथम चरण में प्रखण्ड के कुल आठ पंचायत अन्तर्गत पन्द्रह गांव के खेल मैदान का विकास करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें से सार्वजनिक खेल मैदान मंगरवलिया, हुसेनाबाद, बरांव, बिशुनपुर, रोतवां, तरांव, बरना एवं शौणडिक हाई स्कूल टेन प्लस टू राजपुर व चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय प्रांगण के खेल मैदान के विकास का कार्य गुरुवार को शुरू कर लिया गया। मनरेगा के जेई सुरेन्द्र कुमार के अनुसार खेल मैदान का विकास के लिए खर्च स्टिमेट राज्य सरकार की तरफ से मिला हुआ है। कुल नौ लाख चौउरानबे हजार की लागत से गांव के बड़े-बड़े खेल मैदान पर फुटबॉल कोर्ट, बॉलिबॉल, बास्केट बॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, लॉग जम्प, हाई जम्प कोर्ट समेत रनिंग फुट तैयार किया जाएगा। खेल मैदान पर 400 फीट लम्बाई व छः फीट चौडाई का रंनिंग फुट एक लाख बाइस हजार चार सौ एकासी रूपया, 115 फीट लम्बाई व 70 फीट चौड़ई का बास्केट बॉल कोर्ट चार लाख बयासी हजार छः सौ रूपया, 44 फीट लम्बाई व 20 फीट चौडाई का बैडमिंटन कोर्ट 97400 रूपया, 122 फीट लम्बाई व 82 फीट चौडाई का बॉलिबॉल कोर्ट पचपन हजार रूपया, 1510 स्क्वायर फीट एरिया का लॉग जम्प कोर्ट 39500 रूपया, 1352 स्क्वायर फीट एरिया का हाई जम्प कोर्ट 43800 रूपया व आठ फीट लम्बाई व छः फीट चौडाई का स्टोर रूम इकसठ हजार एक सौ पचास रुपए की लागत से बनाया जाएगा। मौके पर राजपुर पंचायत के मुखिया रंजू देवी, बरांव पंचायत मुखिया बेबी देवी, मुखिया प्रतिनिधि राजू कुमार, रोतवां पंचायत मुखिया डा पंकज गुप्ता, मंगरवलिया पंचायत मुखिया इनदरजित सिंह, बरना पंचायत मुखिया योगेन्द्र चौधरी, चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय में प्रिंसिपल सुनीता कुमारी, लालदेव सिंह, शौणडिक हाई स्कूल के प्राचार्य रजनीश तिवारी, एकाउंटेंट बिनोद सिंह समेत सभी पंचायतों के पीआरएस उपस्थित थे।

### कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह




**पटना (नि.सं.)।** नव सृजन संस्थान द्वारा माता पिता के स्मृति दिवस पर भव्य कवि सम्मेलन और अंतर्राष्ट्रीय मगध शिखर सम्मान का आयोजन किया गया। जिसमें कई। साहित्यकार, समाजसेवी, पत्रकरों को अंतरराष्ट्रीय मगध शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रभात वर्मा की पुस्तक 'अनुभवों की अभिव्यक्ति' का भी लोकार्पण लोकार्पण उपस्थित साहित्यकारों और मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। पटना के यूथ हॉस्टल फ्रेजर रोड पटना में मुख्य वरिष्ठ समाजसेवी छोटी पटन देवी के महंत बाबा विवेक द्विवेदी, वरिष्ठ चिकित्सक, डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार,अरविंद दिनकर पौत्र-राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर, विशिष्ट अतिथि, वरिष्ठ साहित्यकार राम रतन प्रसाद सिंह 'रत्नाकर', वरिष्ठ भाजपा नेता रविंद्र रंजन, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सेवक, समाज सेवी, निर्देशक, दैनिक दस्तक प्रभात के संपादक, प्रभात वर्मा, मगध के प्रतिष्ठित, हास्य कवि उदय भारती और प्रो० दिलीप दिलीप कुमार को भी सम्मानित किया गया। मंच संचालन, सौम्या शंकर, स्वागतकर्ता महिमा शंकर, ममता भूषण, ज्ञानवंति देवी, प्रेमलता सिंह, कृष्ण कुमार मंच पर उपस्थित थे। इस मौके पर वरिष्ठ साहित्यकार राम रतन प्रसाद सिंह रत्नाकर ने अपने संबोधन में कहा कि मगही प्राचीन भाषा है, जो मगध मगध की भाषा मगही के आदि कवि माने जाते हैं। 20वीं शताब्दी में कई साहित्यकारों ने मगही में वृद्धि किया उसमें पुजा ऋतुराज के परिजनों में डॉ. रामनंदन का नाम सम्मान के साथके साथ लिया जाता है। इस मौके पर प्रभात वर्मा की पुस्तक की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि साहित्य के एक ऐसे पुरोधा हैं जिन्होंने मगही के भंडार को सिर्फ साहित्य के माध्यम से ही नहीं फिल्मों के माध्यम से भी समृद्ध बनाया है। इस मौके पर प्रभात वर्मा ने कहा कि पूरा जीवन मगही को समर्पित कर मगही साहित्य और सिनेमा को सम्मिलित बनाने में उन्होंने अथक योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि अनुभवों की अभिव्यक्ति एक ऐसी पुस्तक है जो हर किसी मानव के जीवन की सफलता का किस प्रकार से होने हैं, इसकी चर्चा इस पुस्तक में की गई है। जिसे पढ़कर हर कोई अपना जीवन सफल बना सकता है। इस मौके पर राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के पौत्र अरविंद दिनकर ने कहा कि मगध की गौरव पूर्ण इतिहास में आज एक और इतिहास जोड़ने जा रहा है। उन्होंने प्रभात वर्मा की पुस्तक की भूरि भूरि प्रशंसा की और अपने अनुभवों को व्यक्त किया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी मनभावन प्रस्तुति दी। मगही के गीतकार और कवियों ने भी अपनी-अपनी रचनाओं का सस्वर पाठ कर उपस्थित श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया। नवसृजन संस्थान एवं सर्वांगीण विकास संस्थान की सचिव पूजा ऋतुराज ने मौके पर आगे अतिथि यो को सहृदय से स्वागत करते हुए कहा कि माता-पिता की स्मृति में प्रतिवर्ष 19 दिसंबर को उनके द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर मगध के लोगों को सम्मानित किया जाता रहा है। पूजा ऋतुराज का सम्मान छोटी पटन देवी के पुजारी बाबा विवेक द्विवेदी और मंच पर उपस्थित अतिथियों ने किया।

### खेल मैदानों का शिलान्यास




**पकरीबरावां (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड के सभी सोलह पंचायतों में चयनित खेल मैदान का गुरुवार को शिलान्यास किया गया। सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों द्वारा खेल मैदान का शिलान्यास पटना से रिमोड सिस्टम से किया गया। ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा योजना से खेल मैदान का निर्माण होना है। खेल मैदानों में वॉलीबॉल, बैडमिंटन कोर्ट, बास्केट बॉल कोर्ट एवं रनिंग ट्रैक का निर्माण किया जाएगा। जिसके लिए प्रखंड के 16 पंचायत में विभिन्न खेल मैदान को निर्माण हेतु डुमरा पंचायत के हाई स्कूल मैदान में मनरेगा के तकनीकी सहायक भारत प्रसाद मुखिया पंचायत समिति सदस्य मुख्य प्रतिनिधि मुकेश कुमार के द्वारा खेल मैदान का कार्य शुभारंभ के लिए संयुक्त रूप से सिलयानस कार्यक्रम में भाग लिया वहीं कृषक महाविद्यालय देवदा का खेल मैदान का शुभारंभ कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा कौशल किशोर पंचायत समिति सदस्य दिनेश सिंह उप मुखिया के उपस्थिति में संयुक्त रूप से शुभारंभ किया गया। डोडा पंचायत मैं मुखिया रोजगार सेवक दीपक कुमार एल्बम मुखिया प्रतिनिधि चंद्रमा यादव पंचायत समिति सदस्य के उपस्थिति में खेल मैदान का निर्माण कार्य आरंभ किया गया। इसके अतिरिक्त मैदान के क्षेत्रफल के अनुसार अन्य सुविधाएं जैसे फुटबॉल, लंबी कूद, ऊंची कूद, खो-खो आदि विकास किए जाएंगे। बीडीओ मृत्युंजय कुमार एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी गौरव कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि खेल मैदान निर्माण का मुझे उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेल की आधारभूत संरचनाओं को विकसित करते हुए युवाओं के बीच खेल- कूद के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं प्रतिस्पर्द्धा के अवसर उत्पन्न करना है।

# सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कई योजनाओं का किया शिलान्यास

» अतिरिक्त मैदान के क्षेत्रफल के अनुसार अन्य सुविधाएं यथा फुटबॉल, लंबी कूद, ऊची कूद एवं खो-खो इत्यादि का विकास किया जाएगा। साथ ही अभिसरण के माध्यम से खेल मैदान स्थल पर



निज संवाददाता | नवादा

मुख्यमंत्री, बिहार नीतीश कुमार के कर कमलों द्वारा ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा योजना के तहत नवादा जिला में कुल 1725.94 लाख की लागत से 167 ग्राम पंचायतों में कुल 182 खेल मैदान निर्माण का कार्यारम्भ किया गया। खेल मैदान निर्माण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेल की आधारभूत सरंचनाओं को विकसित करते हुए युवाओं के बीच खेल-कूद के प्रति जागरूकता को बढ़ाना एवं प्रतिस्पर्धाओं के अवसर उपलब्ध कराना है। नवादा जिले में तीन प्रकार के खेल मैदान चिन्हित किये गये हैं। बड़े मैदान (चार एकड़ तक) की संख्या 83, मध्यम मैदान (1 से 1.5 एकड़ तक) की संख्या 79 एवं छोटे मैदान (01 एकड़ से कम) की संख्या 20 है। सभी चयनित खेल मैदानों में अनिवार्य रूप से वालीवाल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट एवं रनिंग ट्रैक का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मैदान के क्षेत्रफल के अनुसार अन्य सुविधाएं यथा फुटबॉल, लंबी कूद, ऊची कूद एवं खो-खो इत्यादि का विकास किया जाएगा। साथ ही अभिसरण के माध्यम से खेल मैदान स्थल पर अन्य आवश्यक सुबिधाओं का भी विकास किया जाएगा। आज जिले के सभी प्रखंडो के खेल मैदान हेतु चयनित स्थल पर शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड नवादा सदर के महुली ग्राम पंचायत एवं हिसुआ प्रखंड के ग्राम पंचायत सोनसा में आयोजित कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी के द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त द्वारा जिले में खेल मैदान निर्माण से संबंधित गतिविधियों एवं खेल की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। जिला पदाधिकारी द्वारा स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुये बालिकाओं को आगे आने का आह्वान किया तथा सभी खेल मैदानों को समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का निदेश दिया। कार्यक्रम में निदेशक DRDA धीरज कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी

### आठ खेल मैदान का हुआ शिलान्यास

**नौहट्टा (रोहतास) (नि.सं.)।** प्रखंड क्षेत्र में आठ खेल मैदान निर्माण के लिए शिलान्यास मनरेगा पीओ रमेश कुमार व स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के मौजूदगी में गुरुवार को किया गया। बताया गया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत पूरे बिहार में 533 प्रखंडों में 5671 ग्राम पंचायत में 6659 खेल मैदाने का निर्माण के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा 63 827. 35 लाख की लागत से निर्माण किया जाना है। जिसके लिए मुख्यमंत्री के द्वारा रिमोट दबाकर शिलान्यास किया गया है। इसी कार्यक्रम को शाहपुर पंचायत में बौलिया हाई स्कूल के प्रांगण में खेल मैदान का शिलान्यास किया गया तो उल्ली बनाही पंचायत में हाई स्कूल भवनाथपुर एवं गांधी मैदान भवनाथपुर में खेल मैदान का शिलान्यास हुआ, तो वही नौहट्टा पंचायत के डिग्री कॉलेज के प्रांगण, एवं नौहट्टा हाई स्कूल के प्रांगण में शिलान्यास किया गया। तिउरा पंचायत के चुटिया हाई स्कूल तथा तियरा खुर्द के खेल मैदान में शिलान्यास का कार्यक्रम आयोजन किया गया।

## एसटीएफ के नेतृत्व में विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता | विक्रमगंज (रोहतास)

विद्युत आपूर्ति प्रशाखा दिनारा अंतर्गत अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर एसटीएफ के नेतृत्व में एक जांच दल का गठन किया गया। जांच दल द्वारा ग्राम-गोपालपुर के मील संचालक मनोज सिंह पिता-बच्चा सिंह के आटा चक्की मील परिसर का निरीक्षण के क्रम में पाया गया की श्री सिंह द्वारा विद्युत विभाग के विस्तारित मेन एलटी लाईन से तीन फेज तार अवैध रूप से संयोजित कर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी तथा इनके परिसर मे मीटर भी अधिष्ठापित नहीं था। प्राथमिकी दर्ज किये जाने तक इनके द्वारा उक्त स्थल का वैध विद्युत संबंध हेतु कागजात प्रस्तुत नहीं की गयी। इनके इस कृत्य से साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना को 499035 राजस्व की क्षति हुई है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है।

## नारदीगंज में पंचायत स्तरीय खेल मैदानों का उद्घाटन

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को अणे मार्ग पटना से वीडियो आनलाइन के माध्यम से खेल मैदान का उद्घाटन किये। ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से मनरेगा के तहत खेल मैदान का निर्माण होगा।इसी कड़ी में नारदीगंज प्रखंड के सभी पंचायतों में खेल मैदान का उदघाटन हुआ। मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी नीतीश कुमार समेत अन्य ने नारदीगंज महाविद्यालय खेल मैदान उदघाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। खेल मैदान के उद्घाटन के अवसर पर मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी ने कहा बेहतर स्वास्थ्य के लिए खेलकूद बहुत आवश्यक है। इसके साथ विद्यालय भी नियमित जाए, और पढ़लिख कर सभी को गौरान्वित करें। मुख्यमंत्री ने प्रदेश समेत जिले के सभी पंचायतों में खेल मैदान में खेलकूद में प्रतिभा में निखार लाने के लिए खेल मैदान का निर्माण कर रही है। वही परमा पंचायत के मध्य विद्यालय पन्छेका में मुखिया दर्शनिया देवी, मुखिया प्रतिनिधि रामाधीन कुमार चौहान समेत अन्य रहे। इस पंचायत में मनरेगा योजना के तहत प्राक्कलित राशि नौ लाख 55 हजार 753 रुपये हैं। वही पेश पंचायत में पेश गांव में पहाड़ के निकट खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर मुखिया शशि भूषण कुमार उर्फ वेणु यादव समेत अन्य रहे। इसके अलावा अन्य पंचायतों में भी खेल मैदान का उद्घाटन किया गया। इस दौरान समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## 9 लाख 37 हजार 857 रुपये की लागत से बनेगा खेल मैदान

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)



ग्रामीण विकास विभाग मनरेगा के तहत प्रखंड अंतर्गत नरहट, पाली कला समेत आठ पंचायतों में खेल मैदान निर्माण के लिए गुरुवार को कार्यारम्भ किया गया। सबसे पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए खेल मैदान निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके बाद प्रखण्ड के पंचायतों में पंचायत के मुखिया ने चिन्हित जगहों पर खेल मैदान निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। नरहट पंचायत में इंटर विद्यालय नरहट में खेल मैदान निर्माण के लिए मुखिया एहतेशाम कैसर उर्फ गुड्डू ने शिलान्यास कर कार्य का शुभारंभ किया। पाली कला पंचायत में मुखिया धनन्जय कुमार ने शिलान्यास कर खेल मैदान कार्य का शुभारंभ किया। मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी जयदेव प्रसाद ने बताया कि दस पंचायतों वाला नरहट प्रखण्ड में आठ पंचायतों में खेल मैदान निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है। शेष बचे दो पंचायतो में भी जल्द खेल मैदान निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि खेल मैदान के लिए तीन तरह के भूमि का चयन करना है। पहला बड़े खेल मैदान जिसके लिए 4 एकड़ भूमि की जरूरत है। दूसरा मध्यम मैदान जिसमे डेढ़ से दो एकड़ भूमि की जरूरत है और तीसरा छोटे मैदान जिसमें एक एकड़ भूमि की जरूरत है। उन्होंने बताया कि अभी सभी जगहों पर मध्यम खेल मैदान का निर्माण के लिए भूमि का चयन हुआ है जिसपर निर्माण कार्य शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि खेल मैदान के लिए पूर्व में ही स्थल का चयन कर लिया गया था। उन्होंने बताया कि खेल मैदान में रनिंग ट्रैक, बैडमिंटन कोर्ट, बास्केबॉल कोर्ट, वॉलिबॉल कोर्ट बनाया जाएगा। खेल मैदान का निर्माण होने से खिलाड़ियों और युवाओं को काफी सुविधा मिलेगी। खेल मैदान निर्माण कार्य का शुभारंभ होने से खेल प्रेमियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

## विधायक ने किया दो सड़कों का शिलान्यास

निज संवाददाता | नवादा

सदर विधायक विभा देवी ने गुरुवार को दो महत्वपूर्ण सड़कों का शिलान्यास कर कार्यारंभ की हरी झण्डी दे दी। विधायक विभा देवी की अनुशंसा पर क्षेत्र में ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत दर्जनों संपर्क पथ का निर्माण कार्य लंबित है। इनमें से एन एच 31 से रसूल नगर और एनएच 31 से देदौर तक लगभग ढाई किलोमीटर नई सड़क बीसीसीपी ढलाई हेतु कार्यारंभ का शिलान्यास किया गया। मुख्य समारोह नगर परिषद के रसूल नगर मुहल्ले में हुआ जहां सामाजिक कार्यकर्ताओं के अलावे स्थानीय नागरिकों ने अपने विधायक का जोरदार स्वागत किया। सड़क का शिलान्यास करते हुए विधायक ने कहा कि इस संपर्क पथ से मुहल्लेवासियों के अलावे अन्य लोगों के आवागमन काफी शुलभ हो जायेंगे। उन्होंने निर्धारित मापदंडों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण पथ निर्माण की कामना करते हुए लाभान्वितों से सहयोग की अपील की। इसी प्रकार देदौर में 1250 मीटर पथ निर्माण का शिलापूजन करते हुए उन्होंने आम लोगों के तनावमुक्त आवागमन के रास्ते खोल दिए। इसके अलावे शीघ्र ही अनुशंसित सभी सड़कों के शिलान्यास एवं निर्माण कार्य हेतु पहल करने की घोषणा की। उपस्थित मुहल्लेवासियों ने विधायक के इस पहलकदमी की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे विधायक विभा देवी का काम बोलता है। मौके पर संबंधित पदाधिकारियों के अलावे सामाजिक कार्यकर्ता वरिष्ठ नेता व आम नागरिकउपस्थितथे।

## मनीष पांडेय ने पाई बिहार न्यायिक सेवा परीक्षा में सफलता

निज संवाददाता | जमुहार (रोहतास)



गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के अंतर्गत संचालित नारायण स्कूल ऑफ लॉ के पीएचडी शोधार्थी मनीष कुमार पांडेय ने बिहार न्यायिक सेवा परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। 2023 सत्र के पीएचडी शोधार्थी मनीष ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पद के लिए आयोजित बिहार न्यायिक सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विश्वविद्यालय और अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. महेंद्र कुमार सिंह, प्रतिकुलपति डॉ. जगदीश सिंह, सचिव गोविंद नारायण सिंह, प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह, और नारायण स्कूल ऑफ लॉ के निदेशक सहित सभी शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## 14 ग्राम पंचायतों में 15 खेल मैदान का हुआ शिलान्यास

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखण्ड क्षेत्र के 15 ग्राम पंचायतों में अमावां पश्चिमी पंचायत को छोड़ 14 पंचायतों में 15 खेल मैदान का शिलान्यास गुरुवार को पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। इस दौरान प्रखण्ड प्रमुख सरोज देवी, बीडीओ संजीव झा, बीपीआरओ राजन कुमार, मनरेगा पीओ नीरज कुमार त्रिवेदी एवं प्रमुख प्रतिनिधि बब्लू यादव के अलावे ग्राम पंचायतों के मुखियागण मौजूद रहे। मनरेगा पीओ ने बताया कि प्रखण्ड के 14 पंचायतों में 15 खेल मैदान का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि अमावां पश्चिमी पंचायत में खेल मैदान के लिए जमीन उपलब्ध नहीं था, इसलिए वहां खेल मैदान का शिलान्यास नहीं हो पाया है। साथ ही बताया कि खेल मैदान के लिए कम से कम एक एकड़ भूमि की आवश्यकता होती है। प्रत्येक खेल मैदान में एक बास्केटबॉल कोर्ट, एक बैडमिंटन कोर्ट, बॉलीबॉल कोर्ट के अलावे 400 फीट का एक रनिंग ट्रैक का निर्माण किया जाना है। खेल मैदान का उपयोग कर गांव के बच्चे भी अपना भविष्य संवारने का अवसर मिलेगा। मनरेगा पीओ ने बताया कि खेल मैदान के निर्माण में स्थानीय जनता, बच्चों एवं जनप्रतिनिधियों के भरपूर सहयोग अपेक्षित है।इस दौरान छात्र-छात्राओं के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण कर उत्साहवर्धन किया गया। मनरेगा पीओ ने कहा कि प्रखण्ड के 14 ग्राम पंचायतों में निर्माणाधीन 15 खेल मैदान आगामी वर्ष 2025 के 15 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा रिमोट कंट्रोल से किया जाएगा।

## न्यायालय के आदेश पर फरार आरोपी के घर पुलिस ने की कुर्की

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 6 के कुण्डला मोहल्ला में गुरुवार को एसआई पिंकी कुमारी, एसआई सत्येन्द्र सिंह, एसआई दशरथ चौधरी एवं एएसआई नवनीत कुमार के द्वारा फरार अभियुक्त के घर कुर्की की गई। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि थाना काण्ड संख्या 920/21 में आईपीसी की धारा 323 व 341 के नामजद अभियुक्त कुण्डला मोहल्ला निवासी मो. मुस्लिम मियां के पुत्र मो. गयास काफी दिनों से फरार चल रहा था। वहीं प्रथम श्रेणी के न्यायाधीश प्रतीक सागर के न्यायालय में वाद की सुनवाई की सुनवाई की जा रही है। इस दौरान अभियुक्त के घर इश्तिहार भी चिपकाया गया था, किन्तु आरोपी न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हुआ। जिसको लेकर न्यायालय के आदेश पर अभियुक्त के घर गुरुवार को पुलिस बलों द्वारा कुर्की की गई है। कुर्की के दौरान पुलिस बलों ने एक पुराना रेंजर साइकिल, एक ड्राम, एक पंखा, एक टेबल, लोढ़ी-पाटी समेत अन्य घरेलू सामान को जब्त कर थाना परिसर लाया गया है।

## कांग्रेस ने बाबा साहेब के विचारों को नजर अंदाज किया : राजेश्वर

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

काराकाट विधानसभा के पूर्व भाजपा विधायक राजेश्वर राज ने कहा है कि बाबा साहेब के विचारों की अवहेलनकर कांग्रेस ने लोगों को गुमराह करने का कार्य किया है। काराकाट के पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने आरोप लगाते हुए कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के बयान को कांग्रेस के द्वारा तोड़ मरोड़ कर रखना, ये घोर निंदनीय है। राज ने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ़ सत्ता के लिए बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के विचारों और उनके संघर्ष को नजरअंदाज किया, बल्कि दलितों, पिछड़ों और वंचितों की आवाज़ को दबाने का काम भी किया। बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से वंचित वर्ग को ताकत दी, लेकिन कांग्रेस ने हमेशा उनके योगदान को भुलाकर झूठी राजनीति की।

## आठ खेल मैदान का हुआ शिलान्यास

निज संवाददाता | नौहट्टा (रोहतास)

प्रखंड क्षेत्र में आठ खेल मैदान निर्माण के लिए शिलान्यास मनरेगा पीओ रमेश कुमार व स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के मौजूदगी में गुरुवार को किया गया। बताया गया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत पूरे बिहार में 533 प्रखंडों में 5671 ग्राम पंचायत में 6659 खेल मैदाने का निर्माण के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा 63 827. 35 लाख की लागत से निर्माण किया जाना है। जिसके लिए मुख्यमंत्री के द्वारा रिमोट दबाकर शिलान्यास किया गया है। इसी कार्यक्रम को शाहपुर पंचायत में बौलिया हाई स्कूल के प्रांगण में खेल मैदान का शिलान्यास किया गया तो उल्ली बनाही पंचायत में हाई स्कूल भवनाथपुर एवं गांधी मैदान भवनाथपुर में खेल मैदान का शिलान्यास हुआ, तो वही नौहट्टा पंचायत के डिग्री कॉलेज के प्रांगण, एवं नौहट्टा हाई स्कूल के प्रांगण में शिलान्यास किया गया। तिउरा पंचायत के चुटिया हाई स्कूल तथा तियरा खुर्द के खेल मैदान में शिलान्यास का कार्यक्रम आयोजन किया गया।

## वाहन जांच में चोरी के बाइक के साथ एक युवक धराया

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)




थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटना पर विराम लगाने, शराब परिवहन पर रोक एवं यातायात नियमों के पालन कराने को लेकर पुलिस बलों द्वारा चौक-चौराहे पर वाहनों की जांच आदि की जाती है। इसी क्रम में बुधवार की संध्या लगभग 6 बजे सति स्थान मोड़ के समीप थाने में पदस्थापित पीटीसी जयप्रकाश चौधरी पुलिस बलों के साथ वाहन जांच कर रहे थे। इसी दौरान काले रंग के बाइक से आ रहा एक युवक पुलिस द्वारा वाहन जांच करता देख भागने लगा। जिसे पुलिस बलों ने खदेड़ कर पकड़ लिया। जब युवक से हीरो स्प्लेंडर बाइक संख्या बीआर27टी9441 के कागजात की मांग की गई, तो युवक कागजात दिखाने में असमर्थ रहा। पुलिस बलों द्वारा बाइक को जब्त किया गया एवं युवक को हिरासत में लेकर थाना परिसर ले गई। इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि चोरी के बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक की पहचान जगदीश मार्केट निवासी सुरेंद्र डोम के पुत्र सूरज कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि चोरी के बाइक को थाना परिसर में जब्त कर रखा गया है। वहीं गिरफ्तार युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज होने के बाद गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दीप नारायण को गोली मारने मामले में दो गिरफ्तार

**जमीन दिखाने के बहाने बुलाकर मारी थी गोली, पकड़े गए आरोपी पहले भी जा चुके है जेल**

**आरा।** भोजपुर जिले के अहिरपुरवा स्थित आईटीआई के समीप एक युवक को गोली मारे जाने के मामले में वांछित दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में टाउन थाना के गोला मोहल्ला निवासी मुन्ना यादव और बड़हरा के मनीछपरा गांव निवासी सूरज यादव को पकड़ा है। इसमें सूरज का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। पहले में चौरी पुलिस ने लूट के केस में जेल भेजा था। बाद में वह जमानत पर छूटकर बाहर आया था। इससे पूर्व पुलिस ने कोइलवर के सकड्डी इलाके से कांड में संलिप्त अनुज कुमार को पकड़ा था। बता दें कि 12 मार्च 2024 को अहिरपुरवा निवासर साधु चरण सिंह के पुत्र दीप नारायण सिंह को जमीन दिखाने के बहाने बुलाकर गोली मारी गई थी। इसे लेकर नामजद प्राथमिकी कराई गई थी। हालांकि, अनुसंधान में अन्य सदस्यों का नाम आया था। सोमवार को कोईलवर पुलिस ने इस मामले में कांड में संलिप्त पीरो के वार्ड 10 निवासी अनुज कुमार को पकड़ा था। बाद में पूछताछ में मुन्ना और सूरज का नाम आया था। इस दौरान इंस्पेक्टर देवराज राय व दारोगा अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने सूरज यादव को जेल रोड से तथा मुन्ना यादव को गोला मोहल्ला घर से धर दबोचा।



### जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या

**बक्सर में घटनास्थल से 2 खोखा-कारतूस बरामद, घटना को अंजाम देकर बदमाश फरार**

**बक्सर।** बक्सर में बुधवार की शाम स्टेशन रोड पर बाइक सवार अपराधियों ने एक जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही एसपी शुभम आर्य और सदर एसडीपीओ धीरज कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा और जिंदा कारतूस बरामद किया है।घटना के बाद पूरे इलाके में भय का माहौल बना हुआ है। जबकि पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कह रही है। मुसाफिरगंज मोहल्ला निवासी हृदय नारायण यादव (45) जमीन का कारोबार करते थे। बुधवार शाम वह बाइक से शहर की ओर जा रहे थे। कमलदह पोखरा के पास एक दुकान के सामने अपनी बाइक खड़ी कर रहे थे। इस दौरान अचानक एक युवक, जिसने मुंह पर मफलर बांध रखा था, मौके पर पहुंचा और ताबड़तोड़ दो गोलियां दाग दी। गोली लगते ही यादव सड़क पर गिर पड़े। आसपास के लोग तुरंत उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जमीन कारोबारी की हत्या के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जमीन कारोबारी की हत्या के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



**अपराधी शहर की ओर भागेः** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अपराधी पहले से कमलदह पोखरा के गेट के पास अपनी बाइक खड़ी कर रहे थे। वारदात को अंजाम देने के बाद वे तेजी से शहर की ओर भाग निकले। दोनों अपराधियों ने मफलर से अपना चेहरा ढका हुआ था। एसपी शुभम आर्य ने बताया कि घटना की जांच विभिन्न बिंदुओं पर की जा रही है। अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करेगी।

### सांसद सुधाकर सिंह ने केंद्रीय विद्युत मंत्री से की मुलाकात

**चौसा पावर प्लांट में 800 मेगावाट जोड़ने की मांग, बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाने पर चर्चा**

**बक्सर।** बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह ने बुधवार को केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर से विशेष मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों को हो रही बिजली संबंधी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। साथ ही कृषि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

**800 मेगावाट बीजली देने का प्रस्तावः** जिले के चौसा पावर प्लांट में 800 मेगावाट की अतिरिक्त क्षमता जोड़ने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। इससे क्षेत्र में बिजली की मांग को पूरा करने के साथ-साथ औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। चौसा पावर प्लांट की क्षमता बढ़ने से बिहार के कई जिलों में बिजली आपूर्ति की स्थिति मजबूत होगी। सुधाकर सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि सबसे पहले, कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर की समस्या को उठाया गया। ग्रामीण लगातार शिकायत कर रहे है कि स्मार्ट मीटर से अनावश्यक बिजली बिल बढ़ रहे है और उन्हें परेशानी हो रही है। इस पर मंत्री जी से आग्रह किया गया कि स्मार्ट मीटर को हटाकर पारंपरिक मीटर प्रणाली लागू की जाए ताकि किसानों को राहत मिल सके।

**2500 मेगावाट पीएसपी पर चर्चाः** कैमूर हिल्स में 2500 मेगावॉट पंप एंड स्टोरेज परियोजना (पीएसपी) के क्रियान्वयन का मुद्दा उठाया गया। यह परियोजना ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भरता लाने के लिए महत्वपूर्ण है, जिससे क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। परियोजना के जल्द शुरू होने से बिजली आपूर्ति में स्थिरता आएगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। जिला अंतर्गत नावानगर में स्पेशल इकनॉमिक जोन (SEZ) के विकास हेतु विद्युत आपूर्ति ग्रिड की स्थापना का मुद्दा रखा गया। साथ ही मंत्री से अनुरोध किया गया कि इस क्षेत्र में एक विशेष विद्युत ग्रिड की स्थापना की जाए ताकि औद्योगिक विकास में कोई बाधा न आए। इस मुलाकात के दौरान मंत्री ने सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया और कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए जल्द से जल्द कदम उठाए जाएंगे।

### अवैध शराब तस्करी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**52 पेटी ब्रांडेड शराब बरामद, 2 तस्कर गिरफ्तार**

**बक्सर।** बक्सर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के निधुआ गांव में छापेमारी कर पुलिस ने 52 पेटी ब्रांडेड शराब बरामद की है। साथ ही मौके से दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। होम डिलीवरी के लिए उपयोग में लिए जाने वाले 2 मोटरसाइकिल जब्त की गई है। बता दें कि शराब की खेप उत्तर प्रदेश से लाकर बिहार में होम डिलीवरी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान निधुआ गांव के निवासी स्व. रामजी सिंह के बेटे रंजीत सिंह और कुल्हड़िया गांव के निवासी तारकेश्वर सिंह के बेटे बीर बहादुर सिंह के रूप में हुई है।




मुफस्सिल थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने निधुआ गांव में छापेमारी की। जहां से 52 पेटी शराब के साथ 2 तस्कर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि नए साल पर शराब की अवैध आपूर्ति को रोका जा सके।

# 250 रुपए नहीं देने पर दोस्त को मारा चाकू

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के गीधा गांव में बुधवार की देर शाम दोस्त ने अपने दोस्त को पैसे नहीं देने के विवाद में चाकू मार दी। आरोपी दोस्त ने युवक को बाएं हाथ,पीठ एवं पेट में चाकू मारी है। चाकू लगने के बाद खून से लटपथ युवक को जख्मी हालत में अन्य दोस्तों के मदद से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया,जहां इलाज कराया जा रहा है। जख्मी युवक गीधा गांव के वार्ड 6 निवासी नंद लाल पासवान का 19 वर्षीय पुत्र चंदू पासवान है। आरोपी युवक का नाम इमामुद्दीन है। जिसने ढ़ाई सौ रुपए नहीं देने पर दोस्त को चाकू मारकर घायल कर दिया। घटना के दौरान मौजूद अन्य दोस्तों ने मामला को शांत कराया। जख्मी युवक चंदू ने बताया कि समान खरीदने के लिए उसके दोस्त इमामुद्दीन ने चार–पांच सौ रुपए मांगे थे। जिसमें मैंने उसे ढ़ाई सौ रुपए देकर चला गया था। इसके बाद उसने कहा कि मुझे और ढ़ाई–तीन सौ रुपए चाहिए। इतना में घर का सामान नहीं आयेगा। मैने कहा कि मेरे पास इतना ही है लेकिन तुम गांव के रोड पर आओ कुछ पैसा



♦ **शरीर के तीन जगहों पर किया वार, घर का सामान खरीदने के लिए मांगा था पैसे**

जुगाड़ कर देता हूं। इसी बात को लेकर उसने गाली देना शुरू कर दिया। जब मैने इसका विरोध किया तो उसने चाकू निकालकर ताबड़तोड़ मारना शुरू कर दिया। जब वो मुझपर चाकू से वार कर रहा था तो मेरे अन्य दोस्तों के बीच बचाव के बाद मामले को शांत कराया गया। इसके बाद मुझे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया । चाकूबाजी की घटना के बाद पीड़ित युवक ने इस घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

निज संवाददाता। आरा

आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कसाप गांव स्थित पंचायत भवन के समीप बुधवार की देर शाम अनियंत्रित होकर बाइक बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा,-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक गड़हनी थाना क्षेत्र के धमनिया गांव वार्ड नंबर तीन निवासी नागेंद्र कुमार चौबे का 22 वर्षीय पुत्र अरुणोदय राज है। वह प्राइवेट कंपनी में काम करता था। मृतक के चचेरे भाई अंबिकेश कुमार ने बताया कि वह बुधवार को आरा किसी दूसरे कंपनी में इंटरव्यू देने के लिए आया था। इंटरव्यू देने के बाद जब बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। उसी बीच कसाप गांव स्थित पंचायत भवन के समीप विपरीत दिशा से आ रही किसी अज्ञात वाहन या पशु से चकमा खाकर बाइक का अनियंत्रित होकर बिजली के पोल में जाकर टकरा गई। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद



♦ **आरा के प्राइवेट कंपनी में इंटरव्यू देकर लौट रहा था घर, पोल से बाइक टकरा गई**

स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय घटनास्थल पहुंची और पुलिस ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे। जिसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

## पिता के लिए खाना ले जा रहे बेटे की मौत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बलुआ गांव स्थित मठिया के समीप बुधवार की सुबह अज्ञात वाहन ने खेत में खाना लेकर जा रहे छात्र को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में छात्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, हादसे का शिकार मृत छात्र कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के नया खवासपुर गांव का रहने वाला था। छात्र की पहचान संजय साह के 16 साल के बेटे मनीष कुमार गुप्ता के रूप में की गई है, जो नवी कक्षा का छात्र था। मृत छात्र के रिश्ते में भाई संगम कुमार सिन्हा ने बताया कि बुधवार की सुबह अपने पिता के लिए खाना लेकर अपने घर से खेत पर जा रहा था। उसी बीच बलुआ स्थित मठिया के समीप पीछे से आ रहे बाइक सवार में उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद वहां से गुजर रहे लोगों की ओर से इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उसे अपनी संतुष्टि को लेकर गांव में स्थित ग्रामीण चिकित्सक के पास ले गए। जहां चिकित्सक



♦ **तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से मारी जोरदार टक्कर, 9वीं के छात्र की घटनास्थल पर मौत**

ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने तीन भाई में छोटा था। उसके परिवार में मां निशा देवी और दो भाई आनंद कुमार एवं आशीष कुमार है। घटना के बाद मृत छात्र की निशा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बक्सर सदर अस्पताल में लापरवाही पर युवा कांग्रेस का धरना




♦ **नवजात बच्चे की हत्या के आरोप को लेकर प्रदर्शन, लापरवाह डॉक्टर को निलंबित करने की मांग**

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के सदर अस्पताल में डॉक्टरों और कर्मियों की लापरवाही के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल के मुख्य गेट के सामने टेंट लगाकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। युवा कांग्रेस नेता पंकज उपाध्याय और जिलाध्यक्ष लक्ष्मण उपाध्याय के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने दोषी डॉक्टरों और कर्मियों के निलंबन की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की।

**क्या है मामलाः** 12 दिसंबर 2024 की रात विंध्यवासिनी नामक गर्भवती महिला को प्रसव के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अस्पताल में मौजूद नहीं थीं और कथित तौर पर निजी अस्पताल में ऑपरेशन करने गई थीं। सदर अस्पताल की ANM (रागिनी कुमारी और चांदनी कुमारी) ने भी महिला को कोई दवा या उपचार नहीं दिया। सुबह स्थिति बिगड़ने पर डॉक्टर ने ऑपरेशन किया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। नवजात शिशु का जन्म तो हुआ, लेकिन गंदा पानी पीने से उसकी मौत हो गई।

**परिजनों की शिकायतः** परिजनों ने इस लापरवाही को लेकर सिविल सर्जन और नगर थाने में डॉक्टर व कर्मियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। संबंधित डॉक्टर की ड्यूटी सदर अस्पताल से हटाकर अन्यत्र कर दी गई। दोषी एएनएम को दूसरी जगह पर स्थानांतरित कर दिया गया।

**धरने का नेतृत्व और मांगेंः** युवा कांग्रेस के प्रदेश नेता पंकज उपाध्याय ने कहा कि "यह कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। दोषी डॉक्टर और कर्मियों को निलंबित किया जाना चाहिए।" "हम अनिश्चितकालीन धरना जारी रखेंगे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाकर ही यहां से उठेंगे।" जिलाध्यक्ष लक्ष्मण उपाध्याय ने कहा कि "यह लापरवाही असहनीय है। ऐसी घटनाओं को रोकने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हमारी लड़ाई जारी रहेगी।"

**धरने का असरः** प्रदर्शन के कारण अस्पताल के मुख्य गेट पर लोगों का आवागमन बाधित हो गया है। प्रशासन की ओर से फिलहाल धरने को शांत कराने या समस्या के समाधान की ठोस पहल नहीं की गई है। धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक वे वहां से हटने वाले नहीं हैं। इस घटना ने अस्पताल प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। युवा कांग्रेस के इस आंदोलन से मामला और तूल पकड़ रहा है। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक इस पर ठोस कदम उठाता है और पीड़ित परिवार को न्याय मिलता है।

# पटना-बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस में लगी आग

निज संवाददाता। बक्सर

दानापुर-डीडीयू रेलखंड के डुमरांव रेलवे स्टेशन पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब 22972 पटना-बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस की जनरल बोगी के निचले हिस्से में अचानक आग लग गई। घटना के बाद ट्रेन में सवार यात्रियों और रेलवे अधिकारियों के बीच हड़कंप मच गया। फौरन फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी गई और ट्रेन को डुमरांव स्टेशन पर रोका गया। सूचना मिलते ही 13 सदस्यीय फायर ब्रिगेड टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। ट्रेन के एलएचबी कोच को डुमरांव स्टेशन पर ही छोड़कर अधिकारियों ने ट्रेन को बांद्रा के लिए रवाना किया।



**घटना का विवरणः** जानकारी के अनुसार, पटना-बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस जब बक्सर जिले के टुड़ीगंज रेलवे स्टेशन से रात्रि 1:02 बजे गुजर रही थी, तभी स्टेशन पर मौजूद रेलवे कर्मचारियों ने जनरल बोगी के निचले हिस्से से आग की लपटें देखीं। तुरंत रेलवे कंट्रोल रूम और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। ट्रेन को अगले स्टेशन डुमरांव में रोका गया। फायर ब्रिगेड अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि आग ट्रेन के एलएचबी कोच के पहिए और एक्सल के बीच लगी थी। रेलवे अधिकारियों के निर्देश पर पानी का इस्तेमाल नहीं किया गया ताकि चक्का और कूलेंट जाम न हो। इसके बाद फायर ब्रिगेड कर्मियों ने एक्सटिंग्विशर सिलेंडर का इस्तेमाल कर आग बुझाई। पहले बाहर से और फिर चक्के के

♦ **डुमरांव स्टेशन पर 3 घंटे रुकी ट्रेन, आग लगने वाली बोगी को अलगकर किया रवाना**

अंदर जाकर आग पर काबू पाया गया।

**यात्रियों में दहशतः** घटना के दौरान यात्रियों के चेहरों पर दहशत साफ दिखाई दे रही थी। ट्रेन के जिस बोगी में आग लगी थी, उसे काटकर अलग किया गया और ट्रेन को तीन घंटे बाद बांद्रा के लिए रवाना कर दिया गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं, घटना के समय फायर ब्रिगेड और रेलवे स्टाफ की तत्परता से एक बड़ी दुर्घटना को टाला जा सका।

# मिट्टी कारोबारी के घर पर बदमाशों ने की फायरिंग



निज संवाददाता। आरा

नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा गांव में पूर्व की रंजिश को लेकर हथियारबंद बदमाशों ने एक मिट्टी कारोबारी के घर के दरवाजे पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। घटना की सूचना मिलते ही नवादा थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन की। पुलिस ने घटनास्थल से पिस्टल का सात खोखा भी बरामद किया है। पुलिस को सीसीटीवी कैमरे से भी फायरिंग करते फुटेज मिला है। पीड़ित ने आरोपियों पर 15 से 20 राउंड फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए चंदवा निवासी रजनीश यादव उर्फ डब्लू यादव, कमलेश यादव,बुचल यादव, हरेराम यादव, रिशु यादव, सुजीत पासवान तथा रामनगर निवासी लल्लू राय समेत पांच अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने क आरोपित हरेराम यादव को गिरफ्तार कर लिया है। कांड में प्रयुक्त स्कार्पियो गाड़ी भी जब्त की गई है। पीड़ित मिट्टी कारोबारी तेज नारायण यादव हैं। जिन्होंने पहले के केस का सुलह नहीं करने पर घटना को अंजाम देने के आरोपी लगाया है।

**पहले के केस को लेकर दिया वारदात को अंजामः** तेज नारायण यादव ने बताया कि चंदवा में दो पक्षों के बीच कई वर्षों से आपसी विवाद को लेकर रंजिश चली आ रही है। पहले भी दोनों पक्ष आमने-सामने हो चुके है। कमलेश

♦ **पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार, सात खोखा बरामद; 5 के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज**

यादव और रजनीश यादव उनके घर के बगल में रहते हैं। उनलोगों ने रात में स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल से करीब 15 से 20 की संख्या में बदमाशों को बुलाया। उनके घर पर आकर गाली-गलौज किया जाना लगा। सूचना पर नवादा थाना पुलिस आई और छानबीन कर वापस चली गई। इसके बाद रात करीब साढ़े ग्यारह बजे जान से मारने की नीयत से हथियार से लैस बदमाश उनके घर पर आए और ताबड़तोड़ 15 से 20 राउंड फायरिंग कर दी। मैंने उठकर देखा तो सभी आरोपित जान मारने की नीयत से अंधाधुंध फायरिंग कर रहे थे। नवादा थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि पीड़ित ने आरोप लगाया है कि कमलेश यादव ने बोला पहले का केस सुलह नहीं करोगे तो पूरा परिवार को जान से मार देंगे। इसके बाद सभी लोग बाइक एवं स्कार्पियो से भाग निकले। पूरी घटना गृहस्वामी के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कैद फुटेज में बाइक सवार हथियार बंद आरोपित घर पर फायरिंग करते दिख रहे है। इसके बाद बाइक से नीचे उतरकर भी फायरिंग कर रहे है। मौके से सात खोखा बरामद किया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है।

# 6659 खेल मैदान के निर्माण काम का शुभारंभ



♦ **बक्सर में जगह का हुआ चयन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दी सौगात**

निज संवाददाता। बक्सर

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 638 करोड़ 27 लाख रुपए की लागत से 533 प्रखंडों के 5671 ग्राम पंचायतों में 6659 खेल मैदानों के निर्माण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल समेत संबंधित पदाधिकारियों ने भाग लिया। जिले में 97 पंचायतों में खेल मैदान विकसित किए जाएंगे। विभागीय मानकों के अनुरूप 112 खेल मैदानों के लिए स्थलों का चयन किया गया है। बताया गया कि ग्रामीण विकास विभाग की ओर से मनरेगा योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए यह योजना शुरू की गई है। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों की आधारभूत संरचना को मजबूत करना, युवाओं को खेल-कूद के अवसर उपलब्ध कराना और मनरेगा के अंतर्गत मानव दिवसों का सृजन करना है।

**1035.37 लाख रुपए की राशि निर्धारितः** बताया गया कि 83 मैदान सरकारी विद्यालय परिसरों में, 28 अन्य बिहार सरकार की भूमि पर, 1 अभियंत्रण कॉलेज के परिसर में शामिल है। कुल योजना के लिए 1035.37 लाख रुपए की राशि निर्धारित की गई है। विभागीय निर्देशानुसार भूमि की उपलब्धता के अनुसार खेल मैदानों का विकास किया जाएगा। एक एकड़ से कम भूमिः अनिवार्य रूप से 4 खेल गतिविधियां– बास्केट बॉल, बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबॉल और रनिंग ट्रैक। 1 से 1.5 एकड़ भूमि बास्केटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, रनिंग ट्रैक, खो-खो, ऊंची कूद, लंबी कूद और स्टोर रूम। 4 एकड़ तक भूमि उपलब्धता के आधार पर सभी प्रमुख खेल सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

**खेल का महत्व और उद्देश्यः** विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल जीवन का अमूल्य हिस्सा है। खेल के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें जीत का जुनून और प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न होती है। गांवों में खेल मैदानों के विकास से युवाओं को उचित वातावरण और आधारभूत सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि प्रतिभाएं गांवों से ही उभरती हैं और आगे चल कर देश का सम्मान बढ़ाती हैं।

# स्कूल इंस्पेक्शन में पहुंचे अधिकारियों को बनाया बंधक

## हेडमास्टर और टीचर बोले- शराब की गंध आ रही थी, 10 हजार रुपए मांगे, अफसर बोले- बेवजह हमें पीटा

**निज संवाददाता | भागलपुर**

भागलपुर में नाथनगर प्रखंड के मिडिल स्कूल में गांव के लोगों ने बुधवार को दो अधिकारियों को बंधक बना लिया। आरोप लगाया गया कि दोनों अधिकारी अवैध तरीके से स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। दोनों ने शराब पी थी और 10 हजार रुपए भी मांग रहे थे। जिन दो अधिकारियों को बंधक बनाया गया, उनमें जिला शिक्षा विभाग के जिला प्रोजेक्ट मैनेजर (DPM) अमित कुमार वर्मा और सस्पेंड ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर (BPM) गौरव कुमार उर्फ गुंजन शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, निलंबित BRP के साथ स्कूल का निरीक्षण करने और अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए स्कूल के शिक्षकों और गांव के लोगों ने दोनों को स्कूल परिसर में ही बैठा लिया। मामला नयाचक मिडिल स्कूल का है। जिला शिक्षा विभाग के DPM अमित कुमार वर्मा स्कूल में इन्पेक्शन के लिए पहुंचे थे। रोस्टर के हिसाब से इंस्पेक्शन लिस्ट में अमित कुमार वर्मा का नाम नहीं था। इस दौरान उनके साथ कहलगांव ब्लॉक के सस्पेंड BPM गौरव कुमार भी मौजूद थे।

स्कूल के असिस्टेंट टीचर संजीव कांत ठाकुर ने बताया कि दोनों अधिकारी दोपहर 12:30 के करीब निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान DPM के मुंह से शराब पीने की भी गंध आ रही थी। गौरव कुमार उर्फ गुंजन ने आते ही कहा कि सर (अमित कुमार वर्मा) आए हुए हैं उन्हें 10 हजार रुपए दे दीजिए। हम लोगों ने कहा कि जब सभी टीचर स्कूल में उपस्थित हैं, तो किसी को पैसा क्यों दें?

**हेडमास्टर ने कहा- अनाधिकृत व्यक्ति के साथ आए थे DPM:** असिस्टेंट टीचर ने कहा कि अमित कुमार वर्मा ने स्कूल के छत के खुले बालकनी में लगातार सिगरेट पी रहे थे। उनकी इस हरकत को देख गांव के लोगों ने दोनों को बंधक बना लिया। घटना को लेकर नयाचक मिडिल स्कूल के हेडमास्टर आनंद प्रकाश ने बताया कि DPM के साथ आए अनाधिकृत व्यक्ति गौरव कुमार ने कहा कि DPM साहब निरीक्षण में आए हैं, उन्हें पैसा दे दीजिए और रजिस्टर लेकर नीचे चले गए। उन्होंने बताया कि इसकी लिखित सूचना ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर के जरिए से ब्लॉक एजुकेशन अफसर को दी गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी पूरे घटना की जानकारी दी जाएगी। इस घटना के बाद स्कूल परिसर में काफी संख्या में ग्रामीणों का जमावड़ा लगा रहा। स्कूल परिसर में करीब एक घंटे तक ड्रामा चला। ग्रामीण और स्कूल की ओर से इसकी सूचना थाने को भी दी गई। मौके पर कजरेली थाना की पुलिस पहुंच कर मामले को शांत कराया और दोनों अधिकारियों को वहां से हटाया।



**जिला प्रोजेक्ट मैनेजर ने थाने में दिया आवेदन, मारपीट का आरोप लगाया:** जिला प्रोजेक्ट मैनेजर (DPM) ने मामले को लेकर कजरेली थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने नयाचक मिडिल स्कूल के प्रिंसिपल समेत 5 शिक्षकों के साथ-साथ अज्ञात ग्रामीणों पर मारपीट के साथ-साथ रूम में बंधक बनाने की बात कही है। गौरव कुमार उर्फ गुंजन ने भी गांव के एक शख्स पर मारपीट का आरोप लगाया है।

मामले को लेकर कजरेली थाना अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि नयाचक मिडिल स्कूल में हंगामा की सूचना पर हम लोग पहुंचे थे। जो विवाद बताया जा रहा है, वह जांच का विषय है। DPM के शराब पीने के सवाल पर उन्होंने बताया कि एक पक्ष से आवेदन प्राप्त हुआ है। जांच की जा रही है। मामले को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार शर्मा ने बताया कि DPM अमित कुमार को लेकर जो शिकायत मिली है, वह अत्यंत गंभीर मामला है। मामले की जांच कराई जाएगी। अगर वे दोषी पाए जाते हैं, तो उन्हें सेवा मुक्त करने के लिए विभाग को लिखा जाएगा। साथ ही उनके साथ जो व्यक्ति था, उसकी पहचान कर उस पर कार्रवाई की जाएगी।

## अंग एक्सप्रेस में सीट पाने के लिए जद्दोजहद, सिर्फ चार जनरल कोच



**भागलपुर।** बेंगलुरु जाने के लिए शहर से एक ही ट्रेन है। इसमें सीट पाने के लिए मारामारी रहती है। हर बुधवार को जाने वाली अंग एक्सप्रेस में सामान्य यात्रियों की संख्या 8 से 9 सौ के बीच रहती है। इतने यात्रियों के लिए महज अंग एक्सप्रेस के रैक में चार ही सामान्य श्रेणी के कोच हैं। बुधवार को भी ट्रेन से जाने के लिए प्लेटफार्म की लंबाई के बराबर यात्रियों की कतार देखी गई। ट्रेन में दो डिब्बे आगे व दो पीछे की ओर लगे हैं। प्लेटफार्म पर नाथनगर छोर से शुरू हुई यात्रियों की कतार भोजनालय के पास स्थित लिफ्ट तक लगी रही। वहीं, पीछे के दो डिब्बों में चढ़ने के लिए लोहिया पुल के नीचे से यात्रियों की लाइन शुरू हुई जो भोजनालय के लिफ्ट तक लगी रही। प्लेटफार्म-1 पर लगी यात्रियों की लंबी लाइन को देख अधिकारी व कर्मचारी हैरान रह गए। बता दें कि ट्रेन में जनरल कोच बढ़ाने की बात हुई थी। कर्मचारियों व आरपीएफ जवानों ने बताया कि बुधवार को ट्रेन से 800 से ज्यादा यात्री जनरल बोगी में सवार हुए। प्लेटफार्म-1 की लंबाई सिग्नल टू सिग्नल 711 मीटर है और यात्रियों के प्रयोग के लिए ये लंबाई 579 मीटर है। बुधवार को यात्रियों की लाइन 500 मीटर से ज्यादा लंबी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### विशेषज्ञों की टीम करेगी इंजन में आग लगने की जांच

**जमालपुर।** मालदा रेल मंडल के डीआरएम मनीष गुप्ता ने दानापुर-भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन में लगी आग की घटना की जांच का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि रेलयात्रियों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। लापरवाही के दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। रेल मंडल के सीनियर डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर एसके तिवारी ने कहा कि 16 दिसंबर की रात दानापुर-भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के जिस इंजन में आग लगी थी, वह समस्तीपुर की थी। आग किन कारणों से लगी है इसकी जांच का जिम्मा समस्तीपुर और जमालपुर डीजल शेड के विशेषज्ञों को सौंपा गया है। दोनों ही टीमें संयुक्त रूप से जांच करेगी। जांच के बाद ही पता चल पाएगा की आग कैसे लगी। मालूम हो कि 16 दिसंबर की रात इंजन में आग लगने की घटना के बाद ट्रेन को 20:38 बजे से 21:45 बजे तक धरहरा रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया था। आग पर भी काबू पाते हुए कर्मियों ने ट्रेन को भागलपुर रवाना कर दिया था। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान यात्रियों के बीच अफरातफरी की स्थिति बनी हुई थी।

### एक लीटर महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**तारापुर।** डायल 112 के गश्ती के क्रम में तारापुर पुलिस ने तस्कर सहित 500 एमएल के दो पाउच महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पीटीसी किरण देवी ने बताया की संध्या गश्ती के दौरान डायल 112 पर सूचना मिली कि हीरो ग्लेमर बाइक संख्या बीआर 10 डब्लू 7150 से कच्ची कांवरिया पथ से छत्रहार मोड़ की ओर शराब लाई जा रही है। इसके बाद छत्रहार मोड़ के पास पुलिस ने संदिग्ध बाइक को रुकने का इशारा किया तो आरोपी बाइक चालक पुलिस को देखकर भागने लगा। इसके बाद पुलिस ने खदेड़कर उसे पकड़ लिया। नाम पता पूछने पर शंभुगंज प्रखंड के सहरोय गोयडा निवासी गुड्डू कुमार बताया। वहीं, बाइक में रखे थैले की तलाशी लेने पर 500 एमएल के दो पाउच महुआ शराब बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने बाइक को जब्त कर थाने लाई। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष राज कुमार ने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर न्यायिक हिरासत में मुंगेर भेज दिया गया है। अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

### डबल मर्डर करवाकर आरोपियों को भगाने वाला यूट्यूबर गिरफ्तार, 15 दिनों तक प्रॉपर्टी डीलर की हुई थी रेकी



**मुंगेर।** मुंगेर में 13 जुलाई को हुए दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में यूट्यूबर अभिषेक कुमार समेत 4 लोग अरेस्ट हुए हैं। यूट्यूबर अभिषेक कुमार ने मुख्य आरोपी पवन मंडल के इशारे पर इस हत्याकांड की साजिश रची थी। इसके लिए फरवरी 2024 से ही तैयारी शुरू कर दी गई थी। SP सैयद इमरान मसूद ने बताया कि घटना से 15 दिन पहले से ही अभिषेक मृतक के घर पर बैठकी शुरू कर दिया था। मनजीत मंडल के गतिविधि पर नजर रख रहा था। इस वजह से मनजीत मंडल के आने जाने की सारी टाइमिंग अभिषेक को पता थी। इसी के साथ अभिषेक ने अपराधियों को घटनास्थल की जानकारी दी। हत्या के बाद आरोपियों को भगाने में भी अभिषेक ने मदद की थी।

**गैंगवार का कारण, हिस्सेदारी का विवाद:** घटना के संबंध में SP ने बताया कि मृतक मनजीत मंडल प्रॉपर्टी डीलर था। इसी दौरान उसकी पवन नाम के व्यक्ति से पहचान हुई थी। दोनों अपराधी प्रवृत्ति के भी थे। इस दौरान दोनों की पहचान यूट्यूबर अभिषेक कुमार से भी हुई थी। 2024 के जनवरी में पवन मंडल और मनजीत मंडल के बीच आर्थिक हिस्सेदारी को लेकर विवाद था। मनजीत ने प्रॉपर्टी डीलिंग से हुई कमाई का हिस्सा देना बंद कर दिया था। इससे पवन नाराज था। इसी वजह से पवन मंडल ने यूट्यूबर अभिषेक के जरिए मनजीत मंडल को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। अभिषेक ने स्वीकार किया कि उसने पवन मंडल से 12 लाख रुपए लिए थे। 5 लाख रुपए शूटर और अन्य अपराधियों को दिए थे। इसके अलावा 7 लाख खुद रखा था। हत्या के लिए अपराधियों ने एक बाइक भी खरीदी थी। 13 जुलाई को संगीता लाइन होटल के पास मनजीत मंडल प्रॉपर्टी डीलिंग कर के वापस आ रहा था। इसी दौरान मनजीत मंडल और उसके चालक चंदन की गोली मारकर आरोपियों ने हत्या कर दी थी।

### छात्र राजद ने प्राचार्य कक्ष में जड़ा ताला, अनशन पर बैठे

**तारापुर।** मुंगेर विश्वविद्यालय के तारापुर अनुमंडल का एकमात्र डिग्री कॉलेज आरएस कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं के लंबित मांगों को पूरा कराने के लिए छात्र राजद के नेताओं ने मंगलवार से कॉलेज गेट पर अनशन शुरू किया है। इससे पहले छात्र राजद नेताओं ने प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ उदय शंकर दास को अंतिम बार मांग पत्र सौंपते हुए कहा था कि 15 दिनों में समस्याएं नहीं सुलझाई गई तो राजद अनशन एवं अन्य आंदोलन के लिए विवश होगा। 15 दिन पूर्ण होने के बाद छात्र नेताओं ने प्रभारी प्रधानाचार्य को अनशन शुरू करने की सूचना दी थी। अनशन पर बैठने से पूर्व छात्र राजद के नेताओं एवं सदस्यों ने कॉलेज कैंपस में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय प्रशासन के उदासीनता के विरुद्ध नारे लगाए। प्रधानाचार्य के कक्ष में तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। छात्र राजद के वरिष्ठ नेता मंटू यादव ने अनशन प्रारंभ किया। महाविद्यालय अध्यक्ष अंकित कुमार ने कहा कि 8 सूत्री मांगों के समर्थन में अनशन जारी रहेगा। इस महाविद्यालय में इसे प्रारंभ किया जाए। पीजी पढ़ाई की स्वीकृति मिलने सहित अन्य मांगों के पूर्ण होने तक वे लोग अनशन पर बैठे रहेंगे। शांभवी झा ने बताया कि आठ सूत्री मांगें जब तक पूरी नहीं होती उनका अनशन जारी रहेगा। राजद के वरिष्ठ नेता मंटू यादव ने कहा कि छात्र राजद ने अपनी बात रखने का प्रयास किया है। छात्रों की मांग को विवि के पास भेजा गया प्रधानाचार्य डॉ उदय शंकर दास ने कहा कि छात्र नेताओं की मांग को विश्वविद्यालय को अनुशंसा के साथ भेजा गया है। पीजी की पढ़ाई का निर्णय विश्वविद्यालय स्तर से लिया जाएगा। अन्य सभी मांगों पर महाविद्यालय कार्य कर रही है।



### जांच में खनन क्षेत्र में नहीं दिखा साइन बोर्ड पट्टा क्षेत्र से बाहर खनन के निशान, केस दर्ज

**संग्रामपुर।** मुंगेर के खान निरीक्षक ने जांच रिपोर्ट में घाट पर पट्टाक्षेत्र से बाहर खनन के निशान और क्षेत्र में साइनबोर्ड नहीं मिलने पर घाट के बंदोबस्त-धारी पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। इससे अवैध बालू के धंधेबाजों में हड़कंप का माहौल है। घाट के बंदोबस्तधारी पर यह प्राथमिकी धावा दल के जांच प्रतिवेदन के आधार पर दर्ज कराई गई है। विदित हो कि जिलाधिकारी मुंगेर अवनीश कुमार सिंह ने बदुआ नदी के पृथ्वीचक एवं सहोड़ा बालू घाट पर बालू खनन पट्टा के इकरारनामा के अनुरूप खनन नहीं होने की शिकायत पर धावा दल का गठन किया था। इन दोनों बालू घाटों का आगामी 5 वर्षों के लिए बालू खनन के लिए कुंदन कुमार के पक्ष में पट्टा का इकरारनामा किया गया है। दरअसल, धावा दल की ओर से डीएम को सौंपी गई रिपोर्ट में खनन के दौरान कई नियमों के उल्लंघन की जानकारी दी गई है। धावा दल ने दोनों घाट के खनन क्षेत्र में साइन बोर्ड लिखा नहीं पाया है। यह इकरारनामे के नियम के खिलाफ है। इसके लिए पट्टाधारी पर 50,000 रुपए के जुर्माने का प्रावधान है। जांच के दौरान खनन कार्य जारी नहीं था, पर क्षेत्र में गड्ढे मिले हैं। इस बारे में पट्टाधारी के कर्मियों ने बताया कि गड्ढा कर मशीन के द्वारा यह पता लगाया गया है कि इस क्षेत्र में बालू है या नहीं। खनन कार्य बंद रहने के बावजूद खनिज परिवहन चलान निर्गत कर दिया गया है। इस मामले को लेकर ही प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। धावा दल ने अपने जांच प्रतिवेदन में कहा है कि टीम के पहुंचने के समय खनन कार्य बंद था, जिससे अन्य पैरामीटर की जांच नहीं की जा सकी।

# चहेतों को निकालने के लिए कानून बदल देते हैं नीतीश



**निज संवाददाता | भागलपुर**

भागलपुर कैंप जेल में वांटेड क्रिमिनल्स से सुपरिटेंडेंट राजीव झा के साथ साठगांठ मामले में राजद प्रवक्ता अरुण भारती का बयान सामने आया है। उन्होंने इस मामले में नीतीश सरकार को जमकर घेरा है। बुधवार को सर्किट हाउस में दैनिक भास्कर से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि बिहार में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। सरकार का इकबाल पूरी तरह समाप्त हो चुका है। अब बिहार के मुखिया यानी मुख्यमंत्री ही अपराधियों के चरणों में हैं। सारे अपराधियों का दरबार सीएम हाउस में ही लगता है। CM अपने चहते अपराधियों को बाहर निकालने के लिए नियम कानून बदल देते हैं।

जेल के अंदर दुर्दांत अपराधियों को मिल रहे विशेष सुविधा के सवाल पर भारती ने कहा कि बिहार की यही स्थिति है। अपने नेता तेजस्वी यादव के बारे में कहा कि हमारे नेता तो कह रहे हैं कि सरकार का इकबाल समाप्त हो गया है। बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों संभाल नहीं रहा है। बिहार अचेत हाथों में है। ऐसे भी बिहार नीतीश कुमार चला नहीं रहे हैं। शासन प्रशासन का इकबाल और खौफ सब कुछ खत्म हो गया है, जिसका परिणाम ये परिणाम है। अरुण भारती ने कहा कि रिटायर अधिकारी जब राज्य को चलाएंगे, तो फिर यही स्थिति रहेगी।

**BPSC अभ्यर्थियों को थप्पड़ मारने पर भी दी प्रतिक्रिया:** राजद प्रवक्ता ने पटना में बीपीएससी अभ्यर्थियों पर डीएम की ओर से थप्पड़ चलाने का भी जिक्र किया। उन्होंने मधेपुरा में एसडीएम की ओर से की गई मारपीट को लेकर भी कहा कि किस तरह से पीटा, आप लोगों ने देखा। उन्होंने कहा कि पूरी तरह व्यवस्था चौपट हो चुकी है।

**क्या राजद, भागलपुर जेल कैंप के अधीक्षक पर कार्रवाई की मांग करेगी?:** इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि बिहार अचेत हाथों में है, लोकतंत्र में लोक ऊपर होता है ना? नीतीश बाबू तंत्र को ऊपर कर दिए और लोक को नीचे कर दिए हैं। जेल में अधीक्षक को दुर्दांत अपराधियों से साठगांठ कर दे रहे हैं। विशेष सुविधा के सवाल पर कहा कि इस मुद्दे को राजद उठाएगा। साथी उन्होंने कहा कि मामला भ्रष्टाचार का हो या फिर लॉ एंड ऑर्डर का। जनता से जुड़े हर एक मुद्दे को तेजस्वी यादव सड़क से लेकर सदन तक उठा रहे हैं और सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं।

# मंदिर के दान पेटी से 2 लाख रूपए की चोरी

**निज संवाददाता | भागलपुर**

भागलपुर में प्रतिष्ठित सिद्धपीठ दुर्गा मंदिर ब्रह्मपुर के दान पेटी का ताला तोड़कर चोरों ने करीब 2 लाख रुपए की चोरी की है। जिसका खुलासा गुरुवार की सुबह में तब हुआ जब मंदिर के पुजारी पूजा करने लिए गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद लोगों को बताया। जिसके बाद इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मंदिर प्रबंधक से जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना के संबंध में बताया गया है कि चोरों ने देर रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। अंजाम देने के बाद चोर मंदिर के दूसरे रास्ते होकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक चोर दरवाजे में लगे ताला तोड़कर मंदिर में प्रवेश किया।

दान पेटी में रखे लाखों रुपए लेकर फरार हो गए। बताया कि दुर्गा पूजा में हजारों लोगों ने चढ़ावा चढ़ाया था। दान के पैसे से मंदिर के ऊपरी हिस्सा का निर्माण किया जा रहा है।



घटना के बाद से श्रद्धालुओं में स्थानीय लोगों और में काफी आक्रोश देखी जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि चोर पहले मंदिर में चारों ओर घूम कर स्थिति और परिस्थिति को बारीकी से देखा। उसके बाद चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। एक चोर मंदिर में देर रात घूम रहे हैं। पहले वह दान पेटी को जाकर देखा। उसके बाद मंदिर के चारों तरफ लोगों की चहल-पहल को देखी उसके बाद उन्होंने वारदात को अंजाम दिया और मंदिर के दूसरे रास्ते होकर फरार हो गए।

# 2024 में सड़क हादसों में 10 फीसदी की कमी

**निज संवाददाता | भागलपुर**

भागलपुर में साल 2023 के मुकाबले 2024 में अक्तूबर तक सड़क हादसों में 10 फीसदी की कमी आई है। पिछले 10 महीने में 265 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इनमें 185 लोगों की जान चली गई। वहीं, 179 लोग हादसे में घायल हुए थे। प्रशासन का मानना है कि सड़क दुर्घटनाएं की वजह खराब सड़कें और सड़कों का रखरखाव नहीं होना भी है। इस आंकड़ों में चालू वर्ष में कम से कम 20% की कमी लाने की दिशा में कार्य करने के लिए पुलिस पदाधिकारी को संबंधित अन्य पदाधिकारी को डीएम ने निर्देश दिया है। पिछले महीने 28 नवंबर को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जो आंकड़े पेश किए गए थे। उसे पर प्रोसिडिंग हाल ही में तैयार की गई है।

घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद करने वालों की बन रही सूची: सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचा कर घायलों की जान बचाने वाले लोगों की पहचान की जा रही है। इसकी जिम्मेदारी सिविल सर्जन, थानाध्यक्ष व डीटीओ संभाल रहे हैं। अब सरकारी अस्पतालों में घायलों को पहुंचाने वाले लोगों (गुड सेमेरिटन) का नाम एंट्री पंजी में दर्ज होगा, ताकि उन्हें सम्मानित किया जा सके। सिविल सर्जन ऐसे मददगारों के नामों की अनुशंसा डीटीओ को करेंगे। जिला सड़क सुरक्षा समिति ने यह पाया है कि सड़क दुर्घटनाएं खराब सड़क या सड़कों का सही रखरखाव नहीं रहने के कारण भी हुई है। खासकर कहलगांव, घोघा, सुलतानगंज आदि क्षेत्रों में ऐसी घटनाएं हुई हैं। संबंधित इंजीनियरिंग विभाग को ऐसे स्थलों को चिह्नित करते हुए आवश्यक सुधार या मरम्मत करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही भारी वाहनों के पीछे मोटा व रंगीन रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का भी निर्देश दिया गया है।

## चेकिंग अभियान में बिना टिकट 403 यात्रियों से 2.63 लाख वसूला जुर्माना

**भागलपुर।** भागलपुर सहित मालदा से लेकर किऊल तक टिकट चेकिंग अभियान चलाई की गई। जांच में 403 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ा गया। जिनसे करीब 2.63 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया।

बुधवार को चले टिकट चेकिंग अभियान में मुख्य टिकट निरीक्षक अमर कुमार और डीके चौरसिया सहित वाणिज्यिक निरीक्षकों की एक टीम प्रणय कुमार, फूल कुमार शर्मा, संजीव कुमार गुप्ता मौजूद रहे। पुरुष व महिला टीटीई टीम भी चेकिंग में शामिल रही। चेकिंग टीम ने टिकट काउंटर व प्लेटफार्म पर यूटीएस एप के बारे में भी जानकारी दी। यात्रियों को उनके मोबाइल पर यूटीएस एप डाउनलोड कराने के बाद उपयोग के बारे में बताया गया।

इसी के साथ क्यूआर कोड स्कैन कर टिकट खरीदने के बारे में भी जानकारी दी गई। डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि यात्रा टिकट के साथ प्लेटफार्म टिकट की जांच में तेजी लाई जाएगी। जिससे स्टेशन में अवैध प्रवेश पर लगाम लगाई जा सके।


## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू (समाज कल्याण शाखा)

Email ID - dswopalamau@gmail.com

**सेविका/सहायिका चयन संबंधी प्रेस विज्ञप्ति**

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प 05/म0स0/आँ0के0उत्क्र0-472/2022-2529, दिनांक 09.07.2024 एवं निदेशक, समाज कल्याण, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 3046/स0क0, दिनांक 27.11.2024 के आलोक में पलामू जिला अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त 20 सेविका एवं 330 सहायिका के पद पर चयन के मद्देनजर दिनांक-03.01.2025 से 05.03.2025 तक आमसभा हेतु तिथि का निर्धारण किया गया है, जिसे जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.palamau.nic.in अथवा जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। सेविका/सहायिका चयन हेतु आयोजित आमसभा में चयन समिति के अध्यक्ष बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं संयोजिका महिला पर्यवेक्षिका, होगें। संबंधित क्षेत्र में महिला स्वास्थ्य परिदर्शिका अथवा ए0एन0एम0/संबंधित पोषण क्षेत्र में आँगनबाड़ी केन्द्र से नजदीकी प्राथमिक/मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं संबंधित ग्राम पंचायत के मुखिया चयन समिति के सदस्य होगें। विभागीय अधिसूचना संख्या 2238/दिनांक 30.09.2022 में दिये गये दिशा-निर्देश के आलोक में चयन समिति द्वारा आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका का चयन किया जायेगा।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
पलामू

PR 342372 (District)24-25*D



## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक 4382 दिनांक 19.12.2024

ई0-कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या UDHD/MMC/20/2024-25

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत निगम द्वारा संचालित जलापूर्ति योजनाओं (WTP) और चापाकल से संबंधित कार्य कराने के लिए सामग्री क्रय की आवश्यकता है। इच्छुक सामग्री निर्माण कम्पनी या निर्माण कम्पनी द्वारा अधिकृत एजेन्सी को ई0-कोटेशन के माध्यम से दिनांक 03.01.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक निर्दिश्ट सामग्रियों की दर जमा करना होगा। ई0-कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शुल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 60,000/- रू0 ऑन-लाईन करना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन दिनांक 04.01.2025 को 2:00 बजे अपराह्न नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। जलापूर्ति योजनाओं (WTP) और चापाकल से संबंधित सामग्री क्रय किये जाने से संबंधित सामग्रियों की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :-

**MATERIALS REQUIRED FOR WTP**

| S.L | Items Name | Specification | Quantity |
|---|---|---|---|
| 1 | Allum | | 1 ton |
| 2 | Bleaching ( Aditya Birla ) | | 1 ton |
| 3 | Lime ( Hydrated Lime ) | | 1 ton |
| 4 | Galansuta | 8, 10, 12 & 16mm | 1 no. each |
| 5 | Grease | | 1 kg |
| 6 | Coupling Tyre | 15, 16 & 17 no. | 1 no. each |
| 7 | Nut & bolt, WASHER | 10, 12, 16 & 20 mm | 1 no. each/ 1 kg |
| 8 | Tyre coupling | | 1 no. |
| 9 | Rubber ( for Gasket ) | | 1 kg |
| 10 | Copper Lug | 50, 35, 85 & 95 No. | 1 no. each |
| 11 | Alluminiam Lug | 50, 35, 85 & 95 No. | 1 no. each |
| 12 | Relay | 250 amp. | 1 no. |
| 13 | Transformer oil | | 1 Lit. |

**MATERIALS REQUIRED FOR HAND PUMP**

| S.L | Items Name | Specification | Quantity |
|---|---|---|---|
| 1 | Handle ( Bharat ) | | 1 no. |
| 2 | Head ( Bharat ) | | 1 no. |
| 3 | Body ( Bharat ) | | 1 no. |
| 4 | Chain | | 1 no. |
| 5 | Axle ( heavy ) | | 1 no. |
| 6 | Bearing | | 1 no. |
| 7 | Conecting Rod (4 suta ) | 10' Length | 1 no. |
| 8 | G.I PIPE ( TATA ) | 10' Length , 32 mm dia. | 1 no. |
| 9 | Cylinder (Gun metal ) | 2.5" | 1 no. |
| 10 | Black Tape | 1" & 2" | 1 no. |
| 11 | 1/2" plug , PVC | | 1 no. |
| 12 | M-seal | 90 g each box | 1 pack (6 Box ) |
| 13 | Rod Coupling | | 1 no. |
| 14 | Pipe Coupling ( TATA ) | 1.25" ( 32 mm ) | 1 no. |
| 15 | Front cover ( Bharat ) | | 1 no. |
| 16 | Check Valve with Washer | | 1 no. |
| 17 | Cylinder Ring ( lather ) | | 1 no. |
| 18 | Hand pump washer ( Burhani ) | | 1 no. |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/-
नगर आयुक्त -सह प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 342375 District (24-25)_D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# प्रमंडलस्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2024-25 का किया गया आयोजन

**छह जिलों के प्रतिभागियों ने दिखाया अपनी कला का जादू**



निज संवाददाता | दुमका

दुमका के इंडोर स्टेडियम में प्रमंडल स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2024-25 का आयोजन बड़े धूमधाम से हुआ। इस महोत्सव में संथाल परगना प्रमंडल के सभी छह जिलों के प्रतिभागियों ने अपनी कला और कौशल का जादू दिखाया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें लोक गीत, लोक नृत्य, भाषण, कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकला, विज्ञान प्रदर्शनी और अन्य कई रचनात्मक गतिविधियाँ शामिल थीं। यह आयोजन जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार, राष्ट्रीय सेवा योजना दुमका के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. रूपण कुमारी और नेहरू युवा केंद्र अधिकारी कुश कुमार द्वारा संचालित किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए महोत्सव को रंगीन और जीवंत बना दिया। महोत्सव के माध्यम से युवाओं को अपनी क्षमता को उजागर करने का अवसर मिला, साथ ही उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन भी प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में संथाल परगना के छह जिलों से वह सभी विजेता भागीदार शामिल हुए जिन्होंने अपने-अपने जिलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। प्रमंडल स्तर पर इन विजेताओं और चयनित प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले युवा महोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा, जो उन्हें अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए और एक बड़ा मंच प्रदान करेगा। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेकर सभी प्रतिभागियों ने अपनी अद्वितीय कला का प्रदर्शन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतियोगिता के इस तरह के आयोजनों से प्रतिभाओं का न केवल विकास होता है, बल्कि उनकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है।

वे देश, राज्य, समाज और परिवार का नाम रोशन करते हुए जीवन के हर क्षेत्र में अपनी योग्यता को साबित करते हैं। उन्होंने संथाल परगना प्रमंडल से चयनित सभी प्रतिभागियों को आगामी राज्य स्तर पर होने वाले महोत्सव में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय युवा महोत्सव के आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को निर्णायक के रूप में चुना गया। इन विशेषज्ञों ने विभिन्न विधाओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया और उनकी कला को सराहा। निर्णायकों में प्रमुख नाम थे—चुंडा सोरेन, मानवेल सोरेन, कल्याणी बर्मन, मैरी सुशन्ना टुडू, अंजनी शरण, प्रतीक मिश्रा, शिशिर घोष, कामख्या नारायण सिंह, महेंद्र प्रसाद साह, डॉ. मनोज कुमार घोष, अशोक सिंह, अंजलि झा, डॉ. अमरेंद्र सुमन, विद्यापति झा, मधुर सिंह, सोमनाथ रॉय, सुशोभित रूज, दुलाल चौधरी, और उमाशंकर चौबे। इन निर्णायकों ने न केवल प्रतिभागियों के हुनर को पहचाना, बल्कि उन्हें और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मार्गदर्शन भी दिया।

इस आयोजन ने यह साबित किया कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव जैसे कार्यक्रम युवाओं को अपनी कला, संस्कृति और रचनात्मकता को एक मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं। साथ ही, यह युवाओं के भीतर आत्मविश्वास, कड़ी मेहनत और अनुशासन की भावना को भी बढ़ावा देता है। इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से युवा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम होते हैं, जो न केवल उन्हें एक बेहतर नागरिक बनाता है, बल्कि राष्ट्र की प्रगति में भी योगदान करता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को एक नई दिशा मिली और उन्हें यह अवसर मिला कि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर करें। इसके साथ ही, यह आयोजन संथाल परगना के युवाओं को अपनी क्षमताओं का बेहतर उपयोग करने के लिए प्रेरित करेगा, जो आगे चलकर उनकी सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने में सहायक होगा।

## आपदा मित्र, होमगार्ड एवं अग्निशमन कर्मियों को दिया गया दो दिवसीय मॉक ड्रिल प्रशिक्षण

निज संवाददाता | गोड्डा



डीएमएफटी सभागार में गुरुवार को उप निर्वाचन पदाधिकारी पंकज कुमार के नेतृत्व में गोड्डा जिले के आपदा मित्र, होमगार्ड और अग्निशमन कर्मियों के लिए दो दिवसीय मॉक ड्रिल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण पटना हेडक्वार्टर से आई एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीम ने दिया। एनडीआरएफ टीम के इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने प्रोजेक्टर के माध्यम से रेस्क्यू ऑपरेशनों के वीडियो दिखाकर आपदा से बचाव और राहत कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़, आगजनी और अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में रेस्क्यू तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया। इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने विशेष रूप से भूकंप के दौरान सुरक्षा उपायों पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यदि भूकंप के समय घर या कार्यालय में हैं, तो मजबूत टेबल के नीचे छिपें।

अपने सिर और गर्दन को हाथों से ढकें। भूकंप थमने तक किसी स्थिर और सुरक्षित स्थान पर रहें। खुले स्थानों पर जाने की कोशिश करें, जहां ऊपर से कोई वस्तु गिरने की संभावना न हो। प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि बाढ़ या आगजनी के दौरान किस प्रकार सावधानी बरती जाए। टीम ने बचाव कार्यों के लिए उपलब्ध उपकरणों का सही इस्तेमाल करने और उन्हें तेजी से लागू करने के तरीके भी सिखाए।

# सवारी टेंपो और हाईवा की जोरदार भिड़ंत में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल

- दुर्घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में बढ़ा आक्रोश
- घटनास्थल पर हंगामा और सड़क जाम



निज संवाददाता | गोपीकांदर

गोविंदपुर-साहिबगंज स्टेट हाइवे पर गुरुवार को गोपीकांदर थाना क्षेत्र के खेड़ीबाड़ी शंभू लाइन होटल के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सवारी टेंपो और कोयला ले जा रहे हाईवा की भीषण टक्कर में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही गोपीकांदर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोपीकांदर ले जाया गया। सीएचसी में डॉ. सूरज प्रसाद ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया और बेहतर इलाज के लिए सभी को दुमका के फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने टक्कर में क्षतिग्रस्त टेंपो और कोयला हाईवा को जप्त कर लिया है। दुर्घटना के संबंध में टेंपो चालक विनय टुडू ने बताया कि वह रंगामिशन और बुढ़ीचापड़ गांव के सात लोगों को लेकर पाकुड़िया के सहरपुर गया था। सहरपुर से लौटते समय खेड़ीबाड़ी शंभू लाइन होटल के पास हादसा हुआ। चालक ने बताया कि टेंपो से आगे चल रहा कोयला हाईवा अचानक ब्रेक लगाने के कारण असंतुलन बिगड़ गया और टेंपो सीधे हाईवा से जा टकराया। हादसे में घायल विनय टुडू (चालक), उम्र 24 वर्ष, मीरू बेसरा, उम्र 60 वर्ष, टेड मरांडी, उम्र 56 वर्ष, झुमरी सोरेन, उम्र 35 वर्ष, बूधन मुर्मू, उम्र 40 वर्ष, कॉर्नियालूस बास्की, उम्र 55 वर्ष, अनीता सोरेन, उम्र 40 वर्ष लोग शामिल थे। घायलों में से कुछ की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बेहतर चिकित्सा के लिए रेफर किया गया है। दुर्घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने गोविंदपुर-साहिबगंज स्टेट हाइवे को जाम कर दिया। जाम के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सड़क पर भारी वाहनों की लापरवाही आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बनती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से दोषी चालक पर कड़ी कार्रवाई करने और दुर्घटना रोकने के लिए ठोस उपाय करने की मांग की। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को शांत किया और जाम को हटाने का प्रयास किया। क्षतिग्रस्त टेंपो और कोयला हाईवा को जप्त कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, स्थानीय लोगों ने मांग की है कि सड़क पर भारी वाहनों की अनियमित आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोयला परिवहन के दौरान अक्सर भारी वाहन अनियंत्रित गति से चलते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इस क्षेत्र में पहले भी कई बार इसी प्रकार की दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस सड़क पर भारी वाहनों के लिए गति सीमा निर्धारित की जाए और ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए। साथ ही, घायलों के इलाज के लिए प्रशासन से आर्थिक सहायता की भी अपील की गई है।

## 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम का आयोजन

**गोड्डा (नि.सं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में गुरुवार को गोड्डा जिले के विभिन्न प्रखंडों में 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रमुख, उप प्रमुख और जिला से प्रतिनियुक्त पदाधिकारीगण की उपस्थिति में विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया। शिविर में बताया गया कि इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना है। शिविर के दौरान अधिक वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य मूल्यांकन किया गया और उन्हें जरूरी चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, शिक्षा और सामाजिक विकास के विभिन्न पहलुओं पर जोर दिया गया। इसके अलावा स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आजीविका संवर्धन के प्रयासों को भी बल दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं की शत- प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करना है।

## एनीमिया मुक्त झारखंड सप्ताह के अंतर्गत शहरी स्वास्थ्य व पोषण दिवस का किया गया आयोजन

निज संवाददाता | गोड्डा

एनीमिया मुक्त झारखंड सप्ताह के अंतर्गत शहरी क्षेत्र गोड्डा में गुरुवार को यूएचएनडी सत्र (शहरी स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस) का आयोजन गुलज़ारबाग, गोड्डा में किया गया। उक्त कार्यक्रम में किशोरी, गर्भवती, धात्री, प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट एवं जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। आयोजन के दौरान एनयूएचएम की एएनएम अल्बीना सोरेन ने बताया कि खून की कमी या एनीमिया रोग, कुपोषण की एक गंभीर समस्या है, जो गर्भवती महिलाओं और लंबे समय से किसी बीमारी से पीड़ित लोगों को अधिक प्रभावित करती है। शरीर में आयरन की कमी के कारण रक्त में आरबीसी और हीमोग्लोबिन की मात्रा में कमी आ जाती है।

लाल रक्त कोशिकाओं की कमी के कारण पीली या सफेद त्वचा दिखाई दे सकती है और व्यक्ति बहुत अधिक कमज़ोरी महसूस कर सकता है। अतः यदि कोई व्यक्ति अत्यधिक कमजोरी, थकान और अन्य एनीमिया से सम्बंधित लक्षणों का अनुभव करता है, तो उसे तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए, क्योंकि यह स्थिति अन्य गंभीर समस्याओं का संकेत हो सकती है। इसके अलावा बताया गया कि एनीमिया रोग के लक्षण और इलाज भिन्न-भिन्न स्थितियों के आधार पर भिन्न-भिन्न हो सकते हैं, जो कि एनीमिया के प्रकार, उसकी गंभीरता और आंतरिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे- रक्तस्राव, अल्सर, कैंसर के साथ-साथ मासिक धर्म की समस्याओं पर निर्भर करते हैं। शुरूआती एनीमिया की स्थिति में लक्षणों को महसूस नहीं किया जा सकता है, लेकिन जैसे-जैसे स्थिति गंभीर होती जाती है, लक्षणों की गंभीरता भी बढ़ती जाती है।

### भूख हड़ताल पर बैठे अभ्यर्थियों की बिगड़ी हालत

**गोड्डा (नि.सं.)।** जिले में चौकीदार बहाली में अनियमितता को लेकर समाजसेवी आर्यन चंद्रवंशी लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान वे भूख हड़ताल पर बैठ गए जिसके बाद कुछ अभ्यार्थियों की हालत बिगड़ गई। इस दौरान समाजसेवी आर्यन चंद्रवंशी ने कहा कि जिस प्रकार छात्र सड़क पर है, लगातार तीन-चार दिनों से आंदोलन चल रहा है। हमने समाहरणालय घेराव किया गहरा किया, सड़क जाम किया, मंत्रियों को ज्ञापन दिया। इसके बाद भी कोई समाधान नहीं निकला। तब जाकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल किया। बार-बार मीडिया में दिखाया जा रहा है कि हमारे पास प्रमाण है की बीट से बाहर के लोगों को लिया गया है।

**जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में गर्ल्स क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन**

# मुकाबले में रनिंग गर्ल्स क्रिकेट एकेडमी ने गोड्डा गर्ल्स एकेडमी को 10 विकेट से किया पराजित

निज संवाददाता | गोड्डा



जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित गर्ल्स क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन गुरुवार को परसोती स्टेडियम में जिला खेल पदाधिकारी प्राण महतो के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं जिला क्रिकेट संघ द्वारा बताया गया कि गोड्डा में पहली बार गर्ल्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कराया जा रहा है। क्रिकेट संघ सचिव रंजन कुमार ने बताया कि इस वर्ष इस प्रतियोगिता की शुरुआत की जा रही है और अगले वर्ष इससे बड़े स्तर पर आयोजित की जायेगी। वहीं टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबले में रनिंग गर्ल्स क्रिकेट एकेडमी ने गोड्डा गर्ल्स एकेडमी को 10 विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोड्डा गर्ल्स एकेडमी ने 16 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 69 रन का स्कोर खड़ा किया। सबीना ने सर्वाधिक 16 रन की पारी खेली। प्रीति ने 2 एवं मोनिका ने 1 विकेट प्राप्त किया। जवाब में रनिंग गर्ल्स क्रिकेट एकेडमी ने सिर्फ 10 ओवर 3 गेंद में बिना किसी नुकसान के 70 रन बनाकर मैच जीत लिया।मोनिका ने नाबाद 28 रन एवं शांभवी ने नाबाद 18 रन की पारी खेली। वूमेन ऑफ द मैच का पुरस्कार मोनिका कुमारी को दिया गया। इस अवसर पर जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष सनोज कुमार, सदस्य अजीत कुमार, मुकेश मंडल कोच मतिष झा सहित अन्य उपस्थित थे।

# सुशासन सप्ताह, प्रशासन गांव की ओर अभियान के सफल आयोजन को लेकर डीडीसी ने की बैठक

निज संवाददाता | गोड्डा



19 से 24 दिसंबर तक चल रहे सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के सफल संचालन और उद्देश्य की प्राप्ति को लेकर गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त स्मिता टोप्पो की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी और पदाधिकारी मौजूद थे, जहां सुशासन सप्ताह के तहत होने वाले प्रशासन गांव की ओर अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त स्मिता टोप्पो ने अधिकारियों को इस सप्ताह के आयोजन के महत्व को समझाते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर वहां की जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान करना, उन्हें सरकार की योजनाओं से अवगत कराना और अंतिम लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान प्रशासन की ओर से जिले के सभी प्रखंडों और शहरी निकाय क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और लाभकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी।

स्मिता टोप्पो ने इस अभियान के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए विशेष ध्यान देने की बात कही, जैसे राजस्व, समाज कल्याण, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि से संबंधित मुद्दों का निबटारा किया जाएगा। उनका कहना था कि शिविरों के माध्यम से लोगों के आवेदन को त्वरित रूप से निपटाया जाएगा, ताकि आमजन को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। इसके साथ ही उप विकास आयुक्त ने सभी अधिकारियों को शिविरों का आयोजन सुनिश्चित करने और उन्हें सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारियों को सुनिश्चित करना होगा कि जिले के प्रत्येक प्रखंड और शहरी क्षेत्र में सभी आवेदन और समस्याओं का निष्पादन समयबद्ध तरीके से किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी आवेदक परेशान न हो। बैठक में सिविल सर्जन गोड्डा डॉ. अनंत कुमार झा, जिला भू अर्जन पदाधिकारी रितेश जयसवाल, जिला परिवहन पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कंचन कुमारी भुदोलिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे। इन अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की ओर से शिविरों के आयोजन और उनके सुचारु संचालन के बारे में अपने विचार और योजनाएं साझा की। बैठक के अंत में उप विकास आयुक्त स्मिता टोप्पो ने अधिकारियों से अपेक्षाएँ जताई कि वे सुनिश्चित करेंगे कि सुशासन सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम न केवल सफल हों, बल्कि ग्रामीणों तक शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ भी पहुंच सके। उन्होंने अधिकारियों को यह भी याद दिलाया कि यह अवसर है, जब प्रशासन जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और सेवाओं को मजबूती से प्रदर्शित कर सकता है, जिससे जनता में प्रशासन के प्रति विश्वास और विश्वास को बढ़ाया जा सके।

### झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने किया महत्वपूर्ण आपात बैठक

**दुमका (नि.सं.)।** झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की जिला इकाई ने निजी विद्यालयों की प्रशासनिक और तकनीकी समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण आपात बैठक आयोजित की। यह बैठक जिला सचिव करुण कुमार राय की अध्यक्षता में हुई, बैठक का उद्देश्य आपार आईडी (यूनिक आईडेंटिफिकेशन नंबर) बनाने की प्रक्रिया में आ रही बाधाओं का समाधान खोजना और इसे समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए ठोस कदम उठाना था। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि आपार आईडी निजी विद्यालयों के लिए न केवल प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह उनकी पहचान और मान्यता के लिए भी अनिवार्य है। वर्तमान में, कई स्कूल तकनीकी समस्याओं, दस्तावेज़ों की कमी, और प्रक्रिया की जटिलताओं के कारण इस कार्य को पूरा करने में असमर्थ हैं।

# धान के पुआल में लगी आग, लाखों का नुकसान

निज संवाददाता | महागामा



महागामा प्रखंड के विश्वासखानी गांव के पूर्वी बहियार में स्थित एक खलिहान में गुरुवार को रखे गए धान के पुआल में अचानक आग लगने से लगभग 3 बीघा धान की फसल जलकर राख हो गई। यह घटना दिन के करीब 11 बजे के आसपास घटी, जिससे किसान चंदेश्वरी यादव को भारी नुकसान हुआ। आग लगने के कारणों को लेकर अभी तक किसी को भी सटीक जानकारी नहीं मिल पाई है, लेकिन किसान चंदेश्वरी यादव का कहना है कि यह आग जान-बूझकर लगाई गई हो सकती है। घटना के बाद जैसे ही आग की लपटों ने गांव में फैलना शुरू किया, गांववाले तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, आग की तेज लपटों के सामने उनके प्रयास नाकाम रहे और देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर लिया। आग की बढ़ती लपटों के कारण पूरा खलिहान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने बोरिंग मशीन से लगातार पानी का छिड़काव किया और काफी समय तक मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस बीच आग की लपटों ने कई अन्य गांवों को भी खतरे में डाला, लेकिन किसी तरह स्थानीय लोगों की मेहनत और प्रशासनिक सहयोग से आग को फैलने से रोका गया। किसान चंदेश्वरी यादव ने अपनी दुखभरी आवाज में बताया कि लगभग तीन बीघा धान की फसल जलकर खाक हो गई है, जो उनके परिवार के लिए एक बड़ा संकट बन चुका है। वे एक गरीब परिवार से आते हैं और अपने परिवार की आजीविका के लिए मजदूरी करते हैं। उनका कहना है कि यह नुकसान उनके लिए न केवल आर्थिक रूप से भारी है, बल्कि यह उनकी मेहनत का भी क्षय है। घटना के बाद पीड़ित किसान चंदेश्वरी यादव और अन्य प्रभावित किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। उनका कहना है कि वे इस अगलगी की घटना से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं और उनके पास अब जीविका चलाने के लिए कोई अन्य उपाय नहीं बचा है। किसानों ने प्रशासन से जल्दी और उचित मुआवजे की मांग की है ताकि वे इस संकट से उबर सकें।

## नगर पंचायत द्वारा गरीबों के बीच कंबल वितरण

निज संवाददाता | हरिहरगंज



नगर पंचायत हरिहरगंज ने ठंड के मौसम को देखते हुए गरीब और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण अभियान चलाया। इस कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत के वार्ड नंबर 9 में किया गया, जहां सीएलटीसी संजय राणा और जेई सुबोध कुमार की उपस्थिति में कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर संजय राणा ने बताया कि नगर पंचायत में इन दिनों ठंड काफी बढ़ गई है, और ऐसे में गरीब परिवारों को राहत देने के उद्देश्य से कंबल वितरण की योजना बनाई गई है। उन्होंने यह भी कहा कि यह एक निरंतर प्रक्रिया है, और नगर पंचायत के सभी वार्डों में जल्द ही कंबल वितरित किए जाएंगे, ताकि कोई भी व्यक्ति इस ठंड में बिना गर्म कपड़े के न रहे। इस कार्यक्रम में सीआरपी रिशु कुमारी, कंप्यूटर ऑपरेटर विक्की कुमार, सफाई सुपरवाइजर श्याम कुमार और अन्य पंचायत कर्मचारी भी मौजूद थे। उन्होंने इस पहल को लेकर नगर पंचायत प्रशासन की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजनों से गरीबों को ठंड के मौसम में काफी राहत मिलेगी। साथ ही, कार्यक्रम के दौरान स्थानीय निवासियों ने नगर पंचायत के इस कदम की सराहना की और उम्मीद जताई कि इसी तरह से अन्य सामाजिक कार्य भी आगे बढ़ाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक मदद पहुंच सके।

### भाजपा मंडल कार्यसमिति ने की बैठक

**हंसडीहा (नि. सं.)।** सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक हंसडीहा क्षेत्र के कसवा काली मंदिर प्रांगण और सरैयाहाट क्षेत्र के नव दुर्गा मंदिर चरकापाथर में गुरुवार को सम्पन्न हुई। हंसडीहा में मंडल अध्यक्ष विनोद प्रसाद यादव की अध्यक्षता में में हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रुपेश कुमार मंडल उपस्थित थे। बैठक का संचालन मंडल के महामंत्री प्रभु दयाल शर्मा द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से संगठन की मजबूती पर चर्चा एवं सदस्यता अभियान चलने का संकल्प लिया गया, साथ ही प्रत्येक पंचायत से 250 नये सदस्यों को पुराने सदस्यों द्वारा बनने पर चर्चा की गई।

## नो एंट्री नियमों का उल्लंघन करने पर होगी सख्त कार्रवाई

निज संवाददाता | गोड्डा



महागामा अनुमंडल में ट्रैफिक नियमों के कड़ाई से पालन को सुनिश्चित करने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी आलोक वरन केसरी ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। महागामा गंगासागर मोड़ के पास दो भारी वाहनों को नो एंट्री नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़ा गया और बाद में उन दोनों वाहनों को थाना भेज दिया गया। यह कार्रवाई महागामा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुधारने और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है। अलोक वरन केसरी ने इस संदर्भ में स्पष्ट रूप से कहा कि नो एंट्री नियमों का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह कार्रवाई शहर की सुरक्षा और व्यवस्थित यातायात सुनिश्चित करने के लिए उठाई गई है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और शहर में यातायात व्यवस्था को बनाए रखा जा सके। अनुमंडल पदाधिकारी ने वाहन चालकों से अपील की कि वे निर्धारित समय में ही भारी वाहनों का संचालन करें और नो एंट्री जैसे प्रतिबंधों का पालन करें। उन्होंने कहा कि इस कदम का उद्देश्य सिर्फ नियमों का पालन करना नहीं, बल्कि शहर की सुरक्षा और सामान्य नागरिकों की यात्रा को सुरक्षित बनाना भी है। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्रवाई उन वाहन चालकों के लिए चेतावनी के रूप में है जो नियमों को नजरअंदाज कर यातायात की अव्यवस्था फैलाते हैं। प्रशासन ने यह संकेत दिया है कि आने वाले समय में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और नियम उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अलोक वरन केसरी से बातचीत में उन्होंने बताया कि इन दो भारी वाहनों को जप्त किया गया है और संबंधित कागजात की जांच की जाएगी। यदि कोई दोष पाया गया तो उन पर भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा। यह कदम यह सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है कि यातायात के नियमों का पालन हो और सड़क पर दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने नागरिकों से यह भी कहा कि यदि वे समय रहते नियमों का पालन करते हैं, तो इससे ना केवल उनके खुद के जीवन की सुरक्षा होगी, बल्कि शहर की यातायात व्यवस्था भी दुरुस्त रहेगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

# गरीब वर्ग के लिए बेहद लाभकारी है भारत की 'दान' संस्कृति

## खतरे की घंटी, मुद्रा भंडार में लगातार आ रही कमी

पिछले कुछ समय से विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट का रुख बना हुआ है। बीते सितंबर में विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब डालर के अपने सार्वकालिक ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था, मगर उसके बाद से अब तक करीब अड़तालीस अरब डालर की कमी दर्ज की जा चुकी है। शुक्रवार को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में 3.23 अरब डालर की कमी दर्ज की गई। अब वह 654.86 अरब डालर पर पहुंच गया है। इस सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार की सभी आस्तियों में गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले 15 नवंबर वाले हफ्ते में 1998 के बाद सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी। उस वक्त विदेशी मुद्रा भंडार 17.76 अरब डालर गिर कर 657.892 अरब डालर पर पहुंच गया था। इस तरह विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट की मुद्रा स्वाभाविक रूप से सरकार के लिए चिंता का विषय है।उधर, डालर के मुकाबले रुपए की कीमत भी लगातार गिर रही है। पिछले महीने रुपए की कीमत गिर कर 84.41 के अपने सार्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गई थी। विशेषज्ञों का कहना था कि रिजर्व बैंक रुपए की कीमत में गिरावट को रोकने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार से डालर निकाल कर बेच रहा होगा।विदेशी मुद्रा भंडार की मजबूती से न केवल आर्थिक संकट के समय सुरक्षा का भरोसा बना रहता है, बल्कि इससे अर्थव्यवस्था की बेहतरी का भी संकेत मिलता है। इसमें गिरावट की कई वजहें होती हैं। विदेशी मुद्रा भंडार में कमी से जाहिर होता है कि विदेशी निवेशक अपना हाथ खींच रहे हैं। नवंबर के तीसरे हफ्ते में भारी गिरावट दर्ज हुई तो उसकी बड़ी वजह यही थी। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे आते ही विदेशी निवेशकों ने अपने पैसे निकाल कर अमेरिका का रुख कर लिया।जाहिर है, इसका असर विकास परियोजनाओं पर पड़ता है। सरकार एक ओर तो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ने का दावा करती है, दूसरी ओर उसके विदेशी मुद्रा भंडार में छीजन दर्ज हो रही है। विशेषज्ञों का यह कयास निर्मूल नहीं है कि रिजर्व बैंक ने विदेशी मुद्रा भंडार से डालर बेच कर रुपए की गिरती कीमत को रोकने का प्रयास किया। इसके अलावा, विदेशी भंडार पर सबसे सबसे बुरा असर व्यापार घाटा बढ़ने की वजह से पड़ता है।

(प्रह्लाद सबनानी )

जब अर्थ को अत्यधिक महत्व प्रदान किया जा रहा है, तब अधिक से अधिक धनराशि का दान करना ही शुभ कार्य माना जा रहा है। इस दृष्टि से वैश्विक स्तर पर नजर डालने पर ध्यान में आता है कि दुनिया में सबसे बड़े दानदाता के रूप में रतन टाटा का नाम सबसे ऊपर उभर कर सामने आता है। भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों में दान दक्षिणा की प्रथा का अलग ही महत्व है। भारत में विभिन्न त्यौहारों एवं महापुरुषों के जन्म दिवस पर मठों मंदिरों, गुरुद्वारों एवं अन्य पूजा स्थलों पर समाज के सम्पन्न नागरिकों द्वारा दान करने की प्रथा अति प्राचीन एवं सामान्य प्रक्रिया है। गरीब वर्ग की मदद करना ईश्वर की सबसे बड़ी सेवा माना जाता है। समाज में आपस में मिल बांटकर खाने पीने की प्रथा भी भारत में ही पाई जाती है और यह प्रथा भारतीय समाज में बहुत आम है। परिवार में आई किसी भी खुशी की घटना को समाज में विभिन्न वर्गों के बीच आपस में बांटने की प्रथा भी भारत में ही पाई जाती है। इस उपलक्ष्य में कई बार तो बहुत बड़े स्तर पर सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन भी किए जाते हैं। जैसे जन्म दिवस मनाना, परिवार में शादी के समारोह के पश्चात समाज में नाते रिश्तेदारों, दोस्तों एवं मिलने वालों को विशेष आयोजनों में आमंत्रित करना, आदि बहुत ही सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा हैं। एक अनुमान के अनुसार भारत के विभिन्न मठों, मंदिरों, गुरुद्वारों एवं अन्य पूजा स्थलों पर प्रतिदिन 10 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्रसादी के रूप में भोजन वितरित किया जाता है। साथ ही, पूरी दुनिया में भारत ही एक ऐसा देश है, जिसमें निवासरत नागरिक, चाहे वह कितना भी गरीब से गरीब क्यों न हो, अपनी कमाई में से कुछ राशि का दान तो जरूर करता है। भारतीय शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि हिंदू सनातन संस्कृति के अनुरूप, महर्षि दधीच ने तो, देवताओं को असुरों पर विजय प्राप्त करने के उद्देश्य से, अपने शरीर को ही दान में दे दिया था, जिसे इतिहास में उच्चत्तम बलिदान की संज्ञा भी दी जाती है। आज के युग में जब अर्थ को अत्यधिक महत्व प्रदान किया जा रहा है, तब अधिक से अधिक धनराशि

> *भारत में गरीब वर्ग/परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने में समाज में सम्पन्न वर्ग द्वारा किए जाने वाले दान आदि की राशि से भी बहुत मदद मिलती है। निगमित सामाजिक दायित्व (सी एस आर) योजना के अंतर्गत चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ भी समाज के गरीब वर्ग को ही मिलता है। अतः विश्व में शायद भारत ही एक ऐसा देश है जहां सरकार एवं समाज मिलकर गरीब वर्ग की भलाई हेतु कार्य करते हुए दिखाई देते हैं।*

का दान करना ही शुभ कार्य माना जा रहा है। इस दृष्टि से वैश्विक स्तर पर नजर डालने पर ध्यान में आता है कि दुनिया में सबसे बड़े दानदाता के रूप में आज भारत के टाटा उद्योग समूह के श्री रतन टाटा का नाम सबसे ऊपर उभर कर सामने आता है। इस सूची में टाटा समूह के संस्थापक श्री जमशेदजी टाटा का नाम भी बहुत सम्मान के साथ लिया जाता है, जिन्होंने अपने जीवन में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में 8.29 लाख करोड़ रुपए की राशि का महादान किया था। इसी प्रकार, श्री रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने वर्ष 2021 तक 8.59 लाख करोड़ रुपए की राशि का महादान किया था। आप अपनी कमाई का बहुत बड़ा हिस्सा गरीब वर्ग की सहायतार्थ दान में दे देते थे। श्री रतन टाटा केवल भारत स्थित संस्थानों को ही दान नहीं देते थे बल्कि वैश्विक स्तर पर समाज की भलाई के लिए कार्य कर रहे संस्थानों को भी दान की राशि उपलब्ध कराते थे। आपने वर्ष 2008 के महामंदी के दौरान अमेरिका स्थित कार्नेल विश्वविद्यालय को 5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का दान प्रदान किया था। श्री रतन टाटा ने आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे छात्रों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जे. एन. टाटा एंडाउमेंट, सर रतन टाटा स्कॉलर्शिप एवं टाटा स्कॉलर्शिप की स्थापना कर दी थी। श्री रतन टाटा चूंकि अपनी कमाई का बहुत बड़ा भाग दान में दे देते थे, अतः उनका नाम कभी भी अमीरों की सूची में बहुत ऊपर उठकर नहीं आ पाया। इस सूची में आप सदैव नीचे ही बने रहे। श्री रतन टाटा जी के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने अपने जीवन काल में इतनी बड़ी राशि का दान किया था कि आज विश्व के 2766 अरबपतियों के पास इतनी सम्पत्ति भी नहीं है। यूं तो टाटा समूह ने भारत राष्ट्र के निर्माण में बहुत ही अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, परंतु कोरोना महामारी के खंडकाल में श्री रतन टाटा के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। जिस समय पूरा विश्व कोरोना महामारी से जूझ रहा था, उस समय श्री रतन टाटा ने न केवल भारत बल्कि विश्व के कई अन्य देशों को भी आर्थिक सहायता के साथ साथ वेंटिलेटर, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट, मास्क और दस्ताने आदि सामग्री उपलब्ध कराई। श्री रतन टाटा के निर्देशन में टाटा समूह ने इस खंडकाल में 1000 से अधिक वेंटिलेटर और रेस्पिरेटर, 4 लाख पीपीई किट, 35 लाख मास्क और दास्ताने और 3.50 लाख परीक्षण किट चीन, दक्षिणी कोरिया आदि देशों से भी आयात के भारत में उपलब्ध कराए थे। श्री रतन टाटा के पूर्वज पारसी समुदाय से थे और ईरान से आकर भारत में रच बस गए थे। श्री रतन टाटा ने न केवल भारतीय हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों को अपने जीवन में उतारा, बल्कि इन संस्कारों का अपने पूरे जीवनकाल में अक्षरशः अनुपालन भी किया। इन्हीं संस्कारों के चलते श्री रतन टाटा को आज पूरे विश्व में सबसे बड़े दानदाता के रूप में जाना जा रहा है। टाटा समूह का वर्णन तो यहां केवल उदाहरण के रूप में किया जा रहा है। अन्यथा, भारत में ऐसे कई औद्योगिक घराने हैं जिन्होंने अपनी पूरी संपत्ति को ही ट्रस्ट के माध्यम से समाज के उत्थान एवं समाज की भलाई के लिए दान में दे दिया है। प्राचीन भारत में यह कार्य राजा महाराजाओं द्वारा किया जाता रहा हैं। हिंदू सनातन संस्कृति के विभिन्न शास्त्रों में यह वर्णन मिलता है कि ईश्वर ने जिसको सम्पन्न बनाया है, उसे समाज में गरीब वर्ग की भलाई के लिए कार्य करना चाहिए। यह सहायता गरीब वर्ग को सीधे ही उपलब्ध कराई जा सकती है अथवा ट्रस्ट की स्थापना कर भी गरीब वर्ग की मदद की जा सकती है। वर्तमान में तो निगमित सामाजिक दायित्व (सी एस आर - कोरपोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी) के सम्बंध में कानून की बना दिया गया है। जिन कम्पनियों की सम्पत्ति 500 करोड़ रुपए से अधिक है अथवा जिन कम्पनियों का वार्षिक व्यापार 1000 करोड़ रुपए से अधिक है अथवा जिन कम्पनियों का वार्षिक शुद्ध लाभ 5 करोड़ से अधिक है, उन्हें इस कानून के अंतर्गत अपने वार्षिक शुद्ध लाभ के दो प्रतिशत की राशि का उपयोग समाज की भलाई के लिए चलाई जा रही परियोजनाओं पर खर्च करना आवश्यक होता है। इन विभिन्न मदों पर खर्च की जाने वाली राशि का प्रतिवर्ष अंकेक्षण भी कराना होता है, ताकि यह जानकारी प्राप्त की जा सके राशि का सदुपयोग समाज की भलाई के लिए किया गया है एवं इस राशि का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग नहीं हुआ है।

## 73 साल की उम्र में दुनिया से विदा ली उस्ताद जाकिर हुसैन ने

तबले को भारतीय शास्त्रीय संगीत और विश्व संगीत में उच्च स्थान दिलाने वाले महान फनकार उस्ताद जाकिर हुसैन ने कल रात दुनिया को अलविदा कह दिया। उन्होंने 73 साल की उम्र में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में आखिरी सांस ली। उनके परिवार ने आज सुबह उनके निधन की पुष्टि करते हुए बताया कि उनकी मृत्यु इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस से हुई, जो फेफड़ों को प्रभावित करने वाली एक बीमारी है। पिछले दो हफ्ते से वह अस्पताल में भर्ती थे। उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर देश और दुनिया भर के संगीतकारों, संगीत प्रेमियों ने दुख जताया है। 'भगवान का अवतार थे मेरे लिए' तबला वादक उस्ताद अकरम खां ने कहा कि वह तबले के मुश्किल से मुश्किल मात्रे, ताल भी इतनी सरलता से बजा लेते थे कि हम भी हैरान रह जाते थे। मेरे लिए वह भगवान का अवतार थे। 2020-21 की वो शाम मुझे आज भी याद है। मैं मुंबई में उस्ताद अल्लारखा खां की सौवीं जन्मतिथि पर हो रहे कार्यक्रम में उस्ताद जाकिर हुसैन के साथ बगल में बजा रहा था। उस वक्त महसूस हुआ कि वे कितने महान इंसान हैं। खुद में इतना बड़ा नाम होकर भी आपके साथ एक बुजुर्ग की तरह प्यार से पेश आते हैं। उन्होंने दिल्ली में मेरे आगामी शो में आने का वादा किया था पर दुनिया से ही चले गए। उन्होंने पिछले पचास साल में संगीत जगत को इतना दिया है कि वह हमेशा हमारे बीच गूंजता रहेगा। वालिद साहब की बरसी के प्रोग्राम में मेरा परफॉर्मेंस उन्होंने पूरा एक घंटा तन्मयता से सुना था। संतूर वादक और संगीतकार पंडित अभय रुस्तुम सोपोरी ने उस्ताद जी को याद करते हुए कहा, भारतीय संगीत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने में उनका बड़ा योगदान है। उन्होंने तबले के साथ जो प्रयोग किए, वो आज भी अचंभित कर देते हैं। उन्होंने संगीत को उन लोगों से भी जोड़ा जो संगीत के बारे में समझ नहीं रखते थे। तबले के बोल कितने मुश्किल होते हैं, फिर भी उन्होंने आम इंसान को तबला उसी की जुबान में सुनाया। एक संगीतकार बेशक देह छोड़कर दुनिया से चला जाता है पर उसका संगीत कहीं नहीं जाता।

## वन नेशन वन इलेक्शन लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत बनाने की दिशा में बढ़ता कदम

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)

हालांकि मोदी सरकार आने के बाद से ही 2014 से एक देश एक चुनाव पर चर्चा का सिलसिला चल निकला था। 2017 में नीति आयोग ने इसे उपयुक्त बताया और 2018 में संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए तत्कालीन राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने इसे सही दिशा बताया। 17 दिसंबर को लोकसभा में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा एक देश एक चुनाव से संबंधित विधेयक पेश करने के साथ ही देश में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होने की दिशा में एक कदम और बढ़ जाएगा। हांलाकि सरकार इस विधेयक को संसदीय समिति को भेजने की मंशा व्यक्त करती रही है ताकि इस पर सांसदीय समिति के माध्यम से गंभीर मंथन और चिंतन हो सके। हांलाकि अभी एक देश एक चुनाव की दिशा में बढ़ते कदमों में स्थानीय निकायों के चुनावों की प्रकिया बाकी है जिस पर सरकार ने अभी गंभीरता नहीं दिखाई है और उसका कारण भी है कि उस प्रस्ताव के विधेयक को विधानसभाओं से भी पारित करवाया जाना होगा। खैर लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते हैं तो भले ही कांग्रेस सहित विपक्ष विरोध कर रहे हो पर माना जाना चाहिए कि यह सही दिशा में बढ़ता कदम होगा। ऐसा नहीं है कि भारतीय लोकतंत्र के लिए यह कोई नई बात हो बल्कि आजादी के समय से ही देश में एक साथ चुनाव कराने पर बल दिया जाता रहा है। 1952, 1957, 1962 और 1967 के चुनाव इसके उदाहरण है। 1968 से विधानसभाओं को भंग करने का जो सिलसिला चला उसने पूरे हालात ही बदल दिए और उसके बाद लोकसभा और विधानसभा के चुनाव अलग अलग होने लगे। केवल सहूलियत ही मानलो अन्यथा अलग अलग चुनावों के दुष्परिणाम अधिक ही सामने आते हैं। यह केवल चुनावों पर होने वाले सरकारी और गैरसरकारी खर्चों तक ही सीमित ना होकर अलग अलग चुनाव होने से एक नहीं अनेक समस्याओं का कारण बन रहे हैं। लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अलग अलग होने से करीब एक साल तक चुनी हुई सरकार पंगु ही बन कर रह जाती है। इसको राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों के चुनावों से इस तरह से समझा जा सकता है। हांलाकि यह उदाहरण मात्र है और सभी प्रदेशों पर समान तरीके से लागू होता है। नवंबर दिसबंर में राजस्थान की विधानसभा के चुनाव होते हैं। सरकार बनते ही अपनी प्राथमिकता भी तय कर पाती है जब तक बजट की तैयारी में जुटना पड़ता है क्योंकि अब फरवरी में ही बजट सेशन होने लगे हैं। मई जून में लोकसभा के चुनाव के कारण अप्रेल से ही आचार संहित लगने की तलवार लटक जाती है और फिर करीब डेढ़ माह का समय आचार संहिता को समर्पित हो जाता है। इसके कुछ समय बाद ही या यों कहे कि परिवर्तित बजट से निपटते निपटते सरकार के सामने स्थानीय निकायों व पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव का समय हो जाता है और उसके कारण लंबा समय इन चुनावों के कारण आचार संहिता के भेंट चढ़ जाता है। इस बीच में कोई कोई ना कोई उप चुनाव आ जाते हैं तो उसका असर भी चुनी हुई सरकार को भुगतना पड़ता है। जैसे तैसे चौथा साल पूरा होने को होता है कि सरकार ताबड़तोड़ निर्णय करने लगती है और इनके क्रियान्वयन का समय आते आते चुनाव आचार संहिता लग जाती है। इस तरह से एक बात तो साफ हो जाती है कि पांच साल के लिए चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार का कमोबेस करीब एक साल का समय तो चुनाव आचार संहिताओं के ही भेंट चढ़ जाता है। यह तो केवल लोकतांत्रिक जनता द्वारा चुनी हुई सरकार के कार्यों के प्रभावित होने का एक उदाहरण मात्र है। अब अलग अलग चुनाव होने से चुनाव पर होने वाले सरकारी और गैर सरकारी खर्चों पर भी ध्यान दिया जा सकता है। 1952 के पहले चुनाव में सरकारी व गैरसरकारी जिसमें राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ने वालों का खर्च भी शामिल है वह करीब 10 करोड़ के आसपास रहा। 2010 के आमचुनाव में 10 हजार करोड़ रु. का व्यय माना जा रहा है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5587

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | 5 | | 8 | | |
| | | 6 | 3 | | 9 | | | 2 |
| 4 | 2 | | | | | | | 7 |
| 9 | | 2 | | | | | 8 | |
| | | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | | |
| | 5 | | | | | 1 | | 4 |
| 7 | | | | | | | 9 | 5 |
| 2 | | | 5 | | 7 | 3 | | |
| | | 1 | | 2 | 3 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5586

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 5 |

## वर्ग पहेली 5587

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | 3 | 4 | ■ | 5 |
| 6 | | ■ | ■ | 7 | | 8 | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | | |
| ■ | 12 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 13 | | | ■ | 14 | 15 | | ■ |
| | ■ | | ■ | 16 | | ■ | 17 |
| 18 | 19 | | 20 | | ■ | 21 | |
| 22 | | ■ | 23 | | | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1980 में इस महान पार्श्वगायक का निधन हुआ था (6)
6. बर्फ, नीहार, मिहिका (2)
7. मर्मज्ञ, जो किसी का गुप्त भेद जानता हो (4)
9. ऊंची आवाज में बोली लगाकर माल बेचने का ढंग (3)
11. भय या शर्म के कारण कांप उठना (4)
12. शक, संदेह, भ्रम (3)
13. असघन, अनुपम (3)
14. तलहटी, भिक्षा झोली, आंचल, पल्ला (3)
16. महिला ईसाई पादरी को यह कहा जाता है (2)
18. भारत की प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना जिसे रवीन्द्रनाथ टैगोर ने नृत्य साम्राज्ञी कहकर संबोधित किया था (5)
21. 332 द्वीपों वाले फिजी देश की राजधानी यह है (2)
22. वह वाद्य जिसमें तार लगे हो (2)
23. वर देने वाला, अभीष्ट दायक, वरदायक, वरप्रद (4)

**ऊपर से नीचे**
1. भगवान विष्णु का एक रूप (3)
2. आक्रमण करने वाला, आक्रमणकारी (5)
3. पुस्तक पठन आधार (3)
4. यह शरीर की सबसे बड़ी हड्डी है (3)
5. घोर ध्वरि करना, दहाड़ना, घनकना (3)
8. यह भारत का सीमावर्ती राज्य है इसकी पश्चिमी सीमा और उत्तर पश्चिमी सीमा पाकिस्तानी सीमा के साथ मिली हुई है (4)
10. जनान खाना को यह भी कहते है (5)
13. उन्नत, वर्धकाय, प्रफुल्ल (4)
14. पुराणानुसार कर्ण अधिक दान के कारण इस उपाधि से विभूषित थे (4)
15. हृदय, दिल, चित (2)
17. यह इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप है (2)
19. पिता, पैदा करने वाला, पूज्य व्यक्ति (2)
20. देवता, सुर, ईश्वर (2)
21. पुत्री, बेटी (2)

### वर्ग पहेली 5586 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | मा | कि | न | ■ | सिं | ड | र |
| ह | म | ला | ■ | ■ | हा | ल | त |
| त | ला | ■ | त | म | स | ■ | ना |
| इं | ■ | पा | ■ | जा | न | व | र |
| दौ | र | ■ | ना | क | ■ | जू | ■ |
| री | ति | ■ | द | र | ब | द | र |
| ■ | प | र | ना | ना | ■ | ■ | बा |
| का | ति | ब | ■ | ■ | श | बा | ब |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन व्यस्तता से भरा होगा। अधिक भागदौड़ रहने के कारण आप काम काफी बिजी रहेंगे। आपको पांव में चोट लगने का भय है। आपकी निर्णय लेने की क्षमता से आपको लाभ होगा और आप कुछ नया करने के बारे में सोच सकते हैं। रुके हुए कार्यों की पूर्ति होगी और आपको खुशी होगी। किसी काम में विनिमय करना पड़े तो दिल खोलकर करें।

### वृष
आज दिन शुभ है और आपको ऑफिस में बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जा सकता है। अगर आप अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए कोई लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो उसका भी रास्ता साफ हो सकता है। आपको अपने किसी जरूरी कार्य में पुराने मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी पक्ष के लोगों से आपको उत्तम प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा।

### मिथुन
आज दिन मिश्रित फलकारक है। आपको हर मामले में मनचाही सफलता प्राप्त होगी और आपको कारोबार में अच्छा खासा मुनाफा होगा। आपको आर्थिक मामलों में माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से दिन के बाद के हिस्से में राहत मिलेगी।

### तुला
आज भाग्य साथ देगा और आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपको अपने ननिहाल पक्ष के लोगों से प्रेम की प्राप्ति होगी। आप अपनी शान शौकत के लिए धन खर्च करेंगे जिससे आपके शत्रु परेशान होंगे।

### वृश्चिक
आज भाग्य साथ देगा और आपका हर रुका कार्य पूर्ण होगा। आप साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे। माता-पिता का सुख सहयोग भरपूर मात्रा में प्राप्त होगा और आपके संबंधों में मधुरता आएगी। पत्नी को शरीर कष्ट से कुछ खिन्नता रह सकती है। व्यर्थ व्यय का योग भी है। आप मन से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग आपकी इन बातों का गलत अर्थ निकाल सकते हैं।

### धनु
आज दिन सावधानी से बिताने का है। बेहतर होगा कि आप फिजूल के खर्चे से बचें। अगर आप किसी प्रकार के शारीरिक रोग से पीड़ित हैं तो आपके कष्ट में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक क्रियाकलापों में व्यवधान आ सकता है और आपको भारी नुकसान हो सकता है। अकस्मात लाभ होने से आपका धर्म और आध्यात्म के प्रति झुकाव और बढ़ेगा।

### कर्क
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको ऐसे अनावश्यक खर्चे करने पड़ सकते हैं जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान सम्मान मिलेगा। अपने व्यवसाय में भी आपका मन लगेगा एवं रुके कार्य पूर्ण हो जाएंगे। किसी नए कार्य में इनवेस्ट करना पड़े तो अवश्य करें।

### सिंह
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका बहुत समय से लटका कोई कार्य पूर्ण हो सकता है। किसी विवाद का हल निकल आएगा। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण अन्य व्यक्ति आपसे संबंध बनाने की चेष्टा करेंगे। सामाजिक सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। रात में प्रियजनों और परिजनों से हास्य बढ़ेगा।

### कन्या
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको बुद्धि विवेक से कुछ नया करने का मौका मिलेगा। आपका कोई भी नया प्रयोग सफल होगा और आपकी तरक्की होगी। आप सीमित एवं आवश्यकतानुसार ही व्यय करें। परिजनों से सावधान रहें वरना कोई आपको धोखा दे सकता है।

### मकर
आज दिन शुभकारक है। आपके अधिकार और सम्पत्ति में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपका भाग्य पूरा साथ देगा। आप दूसरों के भले की सोचेंगे एवं दिल से सेवा भी करेंगे। आपके धन में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न होगा और आपको आपसी संबंधों के मामले में लाभ होगा। आपको किसी नए कार्य में निवेश करना पड़े तो जरूर करें। आपको आगे चलकर अच्छा रिटर्न प्राप्त होगा। मन प्रसन्न होगा।

### कुंभ
आज करियर के मामले में काफी सावधानी से काम लेने की सलाह है। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। शाम तक आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। यदि कोई वाद, विवाद राज्य में लम्बित है तो उसमें सफलता मिलने की पूर्ण संभावना है। आपके सम्मान में वृद्धि का दिन है और भाग्य साथ देगा। आपकी तरक्की होगी।

### मीन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपकी विद्या, ज्ञान की वृदि होगी। आपके अन्दर दान पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी। आप धार्मिक अनुष्ठानों में रूचि लेकर पूर्ण सहयोग करेंगे। भाग्य की ओर से भी आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। शाम के वक्त आपको पेट के विकार होने की संभावना है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com





# बहुत तेजी से खून में कोलेस्ट्रॉल बढ़ाती हैं ये चीजें

**खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक बढ़ने से हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा बढ़ता है। रोजाना खाई जाने वाली कुछ चीजें शरीर में जमा खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करती हैं जबकि कुछ चीजें बहुत तेजी से खून में कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ा देती हैं।**

कोलेस्ट्रॉल बढ़ना आजकल एक गंभीर समस्या बन गया है, जिससे अधितर लोग परेशान रहते हैं। कोलेस्ट्रॉल खून में पाया जाने वाला फैट है, जो हार्मोन के उत्पादन और झिल्ली के कामकाज के लिए आवश्यक है। कोलेस्ट्रॉल दो तरह का होता है अच्छा और खराब। यह अच्छा कोलेस्ट्रॉल है, जो शरीर के लिए जरूरी है लेकिन खराब कोलेस्ट्रॉल शरीर को नुकसान ही करेगा। जब अच्छे कोलेस्ट्रॉल की बात आती है, तो शरीर इसे खाने-पीने की अच्छी चीजों की मदद से बनाता है। लेकिन जब खराब कोलेस्ट्रॉल की बात आती है, तो खाने-पीने की कुछ गलत आदतें इसके लिए जिम्मेदार होती हैं। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से क्या होता है? आपको यह बात होनी चाहिए कि खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक बढ़ने से हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा बढ़ता है। कोलेस्ट्रॉल से बचने के उपायों की बात करें, तो रोजाना खाई जाने वाली कुछ चीजें शरीर में जमा खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करती हैं जबकि कुछ चीजें बहुत तेजी से खून में कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ा देती हैं। आज हम आपको कुछ कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने वाली पीले रंग की चीजों के बारे में बता रहे हैं, जिनका आपको कम सेवन करना चाहिए या फिर नहीं करना चाहिए।

## डीप फ्राइड फूड

आजकल बहुत से लोग डीप फ्राई फूड खाना पसंद करते हैं। अक्सर देखा गया है कि लोग चिकन, समोसा, कचौरी, आलो टिक्की जैसी डीप फ्राई चीजों का खूब सेवन किया जाता है। जाहिर है इन चीजों में तेल का अधिक इस्तेमाल किया जाता है जिस वजह से कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ने का जोखिम अधिक रहता है।

## घी और मक्खन

घी या मक्खन के बिना भारतीय खाना अधूरा है। मक्खन, देसी घी, पनीर, पाम ऑयल और नारियल के तेल जैसी चीजों में सैचुरेटेड फैट की मात्रा अधिक होती है और इनका सेवन कम किया जाना चाहिए। खाना पकाने के लिए जैतून का तेल, चावल की भूसी का तेल, मूंगफली का तेल, सूरजमुखी का तेल और अन्य वनस्पति तेल का उपयोग करें।

## जलेबी जैसी मिठाई

भारतीय मिठाइयों में चीनी का बहुत ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। जलेबी, छेना मिठाई, गुलाब जामुन और कई अन्य गहरी तली हुई मिठाइयों में तेल और चीनी का सबसे ज्यादा उपयोग होता है। जाहिर है यह दोनों चीजें कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने का काम करती हैं।

## अंडे की जर्दी

अंडे की जर्दी में किसी भी भोजन का सबसे अधिक कोलेस्ट्रॉल 1234 एमजी प्रति 100 ग्राम या दैनिक मूल्य का 411% होता है। एक अंडे की जर्दी 210 एमजी कोलेस्ट्रॉल प्रदान करेगी, जबकि पूरा अंडे केवल 212 एमजी प्रदान करता है। इस प्रकार अंडे में सबसे ज्यादा कोलेस्ट्रॉल जर्दी में पाया जाता है।

## फास्ट फूड

फास्ट फूड, कोलेस्ट्रॉल से भरे होते हैं। पिज्जा, बर्गर और फ्रेंच फ्राई जैसी चीजों में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक होती है। इन चीजों को बनाने के लिए तेल, मक्खन, और चीज जैसी चीजों का इस्तेमाल किया जाता हिया जिसमें कोलेस्ट्रॉल अधिक पाया जाता है।



# शरीर के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी है पोटेशियम

## शरीर को तोड़ देती है इसकी कमी

**पोटेशियम की कमी शरीर को तोड़कर रख सकती है, यह तत्व नर्वस सिस्टम और शरीर में तरल पदार्थों को कंट्रोल करने में सहायक है, जानिए शरीर में पोटेशियम की कमी दूर करने के लिए क्या खाना चाहिए।**

अगर आपको हमेशा थकान, कमजोरी, मांसपेशियों में दर्द, कब्ज या बार-बार पेशाब आना जैसी समस्याएं रहती हैं, तो यह संकेत है कि आपके शरीर में पोटेशियम की भारी कमी हो गई है। प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन की तरह भी एक जरूरी पोषक तत्व है, जो शरीर के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी है। हार्वर्ड हेल्थ के अनुसार, पोटेशियम को इलेक्ट्रोलाइट के रूप में जाना जाता है क्योंकि इसमें एक छोटा इलेक्ट्रिक चार्ज है, जो सेल्स और नर्व फंक्शन को एक्टिव करता है। पोटेशियम का काम शरीर में कोशिकाओं के अंदर मौजूद तरल पदार्थ के लेवल को बनाए रखना है।




ध्यान रहे कि सोडियम कोशिकाओं के बाहर तरल पदार्थ का लेवल बनाए रखता है। पोटेशियम मांसपेशियों के संकुचन को कंट्रोल करने और ब्लड प्रेशर को नॉर्मल बनाने का भी काम करता है।

### शरीर को रोजाना कितने पोटेशियम की जरूरत

14-18 वर्ष की लड़कियों को रोजाना 2,300 मिलीग्राम, महिलाओं को 2,600 मिलीग्राम और गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को 2,500-2,900 मिलीग्राम पोटेशियम की जरूरत होती है। इसी तरह 14-18 वर्ष की आयु के युवाओं को 3,000 मिलीग्राम जबकि पुरुषों को 3,400 मिलीग्राम पोटेशियम चाहिए।

### पोटेशियम की कमी के लक्षण

- कमजोरी
- थकान महसूस करना
- मांसपेशियों में ऐंठन
- बेचैनी या उलझन
- कब्ज की शिकायत रहना
- दिल की धड़कन अनियमित होना
- झुनझुनी या सुन्नता
- बार-बार पेशाब आना

### पोटेशियम के फायदे

पोटेशियम रोजाना खाए जाने वाले कई खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। अगर आप पोटेशियम से भरपूर चीजों का सेवन करते हैं, तो संभव है कि आपको नीचे बताई स्वास्थ्य समस्याओं से बचने में मदद मिल सकती है-

- ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में सहायक
- स्ट्रोक के खतरे को कम करता है पोटेशियम
- ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने में मदद कर सकता है
- पेशाब में कैल्शियम कम करके किडनी की पथरी से बचाने में सहायक
- शरीर में जमा अतिरिक्त तरल पदार्थों को हटाकर Water Retention से बचाने में सहायक

### पोटेशियम की कमी से नुकसान

दिमाग कमजोर होना और उसका कामकाज प्रभावित होना
हाई ब्लड शुगर की समस्या
मांसपेशियों का कमजोर होना और उनकी ताकत कम होना
सांस लेने में दिक्कत
अनियमित दिल की धड़कन

### पोटेशियम रिच फूड्स

- ड्राई फरूट्स (किशमिश, खुबानी)
- बीन्स, दाल
- आलू
- पालक
- ब्रोकोली
- केले
- खरबूजा
- संतरे का रस
- नारियल पानी
- टमाटर
- सोया और बादाम का दूध
- दही
- काजू, बादाम
- चिकन
- सैमन मछली

### पोटेशियम शरीर के लिए क्यों जरूरी है?



पोटेशियम इलेक्ट्रोलाइट की तरह कम करता है और इसका सबसे बड़ा काम शरीर की कोशिकाओं के अंदर तरल पदार्थों को कंट्रोल करना है। यह नर्वस सिस्टम को बेहतर बनाए रखने में सहायक है। खून में पोटेशियम की कमी होने से शरीर की तंत्रिका आवेग उत्पन्न करने की क्षमता को प्रभावित हो सकती है। पोटेशियम का लेवल कम होने से नर्वस सिस्टम का संकेत भेजने का काम प्रभावित हो सकता है और इसकी कमी से मांसपेशियों का संकुचन कमजोर हो सकता है।



# हार्ट अटैक-कैंसर से बचाने वाला मसाला है सौंफ

सौंफ का इस्तेमाल मसाले के रूप में किया जाता है। काफी लोग इसे खाने के बाद माउथ फ्रेशनर की तरह भी खाते हैं। लेकिन क्या सौंफ का रोल सिर्फ इतना ही है? बिल्कुल नहीं। सौंफ का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद है। सौंफ के अंदर कई सारे गुण होते हैं, जो पाचन के बाद खून में घुलकर अलग-अलग काम करते हैं। विभिन्न रिसर्च के मुताबिक, इस मसाले से हार्ट अटैक और कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाव किया जा सकता है। आइए इसके पीछे की पूरी प्रक्रिया जानते हैं।

### दिल के लिए फायदेमंद है सौंफ

सौंफ के अंदर फाइबर होता है, जिसे कई रिसर्च में दिल के लिए लाभदायक पाया गया है। रिसर्च के अनुसार हाई फाइबर डाइट को दिल की बीमारी का खतरा कम करने वाला पाया गया है।

### कई तरह के कैंसर से बचाव

Anethole सौंफ का मुख्य कंपाउंड है, जिसमें कैंसर से लड़ने वाले गुण देखे गए हैं। एक टेस्ट ट्यूब स्टडी में इस कंपाउंड को ब्रेस्ट कैंसर की सेल्स के विकास को रोकने में मददगार पाया गया है। जिस वजह से इस मसाले को कैंसर के बचाव में महत्वपूर्ण माना गया है।

### वेट लॉस में आ सकती है काम

अगर आप वेट लॉस करना चाहते हैं तो खाने में सौंफ का इस्तेमाल कर सकते हैं। क्योंकि, यह मसाला भूख को दबाने का काम करता है। जिससे आप कैलोरी इनटेक कंट्रोल कर पाते हैं। आप सौंफ की चाय का सेवन भी कर सकते हैं।

### मिलते हैं कई सारे न्यूट्रिएंट

सौंफ के अंदर सिर्फ फाइबर और प्लांट कंपाउंड ही मौजूद नहीं है। बल्कि यह अन्य जरूरी विटामिन और मिनरल्स की सप्लाई भी करती है। इसके सेवन से विटामिन सी, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, पोटैशियम, मैंगनीज आदि पा सकते हैं।

### ये फायदे भी कर लें याद

- बैक्टीरियल इंफेक्शन से बचाव
- इंफ्लामेशन से बचाव
- मेंटल हेल्थ के लिए बढ़िया
- मेनोपॉजल सिंप्टम्स से राहत



# आपके पेट के लिए नुकसानदायक हो सकता है प्रोटीन पाउडर

प्रोटीन मसल्स के लिए बहुत जरूरी होता है। यह मैक्रो न्यूट्रिएंट कई अमिनो एसिड से मिलकर बनता है, जो मांसपेशियों को विकसित करने में मदद करता है। इसलिए सभी एक्सपर्ट हर दिन डाइट में प्रोटीन फूड शामिल करने की सलाह देते हैं। बॉडी बिल्डिंग या जिम जाने वाले लोगों को प्रोटीन की अधिक जरूरत होती है। इसे पूरा करने के लिए वो प्रोटीन पाउडर का सहारा लेते हैं। यह सप्लीमेंट फिटनेस गोल को पाने में मदद करता है और जरूरी मात्रा प्रदान करता है। लेकिन क्या यह आपके पेट के लिए नुकसानदायक हो सकता है?

### गैस, पेट फूलना, क्रैम्प

इन पाउडर को बनाने में डेयरी या प्लांट बेस्ड प्रोटीन का इस्तेमाल किया जाता है। कुछ लोगों का पाचन तंत्र इन्हें पचाने में काफी मुश्किलों का सामना करता है। जिसकी वजह से गैस, पेट फूलना और पेट में क्रैम्प की दिक्कत हो सकती है।

### गट बैक्टीरिया में असंतुलन

कई प्रोटीन पाउडर के अंदर आर्टिफिशियल स्वीटनर, फ्लेवर और कलर होते हैं, जो गट हेल्थ को नुकसान पहुंचाते हैं। ये चीजें पेट में मौजूद हेल्दी गट बैक्टीरिया को असंतुलित कर सकती हैं और पाचन को खराब कर सकती हैं।

### बढ़ा सकती हैं ब्लड शुगर

प्रोटीन पाउडर को टेस्टी बनाने के लिए खूब सारी शुगर का इस्तेमाल किया जाता है। इसका सेवन इंसुलिन को तेजी से बढ़ाता है और वजन बढ़ाता है। इससे डायबिटीज का जोखिम बढ़ सकता है।

### हो सकते हैं जहरीले पदार्थ

डॉ. ने क्लीन लेवल प्रोजेक्ट की हालिया रिसर्च का हवाला देते हुए बताया कि कुछ प्रोटीन पाउडर में लेड, आर्सेनिक और कीटनाशक जैसे टॉक्सिक प्रॉडक्ट हो सकते हैं, जो आपके पेट को बहुत नुकसान पहुंचा सकते हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### देर से ऑफिस पहुंचे 40 कर्मचारी, एक घंटे बाहर रखा खड़ा; ऐक्शन मोड में GDA उपाध्यक्ष

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) में देरी से आने वाले कर्मियों पर सख्ती शुरू हो गई है। जीडीए उपाध्यक्ष ने बुधवार को सवा दस बजे मुख्य द्वार पर ताला लगवा दिया। करीब एक घंटे तक कर्मी बाहर खड़े रहे। करीब 40 कर्मियों का एक दिन वेतन भी कटेगा। जीडीए के अधिकारियों-कर्मियों के देरी से कार्यालय पहुंचने की शिकायत उपाध्यक्ष अतुल वत्स को मिल रही थी। इसको देखते हुए बुधवार को जीडीए उपाध्यक्ष ने सवा दस बजे मुख्य द्वार का ताला बंद करवा दिया। इससे कर्मियों में हड़कंप मच गया और वह साथियों को फोन करने लगे। करीब एक घंटे बाद ताला खोला गया और कर्मचारियों के नाम लिखकर उन्हें अंदर जाने दिया गया। यही व्यवस्था गुरुवार को रहेगी। सूत्रों के अनुसार, कुल 40 कर्मचारी देरी से पहुंचे। जीडीए सचिव राजेश सिंह ने बताया कि देरी से आने वाले कर्मचारियों पर सख्ती होगी। बुधवार को जो 40 कर्मचारी देरी से आए हैं, उनका वेतन काटा जाएगा। कर्मचारियों को समय पर आने की हिदायत दी गई है। पिछले कुछ दिनों से स्टाफ पर रेगुलर नजर रखी जा रही थी। इससे पहले नोएडा अथॉरिटी में भी ऐसा नजारा देखने को मिला था। एक बुजुर्ग आवंटी को काफी देर तक खड़ा रखने और अधिकारियों द्वारा उनका काम नहीं करने पर सीईओ एम लोकेश नाराज हो गए थे। जिसके बाद उन्होंने अधिकारियों को 20 मिनट खड़े रहने की सजा दी। दरअसल, अथॉरिटी में 65 से ज्यादा कैमरे लगे हैं। मरों का कंट्रोल रूम का सेटअप प्राधिकरण के सीईओ के कमरे में है। इनके जरिए वह सभी विभागों पर नजर रखते हैं। सोमवार को रोजाना की तरह सीईओ कैमरों के जरिए अथॉरिटी का हाल देख रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर आवासीय भूखंड विभाग पर गई जहां एक बुजुर्ग सरदार एक महिला बाबू के सामने काम के संबंध में खड़े दिखाई दिए। सीईओ ने अपने कर्मचारियों से विभाग में संदेश भेजा कि इनका काम कर दें। अगर नहीं हो सकता है तो बेवजह खड़ा न रखें। करीब 15-20 मिनट बाद सीईओ की नजर फिर से उसी विभाग पर गई।

### चारों को फांसी देना; अतुल सुभाष की तरह वीडियो बनाकर ट्रेन के आगे कूद गया करन

**गाजियाबाद , एजेंसी।** अतुल सुभाष की तरह गाजियाबाद में भी एक युवक ने वीडियो बनाकर अपना दुख बताते हुए आत्महत्या कर ली है। अतुल सुभाष ने जहां अपनी पत्नी पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर जान दी तो गाजियाबाद के करन ने प्रेमिका पर बेवफाई का आरोप लगाकर खौफनाक कदम उठा लिया। गाजियाबाद के मनन धाम रेलवे फाटक के पास उसने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। युवक के मोबाइल में मिले सुसाइड नोट और वीडियो के मुताबिक, उसने प्रेमिका की बेवफाई से आहत होकर आत्महत्या की थी। पुलिस ने चारों लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गोविंदपुरम निवासी दीपक चौधरी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 15 दिसंबर की रात को उनका भाई करन घर से कहीं चला गया था। रात करीब साढ़े 11 बजे उन्होंने करन को कई बार कॉल की, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। कुछ समय बाद एक पुलिसकर्मी ने कॉल रिसीव की। जिन्होंने बताया कि करन ने मनन धान रेलवे फाटक के पास ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली है। दीपक चौधरी के मुताबिक करन की जेब से एक सुसाइड नोट मिला। उसमें उसने लिखा था कि जिला बागेश्वर उत्तराखंड गांव गरूण निवासी पूनम आर्या, पूरन लाल, मोहित कुमार और सोनू आर्या उसकी मौत के जिम्मेदार हैं। दीपक चौधरी ने मधुबन बापूधाम थाने में शिकायत दी, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। मामले में एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक करन के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ था, जिसमें उसने अपनी प्रेमिका समेत चार लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। मृतक के भाई की शिकायत के आधार पर चारों के खिलाफ मधुबन बापूधाम थाने में केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। करन नोएडा सेक्टर-62 स्थित एक स्टोर पर 35 हजार रुपये प्रतिमाह सैलरी पर नौकरी करता था। उसने आत्महत्या करने से पहले सुसाइड नोट लिखने के अलावा मोबाइल में एक वीडियो क्लिप भी बनाई।

# वही पुरानी सोच; अमित शाह के बयान पर भीमराव आंबेडकर के पोते का भी आया जवाब





**मुंबई , एजेंसी।** होम मिनिस्टर अमित शाह के बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर पर दिए बयान को लेकर हंगामा मचा हुआ है। कांग्रेस ने पूरे देश में ऐलान किया है तो वहीं संसद में हंगामा बरपा है। इस बीच भीमराव आंबेडकर के पोते और बहुजन वंचित अघाड़ी के नेता प्रकाश आंबेडकर का भी बयान सामने आया है। उन्होंने अमित शाह के बयान को लेकर कहा कि यह तो इन लोगों की पुरानी मानसिकता है। उन्होंने कहा, भाजपा के अस्तित्व में आने से पहले भी जनसंघ और आरएसएस ने बाबासाहेब का विरोध किया था। ऐसा तब किया गया, जब संविधान को अपनाया जा रहा था।

प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि ये लोग तब भी सफल नहीं हुए थे और आज भी सफल नहीं हो सकेंगे। उन्होंने कहा, यह कोई नई बात नहीं है। वे अपने पुराने प्लान लागू नहीं कर पाए हैं। इसकी वजह कांग्रेस नहीं बल्कि बाबासाहेब आंबेडकर हैं। आगे भी ये लोग सफल नहीं पाएंगे। बता दें कि भीमराव आंबेडकर पर अमित शाह के बयान पर विवाद थमा नहीं है। कांग्रेस उनके इस्तीफे की मांग कर रही है तो वहीं लालू यादव का कहना है कि शाह को राजनीति से ही इस्तीफा दे देना चाहिए। अमित शाह ने कहा था कि इन दिनों आंबेडकर-आंबेडकर कहना फैशन बन गया है। इतना यदि ये भगवान का नाम लेते तो 7 जन्मों तक के लिए स्वर्ग मिल जाता। इस पर भी प्रकाश आंबेडकर ने खासतौर पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भगवान का नाम लेना तो फिर एक तरह से मनुवाद को ही स्वीकार करना हुआ। प्रकाश आंबेडकर ने इस बीच महाराष्ट्र के परभणी में हुई हिंसा का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि वहां मारे गए सोमनाथ सूर्यवंशी के परिजनों को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा मिलना चाहिए।

इस दौरान उन्होंने कांग्रेस समेत महाविकास अघाड़ी पर भी निशाना साधा। प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि ये लोग नाम बहुत लेते हैं, लेकिन परभणी कोई नहीं गया। ये लोग सिर्फ बाबासाहेब के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परभणी में तो गोधरा जैसे हालात पैदा करने की कोशिश की गई थी।

### पतंग उड़ाते समय खेत में विस्फोट, उछलकर दूर गिरे बच्चे; हाथ-पैर-मुंह झुलसे

**अलवर , एजेंसी।** राजस्थान के अलवर में पतंग उड़ाते बच्चों के साथ हादसा हो गया। हादसे में हुए विस्फोट के चलते दो बच्चे गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। घटना अलवर जिले के भिवाड़ी की है, जहां तेज धमाका होने के बाद आस-पास मौजूद लोगों ने बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया। घायल बच्चों की उम्र 10-10 वर्ष है। इनके नाम दीपक और रोशन हैं। घायल बच्चे की मां ललिता ने बताया कि वे मूलता उत्तर प्रदेश के निवासी हैं और भिवाड़ी के चोपानकी में कंपनी में मजदूरी करते हैं।

बच्चे की मां ललिता ने बताया कि मेरी बहन ने मुझे आकर बताया कि बच्चे खेत मे खेल रहे थे और तेज धमाका हुआ जिससे दोनों बच्चे घायल हो गए हैं। वहीं दूसरे बच्चे की माँ ने बताया कि दोनों बच्चे खेत मे खेल रहे थे तभी तेज धमाका हुआ और दोनों बच्चे विस्फोट के चलते दूर जाकर गिरे। इसके बाद मौके पर मोजूद लोग बच्चों को हमारे पास लाए। और फिर हम लोग दौड़ते-भागते बच्चों को अस्पताल ले आए, यहां अब अलवर अस्पताल में इलाज चल रहा है । बताया गया कि बच्चे पतंग उड़ा रहे थे, तभी उनके पैर नीचे खेत में रखे विस्फोटक पर पड़ गए और धमाके में बच्चे उछलकर दूर जाकर गिरे। इससे बच्चों के हाथ और पैर झुलस गए हैं। चेहरे पर कुछ सूजन भी आ गई है। इस मामले में भिवाड़ी पुलिस अधीक्षक ज्येस्था मैत्रयी ने बताया कि चोपानकी थाना क्षेत्र से खेत मे विस्फोट होने की सुचना मिली थी। इस घटना में दो बच्चे घायल भी हुए हैं, जिनका अलवर जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामले की जांच की जा रही है कि ऐसा खेत में क्या था जिससे कि इतना बड़ा विस्फोट हो गया।

## बच्चे कैसे घायल हुए? भूपेश बघेल ने मुठभेड़ पर उठाए सवाल

**रायपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ में 12 दिसंबर को सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में चार बच्चों के घायल होने की बात सामने आने के एक दिन बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा सरकार को सावधानी बरतने की नसीहत दी है। साथ ही यह सुनिश्चित करने की भी अपील की कि नक्सलवाद का खात्मा करने को अनुचित समय सीमा के कारण बच्चों को नुकसान न पहुंचे। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) को खत्म करने संबंधी बयान का जिक्र किया।

**रिकॉर्ड खराब है:** पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने एक्स पर लिखा, जब सुरक्षा बल नक्सलियों से लड़ रहे थे, तो ये बच्चे कैसे घायल हो गए? क्या यह वाकई मुठभेड़ थी या फिर निर्दोष लोगों की हत्या? फर्जी मुठभेड़ों के मामले में भाजपा सरकार का रिकॉर्ड खराब है। यहां तक ??कि पिछले कार्यकाल में भी ऐसी कई घटनाएं हुई थीं। मेरा मानना ??है कि केंद्र सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए और राज्य सरकार को सावधानी बरतने का निर्देश देना चाहिए। माओवादियों को अनुचित समयसीमा के अंदर खत्म करने की अति महत्वाकांक्षी योजनाओं के चक्कर में निर्दोष आदिवासी लोगों को नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए।

**नक्सलियों ने बनाया मानव ढाल:** अपने पोस्ट में बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्री कार्यालय के आधिकारिक हैंडल को भी टैग किया। आदिवासी कार्यकर्ता और बस्तर क्षेत्र की निवासी सोनी सोरी ने उन गांवों का दौरा किया जहां मुठभेड़ हुई थी। उन्होंने इसे फर्जी मुठभेड़ बताया, लेकिन सुरक्षा बलों ने बुधवार रात एक बयान जारी कर कहा कि बच्चे इसलिए घायल हुए क्योंकि माओवादियों ने मुठभेड़ के दौरान उन्हें मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। पुलिस ने कहा कि तीन लड़कों के सिर, बटक और गर्दन के पिछले हिस्सों पर चोटें आईं, जो माओवादियों के बैरल ग्रेनेड लॉन्चर (बीजीएल) के छर्रे लगने की वजह से लगी।

## 'जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़' का हो सकता है विलय, रेणु जोगी ने चिट्ठी लिख जताई इच्छा



**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में एक बड़ी राजनीतिक हलचल होने की संभावना से जुड़ी खबर आ रही है जिसके तहत जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) का कांग्रेस में विलय हो सकता है। इस बारे में पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत अजीत जोगी की पत्नी और पार्टी सुप्रीमो रेणु जोगी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर इच्छा जताई है।

खबरों के अनुसार जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) कोर कमेटी ने बिना शर्त विलय करने का फैसला किया है, कमेटी के फैसले के आधार पर ही रेणु जोगी ने दीपक बैज को पत्र लिखा है। अजीत जोगी ने अपनी अलग पार्टी की स्थापना जून 2016 को तब की थी, जब उन्हें कांग्रेस से निकाल दिया गया था। इसके बाद साल 2018 के विधानसभा चुनाव में पार्टी 5 सीटें जीतने में कामयाब रही थी। हालांकि अजीत जोगी के निधन के बाद धीरे-धीरे पार्टी के अस्तित्व पर ही सवाल मंडराने लगे। पिछले साल हुए विधानसभा चुनावों पार्टी एक भी सीट पर जीत दर्ज नहीं कर सकी थी। जिसके बाद पार्टी निर्माण के समय या चुनाव के दौरान जो नेता अन्य पार्टियों से इनकी पार्टी में आए थे, वो भी अब जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ छोड़कर जाने लगे हैं। ऐसे में पार्टी ने कांग्रेस में विलय के लिए कदम बढ़ाए हैं। इस बारे में बुधवार सुबह दीपक बैज ने दावा करते हुए बताया था कि इस मुद्दे को लेकर मध्यस्थ से बात हुई है, और हाई कमान इस मसले को देखेगा। छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जोगी) के अध्यक्ष दिवंगत अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी हैं। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 1.23 प्रतिशत वोट हासिल किए थे, हालांकि वो एक भी सीट नहीं जीत सकी थी।

### ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो पर बड़ा अपडेट, 2 हिस्सों में होगा निर्माण, अड़चनें निपटाएगी कमेटी

**गुरुग्राम एजेंसी।** ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो का निर्माण अगले छह महीने के अंदर शुरू होने की उम्मीद है। इसके तहत गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) ने तैयारी शुरू कर दी है। मेट्रो का निर्माण दो हिस्सों में करने की योजना बनाई है। पहले हिस्से में मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से सेक्टर-नौ और सेक्टर-101 तक मेट्रो तैयार की जाएगी, दूसरे हिस्से में सेक्टर-नौ से लेकर साइबर सिटी तक मेट्रो का निर्माण होगा। फरवरी माह तक इन दोनों हिस्सों के तहत टेंडर आमंत्रित करने की योजना है।इस योजना को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में 24 दिसंबर को होने वाली बैठक में रखा जाएगा। जीएमडीए की योजना के मुताबिक, अगले चार साल के अंदर इस रूट पर मेट्रो का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से लेकर ओल्ड गुरुग्राम होते हुए डीएलएफ साइबर सिटी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो संचालन के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार से मंजूरी मिल चुकी है। 28.5 किलोमीटर लंबे इस मेट्रो कॉरीडोर के निर्माण पर 5452 करोड़ रुपये का खर्चा आएगा, जिसके तहत 27 स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। जीएमआरएल ने मेट्रो संचालन के मेट्रो स्टेशन का डिजाइन तैयार करने के लिए फ्रांस की एक कंपनी सिस्टा को गत 14 अक्टूबर को काम आवंटित कर दिया है, जिसने अपना काम शुरू कर दिया है।

### धौलपुर में सरकारी अस्पताल में तैनात डॉक्टर ने खुद को लगाई आग, हालात गंभीर

**धौलपुर , एजेंसी।** राजस्थान के धौलपुर के सैपऊ राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डॉक्टर दिनेश नरूका ने गुरुवार सुबह सरकारी क्वार्टर में ज्वलनशील पदार्थ डालकर खुद को आग लगा ली। पत्नी वॉशरूम में थी। पत्नी को जैसे ही मामले की भनक लग उसके होश उड़ गए। पत्नी ने क्वार्टर के अंदर से खिड़कियों में झांका तो चीख पुकार मच गई। अस्पताल में तैनात नर्सिंग स्टाफ मौके पर पहुंच गया। गेट को तोड़कर आग को बुझाया। चिकित्सा कर्मियों ने अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार शुरू किया है लेकिन, गंभीर हालत होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

एंबुलेंस की मदद से चिकित्सक दिनेश नरूका को जिला अस्पताल इमरजेंसी में भर्ती कराया गया लेकिन, स्थिति ज्यादा बिगड़ने पर चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया है। चिकित्सक को उपचार करने नजदीकी मध्य प्रदेश के शहर ग्वालियर ले गए हैं। पत्नी वॉशरूम से बाहर निकल कर आई तो क्वार्टर में आग लगी देख होश उड़ गए। पत्नी ने बचाव के लिए पास में मौजूद अस्पताल के चिकित्सा कर्मियों को आवाज़ लगाई। चिकित्सा कर्मी हरिओम तोमर और नीरज कुमार मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने क्वार्टर का गेट तोड़ दिया। क्वार्टर के अंदर घुसकर आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। आग हादसे में चिकित्सक दिनेश नरूका के दोनों हाथ पैर एवं चेहरा गंभीर रूप से झुलस गया है। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर शोभित शर्मा ने बताया डॉक्टर नरूका के आग लगने की वजह पता नहीं चल पाई है। उपचार के लिए ग्वालियर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले से स्थानीय पुलिस को भी अवगत करा दिया है।

## राजस्थान में सर्दी का सितम बरकरार, अगले तीन दिन कोल्ड वेव-घने कोहरा के आसार, येलो-ऑरेंज अलर्ट जारी

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान राज्य में मौसम मुख्यता शुष्क ही रहा, लेकिन मौसम विभाग द्वारा लगाए गए अनुमान के अनुसार आने वाली 22 दिसंबर तक राज्य में सर्दी से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर द्वारा जारी किए गए मौसम के आंकड़ों के अनुसार इन दिनों में राज्य के अंदर शीत लहर, अति शीतलहर और घना कोहरा पड़ने की संभावना जताई गई है। इसके लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट भी जारी किए गए हैं।

आज की बात करें तो पाली में सबसे ज्यादा तापमान 28.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम तापमान फतेहपुर सीकर में 2.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने गंगानगर, हनुमानगढ़, नागौर, अलवर, दौसा, धौलपुर, भरतपुर के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं चुरू और सीकर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 20 और 21 दिसंबर के लिए हनुमानगढ़ में भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।



मौसम विभाग ने कल से जयपुर, सीकर, झुंझुनूं, अलवर, चुरू समेत कई जिलों में हल्के बादल या धुंध छाने का अनुमान लगाया है। ऐसा मौसम 20 से 22 दिसंबर के बीच देखने को मिल सकता है। वहीं 19 दिसंबर से लेकर 22 दिसंबर तक राज्य के इन इलाकों के लिए येलो अलर्ट जारी हुआ है। इसमें अलवर, बारा, भरतपुर, बूंदी, दौसा, धौलपुर, झुंझुनूं, करौली, कोटा, सवाई माधौपुर, सीकर, बीकानेर, चुरू, हनुमानगढ़, नागौर, श्री गंगानगर शामिल हैं। सर्दी, शीतलह से बचाव करने के उपाय भी साझा किए गए हैं। इस दौरान बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा खतरा होता है। इसलिए उनका विशेष ख्याल रखने की जरूरत होती है। पशुओं को ज्यादा समय तक सर्दी में रखने से बचें ताकि उनकी त्वचा को चोटिल होने से बचाया जा सके। इसलिए बच्चों और बूढ़ों समेत सबके लिए सलाह है कि लगातार गर्म पेय पीते रहें। शीतलहर के समय ज्यादा चुस्त कपड़े ना पहने, क्योंकि ऐसा करने पर रक्त संचार में रुकावट आने लगती है।

# मैरी कॉम वाली देता था धमकी; गाजियाबाद में पत्नी संग मरे कारोबारी ने 12 पन्नों में लिखा

**हिंडन एजेंसी।** गाजियाबाद के शालीमार गार्डन क्षेत्र में कर्ज के कारण फंदा लगाकर जान देने वाले दंपति ने अलग-अलग 12 पेज का सुसाइड नोट लिखा है। इसमें दिल्ली पुलिस के सिपाही, मकान मालिक और पूर्व पार्टनर समेत छह लोगों पर प्रताड़ित करने का आरोप है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

गाजियाबाद के शालीमार गार्डन क्षेत्र में कर्ज के कारण फंदा लगाकर जान देने वाले दंपति के कमरे से पुलिस को एक डायरी मिली है। इसमें 12 पेज पर दंपति ने कर्ज में होने की बात लिखी है। अंतिम पेज पर लिखा कि हम मरना नहीं चाहते। थोड़ा समय मांग रहे हैं, लेकिन पैसे मांगने वाले परेशान कर रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, दंपति ने करीब दो साल से फ्लैट का किराया नहीं दिया था। सुसाइड नोट में लिखा है कि मकान मालिक खुद को मुक्केबाज मैरीकॉम का रिश्तेदार बताकर कार्रवाई की धमकी देता है। दिल्ली पुलिस के एक सिपाही से काम के लिए पैसे लिए थे। साथ ही, पार्टनर का भी कुछ पैसा उन पर था। इसके अलावा तीन और नाम हैं, जिनका पैसा दंपति के पास था।



गोकलपुरी दिल्ली के मूलनिवासी 51 साल के पंकज गुप्ता पत्नी रीना और 12 साल के मानसिक रूप से कमजोर बेटे के साथ शालीमार गार्डन एक्सटेंशन दो में किराये के फ्लैट में रहते थे। पंकज नौकरी तलाश रहे थे, जबकि रीना कॉस्मेटिक सामान की सप्लाई करती थीं। मंगलवार को दोनों रोजाना की तरह बेटे को राजेंद्रनगर में रहने वाले दादा मुकुटलाल के पास छोड़कर गए थे, लेकिन शाम को लेने नहीं पहुंचे। दोनों के फोन स्विच ऑफ थे तो मुकुटलाल ने बड़े बेटे राजकुमार को बताया। एमसीडी में इंजीनियर राजकुमार काम खत्म कर देर रात 10 बजे पंकज के फ्लैट पर पहुंचे तो गेट की कुंडी बाहर से लगी थी। दरवाजा खोलकर अंदर गए तो उनके होश उड़ गए। डाइनिंग हॉल में पंकज और एक कमरे में रीना का शव पंखे से लटका मिला। राजकुमार की सूचना पर पुलिस फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंची और जरूरी साक्ष्य जुटाकर पुलिस ने कमरे को सील कर दिया। पुलिस के मुताबिक, पंकज ने दो दोस्तों के साथ दिल्ली में तीन साल पहले कोरोना काल में 50 लाख रुपये की लागत से क्लब खोला था, लेकिन दो से तीन माह के बाद क्लब बंद हो गया। इस कारण पंकज पर काफी कर्ज हो गया था। क्लब क्रास रिवर मॉल कड़कड़डूमा में फोर क्वार्टर के नाम से खोला था। पंकज पूर्व में एक कंपनी में एरिया मैनेजर थे, लेकिन वर्तमान में काम नहीं कर रहे थे। भाई राजकुमार ने बताया कि पंकज पर 40-50 लाख रुपये का कर्ज था। कर्ज और बेरोजगारी के चलते दोनों आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। बेटे की पढ़ाई भी कुछ समय पहले छूट गई। वह दिल्ली के एक स्कूल में हॉस्टल में रहकर पढ़ रहा था।

### इस महीने के अंत तक आएगी 'लाडकी बहिन' योजना की किस्त

**नागपुर , एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन (मेरी प्यारी बहन) योजना' को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि 'लाडकी बहिन' योजना के तहत महिलाओं को दी जाने वाली आर्थिक सहायता की दिसंबर की किस्त इसी महीने के अंत तक लाभार्थियों के खातों में जमा कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य विधानसभा में ये जानकारी दी। ष्टरूफडणवीस ने दी एक और खुशखबरी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की सभी मौजूदा योजनाएं, जिनमें 'लाडकी बहिन' योजना भी शामिल है, जारी रहेंगी।

फडणवीस ने नागपुर विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना की अब तक 5 किश्तें प्राप्त हो चुकी हैं। देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि राज्य की प्यारी बहनों को विधानमंडल सत्र खत्म होने के बाद दिसंबर महीने का पैसा मिल जाएगा। राज्य सरकार ने योजना शुरू करते समय महिलाओं को 1500 रुपये प्रति माह दिए थे। इसी तरह दिसंबर माह के लिए भी महिलाओं के खाते में 1500 रुपये भेजे जाएंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## कोच राजकुमार शर्मा ने किया कन्फर्म

# भारत जल्दी ही छोड़ देंगे विराट कोहली



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अब तक विराट कोहली हर बड़े टूर्नामेंट और सीरीज के बाद लंदन समय बिताने जाते थे. लेकिन, अब वो अपने परिवार के साथ भारत छोड़कर वहीं बस जाएंगे.

ऐसा बहुत जल्दी ही होने वाला है, जिसके बारे में विराट कोहली के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा ने कन्फर्मेशन दी है. फिलहाल, विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर सीरीज खेल रहे हैं, जहां पत्नी अनुष्का भी उनके साथ हैं. कोच राजकुमार शर्मा ने एक इंटरव्यू में बताया कि विराट, पत्नी अनुष्का और दोनों बच्चों के साथ लंदन में जाकर ही बस जाएंगे. कोच राजकुमार शर्मा से इंटरव्यू में सवाल हुआ कि क्या विराट कोहली हमेशा के लिए भारत छोड़ने और लंदन में बसने की योजना बना रहे हैं? इसका जवाब देते हुए कोहली के बचपन के कोच ने कहा कि हां, विराट ऐसी योजना बना रहे हैं औरबहुत जल्दी ऐसा होता भी दिखेगा.

**परिवार के साथ लंदन में बसेंगे**

### कोहली के संन्यास लेने पर राजकुमार शर्मा ने क्या कहा?

राजकुमार शर्मा से विराट कोहली के संन्यास को लेकर भी सवाल किया गया? उनसे पूछा गया कि क्या विराट बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद रिटायरमेंट का फैसला करेंगे? इस पर राजकुमार शर्मा ने कहा कि नहीं, ऐसा बिल्कुल नहीं होगा. विराट अभी काफी फिट हैं. उनकी उम्र भी अभी इतनी नहीं हुई है. वो अभी 5 साल और क्रिकेट खेल सकते हैं. उन्होंने कहा कि विराट जब 10 साल का भी नहीं था मैं तब से उसे जानता हूं. उसमें अभी काफी क्रिकेट बची है.

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में विराट कोहली का प्रदर्शन

विराट कोहली फिलहाल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेल रहे हैं. सीरीज के पहले 3 टेस्ट में उनके बल्ले से बड़ी पारी के तौर पर बस 1 शतक निकला है. उन्होंने पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में नाबाद 100 रन जड़े थे. इस एक शतक के साथ 3 टेस्ट की 5 पारियों में उन्होंने 126 रन बनाए हैं.

## भारत की सबसे अनोखी गोल्फ लीग कुतुब गोल्फ लीग में 10 टीमें शामिल होंगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की सबसे अनोखी गोल्फ़ लीग, जिसे कुतुब गोल्फ़ लीग (क्यूजीएल) का नाम दिया गया है, 4 जनवरी, 2025 को भारत के पहले सार्वजनिक गोल्फ़ कोर्स में शुरू होगी। कुतुब गोल्फ़ कोर्स अपने पहले संस्करण में इस अनोखे आयोजन की मेज़बानी करेगा। अमित खरबंदा और सामंत सिक्का द्वारा प्रवर्तित गेम ऑफ़ लाइफ़ स्पोर्ट्स (जीओएलएस) की एक सोची-समझी पहल, क्यूजीएल का लक्ष्य भारत में सबसे रोमांचक और मनोरंजक गोल्फ़ लीग में से एक बनाना है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए, उन्होंने दिगराज गोल्फ़ इंक. (डीजीआई) के साथ साझेदारी की है, जिन्होंने भारत में अन्य गुणवत्तापूर्ण लीगों को सफलतापूर्वक क्यूरेट और डिलीवर किया है। अपने उद्घाटन वर्ष में लीग में 3 खेल दिवस, 2 ज्ञान साझा करने वाली मास्टरक्लास और कई मनोरंजक सामाजिक शामें शामिल होंगी।

लीग टीम चैम्पियनशिप प्रारूप में खेली जाएगी जिसमें 8-10 टीमें भाग लेंगी। प्रत्येक टीम में 16 खिलाड़ी होंगे, जिनमें से 12 को मालिक द्वारा चुना जाएगा और शेष चार को बाद में होने वाली नीलामी के माध्यम से खरीदा जाएगा। इस प्रकार कुल 160 खिलाड़ी क्यूजीएल में भाग लेंगे। 4 जनवरी को शुरुआती दौर के अलावा, अन्य खेल तिथियां 1 फरवरी और 1 मार्च 2025 होंगी। लीग गोल्फ़र की हर श्रेणी को प्रतिस्पर्धा करने का अवसर प्रदान करेगी।

## बिहार की गोल्डी कुमारी ने थाईलैंड में जीता स्वर्ण पदक




**नईदिल्ली, एजेंसी।** बिहार के नालंदा की गोल्डी कुमारी ने थाईलैंड में आयोजित विश्व एबिलिटी स्पोर्ट्स युवा खेलों में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता। इस बेहतरीन प्रदर्शन के कारण उन्हें 26 दिसंबर को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार एक समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया जाएगा।

गोल्डी कुमारी की इस शानदार सफलता से ना सिर्फ बिहार का सम्मान बढ़ा है, बल्कि राज्य के दूसरे खिलाड़ियों का मनोबल भी काफी बढ़ा है। पिछले वर्ष के अविस्मरणीय विश्व खेलों के बाद, प्रथम विश्व एबिलिटीस्पोर्ट युवा खेल एक से सात दिसंबर 2024 तक थाईलैंड में आयोजित किए गए जिसमें एथलेटिक्स, बोशिया, पावरलिफ्टिंग और टेबल टेनिस का खेल कार्यक्रम आयोजित किया गए। बिहार सरकार खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले माह नवम्बर में भारतीय महिला हॉकी टीम ने राजगीर हॉकी स्टेडियम में चीन को 1-0 से हराकर बिहार महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का खिताब अपने नाम किया था। बिहार का यही राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स अब 2025 में पुरुष हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा।

### अश्विन के संन्यास पर भावुक हुए पिता ने दिया बड़ा बयान

# मेरा बेटा कब तक बेइज्जती बर्दाश्त करता...



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा टेस्ट के बाद संन्यास का ऐलान कर दिया। अश्विन के अचानक संन्यास लेने के बाद कई सवाल खड़े हुए। किसी को भी इसका कारण समझ नहीं आ रहा था। हालांकि अश्विन के भारत लौटने पर उनके पिता ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अश्विन की बेइज्जती हो रही थी और वह इसे लंबे समय तक बर्दाश्त नहीं कर सकते थे।

**अश्विन के पिता को आखिर में पता चला बेटे का फैसला:** अश्विन के पिता रविचंद्रन ने कहा कि उन्हें भी आखिरी समय पर संन्यास के बारे में पता चला। उन्होंने कहा, 'हमें भी आखिरी मिनट ही पता चला।

मुझे नहीं पता उसके दिमाग में क्या चल रहा था। उसने बस फैसला सुना दिया। मैंने उसे मान लिया। इसे लेकर मेरी कोई भावना नहीं है। हालांकि जिस तरह उसने संन्यास लिया उससे मेरा एक मन खुश था वहीं दूसरा मन चाहता था कि वह खेलता रहे।'

**अपमान के कारण अश्विन ने लिया संन्यास:** अश्विन के पिता ने माना कि शानदार रिकॉर्ड होने के बावजूद अश्विन को लगातार प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला जो कि इस खिलाड़ी का अपमान था। उन्होंने कहा, 'संन्यास लेना अश्विन की इच्छा थी। मैं इस बारे में कुछ नहीं कह सकता। हालांकि जिस तरह उसने संन्यास लिया उसके कई कारण हो सकते हैं। सिर्फ अश्विन ही जानता है। शायद उसकी जो बेइज्जती हुई वह कारण हो सकता है।'

**अश्विन के पिता का बड़ा आरोप:** रविचंद्रन ने कहा कि उनका परिवार इस समय काफी भावुक है। हालांकि अश्विन भी लंबे समय तक अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकता था। उन्होंने कहा, 'बेशक हमारा परिवार भावुक है। वह 14-15 साल तक मैदान पर रहा।

अचानक हुए बदलाव ने हमें हैरान किया है। लेकिन साथ ही हमें पता भी था कि जिस तरह उसकी बेइज्जती हो रही है ऐसा फैसला कर सकता है। वह कब तक इतनी बेइज्जती बर्दाश्त करता। शायद उसने खुद ही फैसला कर लिया।'

अश्विन के पिता ने यह भी बताया कि बेटे की सफलता में उन्होंने कोई बड़ा रोल नहीं निभाया। उन्होंने कहा, 'मैं उसे बाईक पर प्रैक्टिस के लिए छोड़ता था। मैं क्रिकेट में ज्यादा नहीं घुसा।

मैंने उसे क्रिकेट और पढ़ाई दोनों पर ध्यान देने को कहा। मैं सिर्फ घर पर इस बारे में बात करता था। बाकी सब उसने खुद किया। खेल को लेकर उसकी समझदारी में मेरा कोई नहीं है।'

### मेलबर्न एयरपोर्ट पर मचा बवाल

## विराट कोहली की महिला से जमकर बहस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली इस वक्त ऑस्ट्रेलिया में हैं जहां वो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेल रहे हैं. गाबा टेस्ट खत्म होने के बाद टीम इंडिया अब मेलबर्न पहुंच चुकी है और वहां पहुंचते ही विराट कोहली एक बड़े विवाद में फंस गए हैं. दरअसल मेलबर्न पहुंचते ही विराट कोहली की एक महिला पत्रकार से बहस हो गई. विराट कोहली एयरपोर्ट पर काफी देर तर महिला रिपोर्टर से बहस करते रहे. अब सवाल ये है कि आखिर क्यों विराट कोहली महिला पत्रकार पर गुस्सा हुए? दरअसल ऑस्ट्रेलियाई पत्रकारों ने विराट कोहली के बच्चों की तस्वीर खींच ली जिसके बाद ये दिग्गज खिलाड़ी भड़क गया. विराट कोहली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वो महिला पत्रकार से बातचीत कर रहे हैं. विराट बातचीत करते हुए काफी गुस्से में नजर आ रहे हैं. इसके बाद विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलियाई पत्रकारों को कहा कि आप लोग मेरी इजाजत के बिना मेरे बच्चों की फोटो नहीं खींच सकते हैं. दावा है कि उनके बच्चों की कोई फोटो क्लिक नहीं की गई ना ही उनका वीडियो बनाया गया. विराट कोहली ने सभी को कहा कि उन्हें प्राइवेसी की जरूरत है और उनकी इजाजत के बिना कोई उनका वीडियो नहीं बना सकता.

विराट कोहली की ऑस्ट्रेलियाई पत्रकारों और फोटो जर्नलिस्ट से बहस का मुद्दा पूरे ऑस्ट्रेलिया में छा गया है. ऑस्ट्रेलियाई मीडिया विराट कोहली का आलोचना कर रही है. वैसे विराट और ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के संबंध हमेशा से ही अच्छे नहीं रहे हैं. अपने पहले दौरे पर भी वो ऑस्ट्रेलियाई मीडिया से उलझ गए थे. लेकिन इस बार मुद्दा कुछ अलग है.

### फुटबॉल अवार्ड्सः

## विनिसियस जूनियर और बोनमाटी को फीफा वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार



**दोहा , एजेंसी।** रौड्री पांच अंक से विनिसियस से पिछड़ गए। ब्राजील के फॉरवर्ड विनिसियस फीफा के समारोह में पुरस्कार लेने पहुंचे थे। रियल मैड्रिड के स्टार विनिसियस जूनियर को फीफा 'द बेस्ट' पुरस्कार में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी चुना गया जबकि बार्सिलोना की ऐटाना बोनमाटी ने महिला वर्ग में पुरस्कार जीता। 24 वर्ष के विनिसियस को पछाड़कर अक्तूबर में मैनचेस्टर सिटी के रौड्री ने बलोन डिओर जीता था। इसके विरोध में विनिसियस और मैड्रिड टीम ने पेरिस में पुरस्कार समारोह में भाग ही नहीं लिया था।

इस बार रौड्री पांच अंक से विनिसियस से पिछड़ गए। ब्राजील के फॉरवर्ड विनिसियस फीफा के समारोह में पुरस्कार लेने पहुंचे थे। उन्होंने कहा, समझ में नहीं आ रहा कि कहां से शुरू करूं। लगा नहीं था कि यहां तक पहुंच सकूंगा। मैं गरीबी और अपराध के लिए बदनाम साओ गोंकालो की गलियों में नंगे पैर सड़क पर फुटबाल खेला करता था। यहां तक पहुंचना मेरे लिए काफी अहम है। मैं उन बच्चों के लिए प्रेरणा बनना चाहता हूं जिन्हें लगता है कि सब कुछ असंभव है।

स्पेन की मिडफील्डर बोनमाटी ने लगातार दो साल बलोन डिओर जीतने के बाद यह पुरस्कार जीता। उन्होंने कहा, जैसा कि मैं हमेशा कहती हूं कि यह टीम प्रयासों से मिला है। यह साल बहुत शानदार रहा। मैं अपने क्लब, साथी खिलाड़ियों और सभी को धन्यवाद देती हूं। दोनों पुरस्कारों के लिए 11 खिलाड़ियों को नामित किया गया था जिसके बाद मौजूदा कप्तानों, कोचों, प्रशंसकों और मीडिया के वोट से विजेता का चयन हुआ। इसके लिए 21 अगस्त 2023 से 10 अगस्त 2024 के प्रदर्शन को आधार रखा गया।



### फुटबॉलः

## रियाल मैड्रिड ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता, कोच कार्लो एंसेलोटी ने बनाया रिकॉर्ड

**लुसैल (कतर), एजेंसी।** रियल मैड्रिड ने मैक्सिको की टीम पचुका को 3-0 से हराकर इंटरकांटिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता।

इससे कार्लो एंसेलोटी क्लब के इतिहास में सर्वाधिक ट्राफियां जीतने वाले कोच बन गए। रियल मैड्रिड ने एंसेलोटी के कोच रहते हुए अपना 15वां खिताब जीता। एंसेलोटी ने इस तरह से मिगुएल मुनोज़ को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1960 और 70 के दशक में स्पेन के इस क्लब का कोच रहते हुए 14 खिताब जीते थे। एंसेलोटी ने मैच के बाद कहा, मैं इस जीत से बहुत खुश हूं। हमारी शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही लेकिन हमने अच्छा अंत किया।

किलियन एम्बाप्पे, रोड्रिगो और विनीसियस जूनियर ने एक-एक गोल किया जिससे रियाल मैड्रिड चार खिताबों के साथ प्रतियोगिता में सबसे सफल क्लब बन गया। इससे पहले उसने 1960, 1998 और 2002 में भी यह टूर्नामेंट जीता था। आर्सेनल, न्यूकैसल और लिवरपूल ने बुधवार को अपने-अपने मैच जीतकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। गेब्रियल जीसस की हैट्रिक की मदद से आर्सेनल ने क्रिस्टल पैलेस को 3-2 से हराकर 2021-22 सत्र के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में प्रवेश किया। लिवरपूल ने साउथेम्प्टन को 2-1 से पराजित करके खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। उसकी तरफ से पहले हाफ में डार्विन नुनेज़ और हार्वे इलियट ने गोल किए।

न्यूकैसल ने इटली के मिडफील्डर सैंड्रो टोनाली के पहले हाफ के दो गोल की बदौलत ब्रेंटफोर्ड को 3-1 से हराया और तीन सत्र में दूसरी बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वह 2023 में लीग कप फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड से हार गया। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहम के बीच खेला जाएगा।

# रोहित शर्मा का सब्र टूटा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न टेस्ट से पहले मांगी शमी पर अपडेट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गाबा में खेला तीसरा टेस्ट भी खत्म हो चुका है. 5 टेस्ट मैचों में से तीन खत्म होने के बाद सीरीज 1-1 की बराबरी पर है. मतलब अब बाकी बचे दोनों मुकाबले टीम इंडिया को जीतने होंगे. सिर्फ इसलिए नहीं की सीरीज जीतनी है. बल्कि डब्ल्यूटीसी फाइनल के टिकट के लिए भी.

भारत को अगले साल डब्ल्यूटीसी का फाइनल खेलना है तो उसके लिए सबसे आसान तरीका ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी बचे दो टेस्ट में जीत से होकर गुजरता है. यही वजह है कि गाबा टेस्ट के खत्म होने के बाद और मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले चौथे टेस्ट से पहले रोहित शर्मा, अपनी तरकस के एक बड़े तीर यानी मोहम्मद शमी पर अपडेट मांगते दिखे हैं.

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले चौथे टेस्ट से पहले शमी को लेकर एनसीए से अपडेट मांगा है. उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अब सही समय आ गया है. यही सही वक्त है ये जानने का की शमी पर ताजा अपडेट क्या है? भारतीय कप्तान ने कहा कि वो चाहते हैं कि एनसीए से कोई आगे



आकर इस मामले में सटीक जानकारी दे. रोहित ने शमी को लेकर बात ब्रिसबेन में किए प्रेस कॉन्फ्रेंस में की. उन्होंने अपडेट मांगते हुए ये भी बताया कि वो जानते हैं कि शमी फिलहाल घरेलू क्रिकेट में खेल रहे हैं. लेकिन साथ ही साथ उनके घुटने से जुड़ी कुछ समस्या भी है. रोहित ने कहा कि आप नहीं चाहते कि कोई खिलाड़ी भारत से ऑस्ट्रेलिया आए और फिर वो इंजरी के चलते मैच के बीच से बाहर हो जाए. उन्होंने पत्रकारों से कहा कि आप सब भी जानते हैं कि उस तरह की सिचुएशन में क्या होता है?

### एनसीए देगी क्लीन चिट, तभी खेलेंगे शमी

रोहित ने आगे कहा कि भारतीय टीम ये जरूर चाहती है कि शमी जल्दी वापसी करें लेकिन वो उन्हें लेकर कोई रिस्क लेने के मूड में भी नहीं है. ऐसे में सबकुछ एनसीए के फैसले पर निर्भर करेगा. उन्होंने कहा कि 100 फीसद नहीं हमें पूरे 200 फीसद स्योर होना पड़ेगा तभी हम शमी को खिलाने का चांस ले सकते हैं.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### मैथेमैटिक्स ओलंपियाड में गोह के 8 छात्रों ने हासिल की सफलता

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** गोह के केवीएम क्लासेस के 8 छात्रों ने श्री रामानुजम टैलेंट सर्च इन मैथेमैटिक्स ओलंपियाड परीक्षा में जिला टॉप-10 में सफलता हासिल की है। यह परीक्षा पूरे देश में आयोजित की गई थी और इसमें औरंगाबाद जिले के कई छात्रों ने भाग लिया था। केवीएम क्लासेस के छात्रों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा का परिचय देते हुए जिला टॉप-10 में स्थान हासिल किया है। इन छात्रों में क्लास 6 से निशांत कुमार, विराट कुमार और प्रिंस कुमार, क्लास 7 से अमन कुमार, क्लास 8 से उमंग कुमार और अंशु कुमार, क्लास 9 से सुशांत कुमार और कशिश कुमार शामिल हैं। इस उपलब्धि पर केवीएम क्लासेस के प्रबंधक राहुल कुमार व कुंदन कुमार के साथ शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी है और उनकी मेहनत और प्रतिभा की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल छात्रों के लिए, बल्कि पूरे स्कूल और जिले के लिए गर्व की बात है।

### जमीन खरीद-बिक्री में फर्जीवाड़े के आरोप में एक गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** गोह पुलिस ने जमीन की खरीद-बिक्री में फर्जीवाड़े के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष सुदीश कुमार ने बताया कि दाउदनगर के पिलछी गांव निवासी नंदलाल पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह गिरफ्तारी गोह थाना कांड संख्या-225/21 के फरार नामजद अभियुक्त के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि नंदलाल पासवान पर जमीन की खरीद-बिक्री में फर्जीवाड़ा करने का आरोप है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया और आगे की कार्रवाई के लिए जेल भेज दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष सुदीश कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आगे की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस जमीन की खरीद-बिक्री में फर्जीवाड़ा करने वाले सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

### पैक्स के सदस्यों ने अध्यक्ष पर लगाया मनमानी का आरोप, छह ने दिया इस्तीफा

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** हसपुरा प्रखंड के जैतपुर पैक्स के छह सदस्यों ने पैक्स अध्यक्ष पर मनमानी करने और दबंगई करने का आरोप लगाते हुए डीसीओ के कार्यालय में इस्तीफा के लिए सामूहिक रूप से आवेदन सौंपा है। पैक्स अध्यक्ष के नाम से लिखित आवेदन के साथ इस्तीफा के लिए शपथ पत्र भी दिया है। यह आवेदन पैक्स अध्यक्ष, डीएम, एसडीओ, बीडीओ, जेआर, रजिस्ट्रार पटना को भी रजिस्ट्री के माध्यम से भेजा है। बताया है कि वें सभी इस्तीफा के लिए अध्यक्ष के पास गए थे लेकिन वे आवेदन नही लिए। विवश होकर आवेदन डीसीओ कार्यालय, औरंगाबाद सौंपा। इस्तीफा देने वालों में जैतपुर के रामप्रवेश राम, नान्हू बिगहा के कृष्णा सिंह, बख्तियारपुर के रामनरेश सिंह, बिहटा की सविता देवी, बंशी बिगहा की लालती देवी एवं विमला देवी शामिल है। इस्तीफा देने वालों ने कहा कि हमलोग ऐसे व्यवहार वाले अध्यक्ष के साथ रहकर कोई भी कार्य नहीं कर सकते, जहां कोई इज्जत हीं न हो। वहीं पैक्स अध्यक्ष नागेंद्र कुमार सिंह से पूछे जाने पर आरोप को बेबुनियाद बताया और कहा कि मेरे संज्ञान में इस तरह का कोई बात नहीं है । बैठक में भी सभी सदस्यों ने भाग लिया था।

एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन सह-मार्गदर्शन मेला का आयोजन

# हजारों अभ्यर्थियों ने रोजगार मेला में नौकरी के लिए दिया अपना आवेदन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग के तहत जिला नियोजनालय ने जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरूवार को गेट स्कूल मैदान में एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन सह-मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया। इस मेले का उद्घाटन बिहार विधान परिषद सदस्य दिलीप कुमार सिंह, श्रम संसाधन विभाग के उप निदेशक राजीव रंजन कुमार और जिला नियोजनालय के पदाधिकारी दिनेश तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस रोजगार मेले में 25 नियोजकों ने भाग लिया और इस दौरान डेढ़ हज़ार से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। मेले में युवाओं को न केवल रोजगार के अवसर मिले, बल्कि उन्हें उनके करियर को दिशा देने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। यह मेला जिले के युवाओं को रोजगार के साथ-साथ उनके कौशल और कार्यक्षमता को पहचानने का एक बेहतरीन मंच साबित हुआ। विधान परिषद सदस्य दिलीप कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि जिले के युवाओं में कौशल और हुनर की कोई कमी नहीं है, लेकिन उन्हें सही प्लेटफार्म और अवसर की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार का समृद्ध भविष्य युवाओं पर निर्भर करता है और इस तरह के रोजगार मेलों के जरिए युवाओं को न सिर्फ रोजगार के अवसर मिलेंगे, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि आगामी दिनों में केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से ऐसे रोजगार मेलों का आयोजन और अधिक प्रभावी रूप से किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'मेरे विश्वास के अनुसार, आने वाले समय में राज्य और केंद्र सरकार के साथ मिलकर हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे जिले के युवक-युवतियों को राज्य से बाहर नौकरी की तलाश में न जाना पड़े, बल्कि उन्हें यहीं पर बेहतर रोजगार मिल सके।

इस मेले में बिहार के विभिन्न हिस्सों से आई 24 से 25 कंपनियों ने अपनी-अपनी स्टॉल लगाई थी, जिनमें से कई कंपनियों ने अभ्यर्थियों का चयन भी किया। ये कंपनियां विभिन्न पदों पर उम्मीदवारों की भर्ती कर रही थीं। इस मेले में 10वीं कक्षा से लेकर स्नातक, स्नातकोत्तर, और तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं ने भाग लिया, जिनकी आयु 18 से 30 वर्ष के बीच थी। इसके अलावा, कई कंपनियों ने युवाओं को विशेष प्रशिक्षण देने का भी वादा किया। जिला नियोजनालय के पदाधिकारी दिनेश तिवारी ने बताया कि बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करना था। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला न केवल नौकरी दिलाने के लिए था, बल्कि इसे एक मंच के रूप में देखा जा सकता है, जहाँ युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमशीलता की दिशा में भी मार्गदर्शन दिया गया। तिवारी ने कहा कि स्वरोजगार को बढ़ावा देना और युवाओं को अपने कार्य क्षेत्र में सशक्त बनाना जरूरी है। इसके लिए उन्हें न केवल नौकरी, बल्कि अपने स्वयं के व्यवसाय शुरू करने के लिए भी प्रेरित किया जाना चाहिए। इस मेले में अभ्यर्थियों को आरसेटी, आत्मा, श्रम संसाधन विभाग और डीआरसीसी जैसी विभिन्न संस्थाओं की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। इन योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को अपने करियर को सही दिशा देने के लिए विभिन्न प्रकार की प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करना था।

अंत में, यह मेला सिर्फ एक नौकरी प्रदाता घटना नहीं बल्कि युवाओं के लिए एक प्रेरणा और मार्गदर्शन का माध्यम था। रोजगार के नए अवसरों के साथ-साथ, युवा उद्यमियों के लिए एक मंच तैयार करना भी इस मेले का प्रमुख उद्देश्य था। इस आयोजन से यह भी साबित हुआ कि औरंगाबाद जिले के युवा अब अपने राज्य में ही रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए तैयार हैं और यह मेला उनके भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

#### 30 श्रमिकों को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित

मेले के दौरान, 30 श्रमिकों को साइकिल वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इन श्रमिकों को विधान परिषद सदस्य दिलीप कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह साइकिल वितरण युवाओं को उनके कामकाजी जीवन में मदद करने के लिए एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम था।

# किसानों के लिए 60 प्रतिशत अनुदान पर ड्रोन योजना की शुरुआत, कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की उम्मीद



- योजना से कृषि कार्यों में तकनीकी बदलाव होगा, जिससे उत्पादन में वृद्धि और लागत में कमी आ सकती है, साथ ही बिहार को कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ेगा।

#### योजना का उद्देश्य

यह योजना खासतौर पर किसानों की मेहनत और समय को बचाने के लिए तैयार की गई है। किसानों को इससे न केवल उनकी कृषि कार्यों में सुविधा होगी, बल्कि वे ड्रोन के माध्यम से खेतों में कीटनाशक छिड़काव और अन्य आवश्यक कार्यों को भी अधिक तेजी से और कम समय में कर सकेंगे। इसके परिणामस्वरूप उनका समय और मेहनत तो बचेगा ही, साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से भी बेहतर लाभ की उम्मीद है।

#### कैसे होगा ड्रोन क्रय ?

ड्रोन खरीदने के लिए किसान को पहले शेष राशि का भुगतान करना होगा, जो अनुदान की राशि के अलावा होगी। इसके बाद अनुदान की राशि संबंधित विक्रेता या कंपनी के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी। यह सुनिश्चित करेगा कि किसानों को समय पर और सही राशि का भुगतान मिले, जिससे वे अपने कृषि कार्यों को बिना किसी रुकावट के जारी रख सकें।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद।

कृषि क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी उन्नति को बढ़ावा देने के लिए बिहार सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य के कृषि विभाग के पौधा संरक्षण सहायक निदेशक रॉकी रावत ने किसानों के लाभ के लिए एक नई योजना की घोषणा की है, जिसके तहत 60 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को ड्रोन उपलब्ध कराया जाएगा। यह पहल कृषि कार्यों को और अधिक प्रभावी, समयबद्ध और मुनाफे वाली बनाने के उद्देश्य से की जा रही है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत पौधा संरक्षण विभाग द्वारा किसानों को मानव रहित हवाई ड्रोन खरीदने के लिए 60 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाएगा। इस अनुदान की अधिकतम सीमा 3.65 लाख रुपये तय की गई है, जिससे किसानों को ड्रोन खरीदने में बड़ी राहत मिलेगी। ड्रोन के क्रय हेतु आवेदन कृषि विभाग के ओएफएमएएस पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से किए जा सकते हैं। लाभार्थियों का चयन जिला स्तरीय गठित कमिटी द्वारा अनुमंडलवार लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

इस योजना के तहत विभिन्न किसान, कृषि संस्थान, स्वयं सहायता समूह, कृषि यंत्र बैंक, कीटनाशक विक्रेता, किसान उत्पाद संगठन, निजी संस्थान, रजिस्टर्ड कंपनियां आदि आवेदन करने के योग्य होंगे। चयनित लाभार्थियों को ड्रोन पायलट प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, बिहार कृषि विश्वविद्यालय और अन्य मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण भारत सरकार द्वारा निर्धारित ड्रोन पायलट प्रशिक्षण मॉड्यूल के तहत दिया जाएगा, जिससे किसानों को ड्रोन संचालन में पूरी दक्षता हासिल हो सके।

इस योजना से न केवल किसानों को सीधे लाभ मिलेगा, बल्कि बिहार के कृषि क्षेत्र में तकनीकी बदलावों की शुरुआत भी होगी। ड्रोन के उपयोग से कृषि कार्यों को और अधिक सुव्यवस्थित और वैज्ञानिक तरीके से किया जा सकेगा, जिससे उत्पादन में वृद्धि हो सकती है और लागत में भी कमी आएगी। यह पहल कृषि क्षेत्र में एक नई दिशा दिखा सकती है और बिहार को कृषि के क्षेत्र में और भी आत्मनिर्भर बना सकती है। किसान इस योजना के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण औरंगाबाद कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। यह कार्यालय किसानों को इस योजना से जुड़ी हर जानकारी देने के लिए उपलब्ध रहेगा। बिहार सरकार की इस पहल को लेकर उम्मीद की जा रही है कि यह कृषि क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव लाएगा और किसानों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद करेगा।

# बाप-बेटी मिल कर रहे थे अवैध हथियार बेंचने का धंधा, पुलिस ने दबोचा

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)



बाप-बेटी मिलकर अवैध हथियार और कारतूस बेंचने का धंधा कर रहे थे। धंधा चल भी रहा था लेकिन पुलिस को इसकी भनक लग गई। भनक लगते ही पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की और बाप-बेटी को धर दबोंचा। बाप-बेटी अवैध हथियारों को शायद बेंच चुके थे या उन्हे पुलिस के आने की पहले से भनक हो गई होगी, इस कारण पुलिस को मौके से अवैध हथियार तो नही मिले लेकिन कुछ जिंदा कारतूस जरूर मिले है। मामला औरंगाबाद के ओबरा थाना के मायापुर का है। दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी(एसडीपीओ) कुमार ऋषिराज ने बताया कि अवैध हथियार और कारतूसों की तस्कर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए ओबरा पुलिस ने दो अवैध हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अवैध हथियार तस्करों में ओबरा थाना के मायापुर निवासी सुभाष यादव(55) एवं पिंकी देवी(27) शामिल है।

दोनों रिश्ते में बाप-बेटी है और दोनों ही मिलकर अवैध हथियारों की बिक्री का धंधा चलाते थे। दोनों के पास से पुलिस ने 03 जिंदा कारतूस बरामद किया है। उन्होंने बताया कि ओबरा थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि मायापुर के सुभाष यादव एवं उनकी पुत्री पिंकी देवी द्वारा लंबे समय से अवैध हथियार एवं गोली की बिक्री का धंधा किया जा रहा है। दोनों घर से अवैध हथियार और कारतूस की बिक्री कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस ने गुरुवार को मायापुर पहुंच कर सुभाष यादव के घर में छापेमारी की। इस दौरान पूरे घर की सघन तलाशी ली गई। तलाशी में घर से हथियार तो नही मिले लेकिन 03 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। मामले में पुलिस ने सुभाष यादव एंव उसकी पुत्री पिंकी देवी को गिरफ्तार कर ओबरा थाना लाया गया। थाना में पूछताछ के दौरान बाप-बेटी ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि उनके द्वारा अवैध हथियार और कारतूस की बिक्री का धंधा किया जाता रहा है। यह भी स्वीकार किया वें अपराधियों को अवैध हथियार और जिंदा कारतूसों की सप्लाई करते हैं। मामले में पुलिस ने भादंवि की सुसंगत धाराओं के तहत ओबरा थाना में प्राथमिकी संख्या-523/24 दर्ज की है। प्राथमिकी के बाद पुलिस ने गिरफ्तार बाप-बेटी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# ग्रामीण चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के लिए हुई बैठक



निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)

हसपुरा प्रखंड क्षेत्र में ग्रामीण चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को ग्रामीण चिकित्सा सेवा समन्वय समिति एवं जदयू चिकित्सा प्रकोष्ठ की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. सुनील कुमार ने की जबकि संचालन जदयू चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष सह अमझरशरीफ पंचायत के पूर्व मुखिया डॉ. जेएन कुमार उर्फ ललन पंडित ने किया। बैठक में बताया गया कि आगामी 22 दिसंबर को प्रखंड से चयनित 8 चिकित्सकों को पटना के बापू सभागार में एकदिवसीय प्रशिक्षण के लिए हर हाल में उस दिन सुबह के 9 बजे पहुंचना है। डॉ. जेएन कुमार ने यह भी बताया कि दूसरा बैच के लिए डाक्यूमेंट 22 दिसंबर के बाद हीं लिया जाएगा।

बैठक में प्रखंड कोषाध्यक्ष डॉ. केशव कुमार, रंजय कुमार, दुधेश्वर सिंह, दिनेश कुमार, लवकेश कुमार, धीरेंद्र कुमार, किशोरी मिस्त्री, पुनदेव पासवान, रिंकु कुमारी, श्याम कुमार, अंकित कुमार, अरूण कुमार, कामेश्वर महतो, अरविंद कुमार, श्रीकांत कुमार, प्रमोद कुमार, संजय कुमार, उपेंद्र कुमार, विजय कुमार, दिलीप कुमार सहित अन्य ग्रामीण चिकित्सक मौजूद रहे।

# दो बाइक की टक्कर में चार लोग घायल इलाज के लिए भेजा गया सदर अस्पताल



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद जिले अकौनी मोड़ के पास गुरुवार की सुबह दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को रफीगंज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। जहां से डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। घायल की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के उचौली गांव निवासी भोला पासवान के 30 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र पासवान, 18 वर्षीय पुत्री सुबी कुमारी, जितेंद्र पासवान के 17 वर्षीय पुत्र रवि कुमार एक दूसरे बाइक सवार घायल युवक के रूप में हुई है। घायल धर्मेंद्र पासवान के चचेरे भाई पंकज कुमार ने बताया कि धर्मेंद्र पासवान और उनकी बहन सुबी कुमारी को जयपुर जाना था। दोनों ट्रेन पकड़ने के लिए रफीगंज रेलवे स्टेशन जा रहे थे। जिसे रवि कुमार बाइक से छोड़ने जा रहे थे। सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें सभी लोग घायल हो गए। आगे बताया कि धर्मेंद्र पासवान अपने पूरे परिवार के साथ जयपुर में रहते हैं। वहां मजदूरी का काम करके परिवार का भरण पोषण करते हैं। धर्मेंद्र पासवान की दो बेटियों का नए साल 1 जनवरी को बालाजी मंदिर, मेहंदीपुर राजस्थान में मुंडन था। जिसके लिए वो औरंगाबाद अपनी बहन को ले जाने के लिए आये थे।

# केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक उत्सव का किया गया आयोजन



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

गुरूवार को केंद्रीय विद्यालय औरंगाबाद में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मैनेजिंग डायरेक्टर ऑफ आर एम डी कॉलेज अंकित राज और डॉ अमित मिश्रा शामिल हुए। प्राचार्य अशोक श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में विद्यालय की उपलब्धियां का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सभी कक्षाओं के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। छात्रों ने नटराज स्तुति पर शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय एवं पाश्चात्य नृत्य, संगीत राजस्थानी नृत्य कठपुतली एवं कालबेलिया नृत्य, मुख अभिनय कक्षा सप्तमी के द्वारा, पंजाबी लोक नृत्य, तमिल लोक नृत्य, संगीत में एकांकी, समूह नृत्य, युगलगीत, तमिल लोक नृत्य एवं मराठी लोक नृत्य आदि प्रस्तुतियां दी।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका पुतला

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** शहर के रमेश चौक पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह के नेतृत्व में शहर के समारणालय के पास स्थित कांग्रेस कार्यालय के पास दर्जनों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और गृह मंत्री अमित शाह व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध जमकर नारेबाजी करते हुए शहर के रमेश चौक पहुंचे। गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने जो आपत्तिजनक बयान दिया है। इसी को लेकर आक्रोश है। कहा कि गृह मंत्री अमित शाह को अंबेडकर के नाम लेने से क्या समस्या है। भीमराव अंबेडकर ने क्या गलत किया जो उनके नाम लेने से समस्या उत्पन्न होगी।

अमित शाह के निर्देशों के बाद नक्सल विरोधी अभियान तेज, पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# तीन शक्तिशाली प्रेशर आईईडी बम व मैगजीन लोडेड कारबाइन बरामद

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



गृहमंत्री अमित शाह द्वारा नक्सलियों के खात्मे के लिए 31 मार्च 2026 तक की समय सीमा निर्धारित किए जाने के बाद, बिहार के औरंगाबाद जिले में नक्सल विरोधी अभियान को और तेज कर दिया गया है। पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने एक्शन मोड में आकर नक्सलियों के खिलाफ सर्च और कांबिंग ऑपरेशन चलाए हैं। गुरुवार को औरंगाबाद पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली। पुलिस और केंद्रीय बलों ने नक्सलियों के एक बड़े मंसूबे को विफल करते हुए एक कारबाइन और तीन शक्तिशाली प्रेशर आईईडी बरामद किए। यह ऑपरेशन जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के छकरबंधा के जंगली इलाके में सहैया पहाड़ और करीबा डोभा के पास चलाया गया। बरामद की गई कारबाइन एक पूरी मैगजीन से लोड थी और इसे सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए रखा गया था। इसके अलावा, छकरबंधा के निकट बांसडीह से तीन बेहद शक्तिशाली प्रेशर आईईडी बम मिले, जिन्हें मौके पर ही सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया गया। इन बमों का वजन क्रमशः 03 किलो और 04-04 किलो था, और इनकी मारक क्षमता बहुत अधिक थी। इन बमों को नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए प्लांट किया था। एसडीपीओ अमित कुमार ने मदनपुर में प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि यह सफलता केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कोबरा-205 बटालियन के उप समादेष्टा धीरेंद्र पाठक और अपर पुलिस अधीक्षक अभियान दिवेश मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस और केंद्रीय बलों के संयुक्त अभियान में मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि नक्सलियों के मंसूबों को नाकाम करने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा, जिससे नक्सलियों का मनोबल गिर चुका है।

इस ऑपरेशन में सीआरपीएफ के पुलिस निरीक्षक कुलदीप, पुलिस अवर निरीक्षक विकास मीना, भरत सिंह, मदनपुर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक शिवराम हेम्ब्रम, बीडीडीसी से अक्षय कुमार और अन्य सशस्त्र बल भी शामिल थे।

# डीएवी दानी बिगहा में विज्ञान प्रदर्शनी और बाल मेला का भव्य आयोजन, बच्चों में दिखा उत्साह



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

गुरुवार को दानी बिगहा विद्यालय में विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, कला विज्ञान प्रदर्शनी और बाल मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, क्षेत्रीय निदेशक आशीष कुमार जना, विद्यालय की प्राचार्या अल्पना मिश्रा, और एलएमसी सदस्य बड़का बाबू और छोटका बाबू ने दीप प्रज्वलन करके किया।

प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला श्रम विभाग पदाधिकारी दिनेश तिवारी और अग्निशमन पदाधिकारी (डीएसपी) विनय कुमार ने किया। बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल जैसे मानव श्वसन तंत्र, हड़प्पा संस्कृति, ऐतिहासिक इमारतें, केदारनाथ मंदिर, मधुबनी पेंटिंग और मंडला पेंटिंग को अतिथियों ने सराहा। विद्यालय के नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के बच्चों ने बाल मेले में वेजिटेबल सेलर, फ्रूट सेलर, शेफ, एनिमल वर्ल्ड और विभिन्न प्रकार के घरों के मॉडल प्रस्तुत किए, जो अतिथियों और अभिभावकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बने। आगंतुकों ने इन प्रस्तुतियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने स्वागत गीत और नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में, शांता कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए इसे यादगार बताया।

# खेलो इंडिया के तहत रफीगंज के 20 पंचायतों में बनेंगे खेल परिसर, पीओ ने किया शिलान्यास

निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)



रफीगंज प्रखंड के 20 पंचायतों में खेल मैदान का निर्माण खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत किया जाएगा। इसी कड़ी में खेल पसिसरों के निर्माण के लिए संरचना का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी मिलन कुमार ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग(मनरेगा) के तहत बिहार के सभी पंचायतों मे खेल सुविधा के लिए लगभग 10 लाख रुपए की लागत से विभिन्न खेल संरचनाएं बनाई जा रही है। इसके तहत भदवा पंचायत के भदवा उच्च विद्यालय, भेटनिया, भदुकी कला पंचायत के रेंगनिया प्राथमिक विद्यालय खेल परिसर, केराप, चेवं, चौबड़ा, लोहरा, दुग्गुल, बघौरा, अरथूआ सहित 20 पंचायतों मे खेल परिसर निर्माण का शिलान्यास किया गया। पोगर, बलिगांव एवं ढोसिला पंचायत मे जमीन न मिलने के कारण अभी नही हुआ है। जमीन मिलने पर किया जाएगा, जिसमें वालीबॉल, बैडमिंटन, खो-खो, बास्केट बॉल, कबड्डी, हाई जंप, रनिंग जंप आदि का संरचनाए बनाई जाएगी। मुखिया बिंदेश्वर कुमार सिंह, प्रमिला देवी, नुसरत जहां, अरूण कुमार, गुड़िया देवी, इमरान ताहिर, अकंचन कुमारी, कलावती देवी, सेराज अंसारी, उप मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष ओम प्रकाश भारती उर्फ गुड्डू यादव ने कहा कि पंचायत के बच्चों को खेलने के लिए अब बाहर नही जाना पड़ेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी मिलन कुमार, कनीय अभियंता सुरेश कुमार, पीआरएस पुरंजय कुमार, रिषु सिंह, राजेश कुमार, धर्मेंद्र गिरी, धनंजय यादव, नागेंद्र सिंह, मोहन सिंह, जनार्दन चौधरी, श्याम सुंदर शर्मा, संजय गिरी, शंकर यादव, रविंद्र सिंह, दिनेश यादव, दिलीप, दीपक यादव, मुखिया प्रतिनिधि जैनूल अंसारी, रामसेवक राम, रामजन्म यादव, राजेश कुमार, निरज सहित अन्य लोग शामिल थे।

# दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित हुआ चिकित्सकीय जांच शिविर



निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)

बारुण प्रखंड के समावेशी शिक्षा संभाग के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारुण में 3 से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों के प्रमाणीकरण हेतु एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बारुण प्रखंड के अस्थि, श्रवण और दृष्टि बाधित बच्चों का चिकित्सकों द्वारा जांच कर प्रमाणीकरण किया गया। शिविर में कुल 79 बच्चों का नामांकन हुआ, जिनमें से 21 योग्य दिव्यांग बच्चों का प्रमाणीकरण किया गया। प्रमाणीकरण में अस्थि निःशक्त 06, श्रवण निःशक्त 09 और दृष्टि बाधित 06 बच्चों का प्रमाण पत्र जारी किया गया। इस शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ आनंद शरण और ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद कुमार भारतीय ने चिकित्सा जांच की। शिक्षा विभाग से सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी गंगाधर महतो, समावेशी शिक्षा के बीआरपी लाल बहादुर, संसाधन शिक्षक श्याम बाबू, राकेश कुमार, विजय कुमार सिंह, कल्पना शर्मा, वरीय भौतिक चिकित्सक मोहन राम, ऑडियोलॉजिस्ट ज्ञानेंद्र कुमार, ज्ञान केयर गिवर धनंजय सिंह आदि उपस्थित रहे।